खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
देहरादून, रविवार 21 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 134 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 17⁰C
न्यूनतम: 07⁰C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चाहे कालीन भैया हो या कोडीन भैया, सबके खिलाफ चलना चाहिए बुलडोजर: अखिलेश पेज 2



गिल को नहीं मिली टी-20 विश्वकप टीम में जगह खेल टाइम्स



तोशाखाना केस: इमरान खान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा पेज 11



जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के मामले में 7 गिरफ्तार

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अधिकारियों ने 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में 7 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अंतरिम सरकार ने शनिवार को मैमनसिंह शहर में गुरुवार को हुई इस घटना की त्वरित और गहन जांच के बाद इन गिरफ्तारियों की घोषणा की। इस घटना ने बांग्लादेश में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है। श्री दास पर ईशनिंदा के आरोपों को लेकर भीड़ ने बेरहमी से हमला किया। वहां हिंसा भड़क उठी और भीड़ ने उस शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शरीर को जला दिया गया। इस घटना ने इस क्षेत्र में गहरी जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक तनाव को उजागर किया है।

### दिल्ली में एक्यूआई 535 के स्तर पर पहुंचा, ग्रैप-4 लागू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जहरीले धुएं की परत छाने से शनिवार को व एक्यूआई 535 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत सभी कार्रवाइयां लागू की गई हैं। राजधानी की वायु गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गई हैं जहां एक्यूआई 535 रिकॉर्ड किया गया है। यह अत्यंत खतरनाक श्रेणी को दर्शाता है और एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थिति का संकेत देता है।

### दिल्ली में कोहरे के कारण 125 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर तथा पूर्वी भारत के कई हिस्सों में कोहरे के कारण यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गई। सुबह 10 बजे तक प्रस्थान करने वाली 63 और यहां उतरने वाली 66 उड़ानें रद्द कर दी गई।

# आरएसएस के लिए सच्चाई नहीं, शक्ति जरूरी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत की आलोचना की।

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं है, शक्ति महत्वपूर्ण है। यही उनमें और हममें अंतर है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी पूरी संस्कृति सत्य पर आधारित है। आप किसी भी धर्म को देख लें, मूल रूप से वे यही कहते हैं कि सत्य का पालन करो। कांग्रेस, महात्मा गांधी और आप सभी, हम भारत के सत्य की रक्षा करते हैं। आरएसएस ऐसा नहीं करती। बता दें कि राहुल गांधी 5 दिन के जर्मनी दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम कनेक्टिंग कल्चर्स में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने जर्मन थिंक-टैंक में शामिल नेताओं के साथ बातचीत की और हर्टी स्कूल में भी स्पीच दी। राहुल गांधी ने जर्मनी के हर्टी स्कूल में अपने संबोधन में तेजी से बदलते वैश्विक माहौल के बीच भारत की दिशा पर अपनी बात रखी।

**कांग्रेस सांसद जर्मनी में बोले: उनके प्रमुख यह खुले तौर पर कह रहे, यही उनमें और कांग्रेस में अंतर**



### राहुल गांधी विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विदेशों में भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया। भाजपा का दावा है कि राहुल गांधी विदेश दौरों के दौरान भारत-विरोधी ताकतों से मुलाकात करते हैं। साथ ही राष्ट्रीय हितों के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहते हैं। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए के भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी अक्सर संसद सत्र के दौरान विदेश यात्राओं पर चले जाते हैं। उदाहरण के तौर पर राहुल के हालिया जर्मनी दौरे का जिक्र किया। भाटिया ने कहा किनेता प्रतिपक्ष की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि जब संसद सत्र चले तब वह सदन में मौजूद रहे, लेकिन राहुल विदेश चले गए।

### सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**नई दिल्ली।** विशेष एनआईए अदालत ने हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह गैर-जमानती वारंट 2012 के एक आतंकी मामले में जारी किया गया है, जो पुलिस स्टेशन बड़गाम में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम व धारा 506 आरपीसी के तहत दर्ज किया गया था।

# मोदी का ममता पर तीखा हमला

## कहा: टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए SIR का कर रही विरोध

**कोलकाता, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का हेलीकॉप्टर शनिवार को कुहासे की वजह से ताहेरपुर में नहीं उतर पाया। उसके बाद पीएम मोदी ने मोबाइल से सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में टीएमसी और ममता बनर्जी की सरकार पर हमला बोला।

उन्होंने राज्य की जनता से बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बार बीजेपी को मौका दें। उन्होंने कहा कि टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए एसआईआर का विरोध कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने बिहार ने विकास के लिए एनडीए सरकार को प्रचंड विजय दिलाई है। गंगाजी बिहार से बहते हुए बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा का विजय का रास्ता बना दिया है। बिहार ने जंगलराज को एक स्वर से नकार दिया है। 20 साल बाद भाजपा-एनडीए को पहले से अधिक सीटें दी हैं। पश्चिम बंगाल में महाजंगल राज चल रहा है। उससे हमें मुक्ति चाहिए। पश्चिम बंगाल का बच्चा-बच्चा कह रहा है। पश्चिम बंगाल का हर गांव, शहर, हर गली और मोहल्ला कर रहा है। बाचते चाई, बीजेपी ताई। उन्होंने कहा कि यहां ऐसी सरकार है, जो कमीशन में लगी रहती है। विकास से जुड़े हजारों रुपये के प्रोजेक्ट लटके पड़े हैं। उन्होंने कहा कि मोदी का विरोध करें, लेकिन जनता के सपनों को चूर-चूर करने का पाप नहीं करें। राज्य के प्रबुद्ध जनता से अपील कर रहा हूं कि यहां बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाकर देखें। उन्होंने कहा कि गोबैक के नारे लगाने वाले घुसपैठिए के लिए चुप हो जाते हैं। वे गोबैक मोदी के नारे लगाते हैं। यही टीएमसी का असली चेहरा है। टीएमसी घुसपैठिए को बचाने के लिए बंगाल में एसआईआर का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं सर्वप्रथम क्षमा प्रार्थी हूं कि खराब मौसम की वजह से मेरा हेलीकॉप्टर नहीं उतर पाया। कुहासे की वजह से कुछ भाजपा कार्यकर्ता रेल हादसा के -शेष पृष्ठ दो पर

**पीएम ने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग का किया उद्घाटन**



### अगस्ता वेस्टलैंड केस: कोर्ट ने दिया मिशेल की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेस्म को हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ने खुशी जाहिर की और कहा कि भारत में कुछ अच्छे जज हैं। मैं कोर्ट के आदेशों से संतुष्ट हूं। भारत का संविधान बहुत अच्छा है। हालांकि, क्रिश्चियन मिशेल जेम्स अभी भी सीबीआई केस में हिरासत में रहेंगे।

# नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: ये उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं, बल्कि उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है।

पासपोर्ट रिन्यू करते समय पासपोर्ट अथॉरिटी किसी व्यक्ति की भविष्य की यात्रा का शेड्यूल या वीजा की जानकारी नहीं मांग सकती। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि पासपोर्ट अधिकारी का काम सिर्फ यह देखना है कि आपराधिक मामला पेंडिंग होने के बावजूद संबंधित अदालत ने यात्रा की संभावना खुली रखी है या नहीं। अगर अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू कराने की परमिशन दी है, तो पासपोर्ट जारी किया जाना चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कोयला घोटाले से जुड़े मामले में महेश कुमार अग्रवाल नाम के व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई हुई। महेश का पासपोर्ट साल 2023 में एक्सपायर हो चुका है। रांची की एनआई कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट ने उनके पासपोर्ट रिन्यू कराने पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी।



**शीर्ष अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया**

# मनरेगा के लिए लड़ी थी और अब इसे खत्म करने के खिलाफ भी लड़ूंगी: सोनिया गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा की जगह नया कानून लाकर उसने गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार 11 साल से इस कानून को कमजोर करने का लगातार प्रयास करती रही है और अब उसने गरीबों के रोजगार के लिए बने इस कानून को ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गरीबों को यह अधिकार दिलाने के लिए लड़ी थीं और अब इसे खत्म कर गरीबों का अधिकार छीनने के खिलाफ भी लड़ेंगी। श्रीमती गांधी ने शनिवार को यहां एक वीडियो संदेश में कहा कि मुझे आज भी याद है, -शेष पृष्ठ दो पर



**मोदी सरकार ने नया कानून लाकर गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है**

### जी राम जी विधेयक का लक्ष्य इसे नए रूप में मजबूत बनाना है: मोदी

**नई दिल्ली।** विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर विपक्ष के कड़े विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस विधेयक का लक्ष्य सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं है, बल्कि इसे नए सिरे से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि विधेयक का लक्ष्य रोज़गार गारंटी बढाना, स्थानीय योजना को शामिल करना, मज़दूरों की सुरक्षा और खेती की उत्पादकता के बीच संतुलन बनाना और ग्रामीण आजीविका व्यवस्था को बदलना है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.) M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार लाएगी ईवी नीति

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी को स्वच्छ बनाने और प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति लेकर आयेगी। डॉ. पंकज ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली में स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए हम जनहित में इलेक्ट्रिक वाहन नीति ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार बनी तब परिवहन विभाग में मात्र 300 ईवी बसें थीं जबकि आज यह संख्या बढ़कर 3,518 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले साल मार्च तक इसे 5,000 तक पहुंचा देंगे। पिछले साल के 80 हज़ार की तुलना में इस साल ईवी वाहनों का पंजीकरण एक लाख का आंकड़ा पार कर चुका है।

### मोदी-शाह ने दी एसएसबी को स्थापना दिवस पर बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के प्रमुख केन्द्रीय पुलिस बल सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के स्थापना दिवस पर उसके सभी जवानों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है और कर्तव्य की उनकी भावना राष्ट्र की सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण भूभागों से लेकर अभियानों की कठिन परिस्थितियों तक एसएसबी हमेशा सतर्क रहती है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैं सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर इस बल से जुड़े सभी कार्मिकों को हार्दिक बधाई देता हूं। एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नगीना(बिजनौर) के सांसद चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण के खिलाफ नगीना अदालत में विचाराधीन याचिका को स्थगित कर दिया है।

सांसद के विद्वान वकील चौधरी दिलनिसार ने नगीना अदालत में लंबित याचिका संख्या 404/2021 राज्य बनाम चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जो भारतीय दंड संहिता संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 146/2019 में वास्ते विचारण लंबित था और इस मामले को समाप्त करने की गुहार लगाई थी।

हाईकोर्ट में एक याचिका संख्या 44704/2025 दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार के लगाए आरोपों के खिलाफ स्वीकार करते हुए निचली अदालत की कार्यवाही को स्थगित कर दिया और कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा दिया गया रिलीफ विधिसम्मत है। हाईकोर्ट के इस फैसले से सांसद ने राहत महसूस की है और भविष्य में न्याय की उम्मीद जाहिर की है। सांसद चंद्रशेखर ने अपने अधिवक्ता दिल निसार को




**सरकार के खिलाफ नगीना अदालत में चल रहे मामले पर दिया स्टे**

मुबारकवाद दी। चौधरी दिल निसार अहमद एडवोकेट सहारनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी जॉनिसार अहमद के पुत्र हैं।

# महिलाओं के शिक्षित होने से समाज बदला: राज्यपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** केजीएमयू के 21वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि पहले समाज में महिलाएं बहुत पीछे थीं, पढ़ने की इच्छा होने के बावजूद उन्हें पढ़ने नहीं दिया जाता था। अब महिलाओं को मौका मिला है, मैंने देखा है कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में लगभग 80 प्रतिशत अवार्ड महिलाएं अपने नाम दर्ज करती हैं। समाज में बहुत बदलाव आया है।

इस दौरान कुल 2431 स्टूडेंट्स को ऑनलाइन डिग्री प्रदान की गई। 81 मेधावियों को मेडल और अवॉर्ड्स देकर सम्मानित किया गया। इनमें कुल 48 छात्राएं और 33 छात्र शामिल रहे। समारोह में 100 स्टूडेंट्स को



**केजीएमयू के 21 वें दीक्षांत समारोह में 2431 छात्रों को डिग्रियां वितरित**

गोल्ड मेडल, 7 को सिल्वर, 2 को बुक प्राइज, 3 को कैश प्राइज और 7 को सर्टिफिकेट आफ ऑनर दिया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और यूपी भाजपा के अध्यक्ष पंकज चौधरी भी शामिल हुए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। कुलपति प्रो. डा. सोनिया नित्यानंद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा को व्यवसाय नहीं सेवा समझें, सेवाभाव से ही जरूरतमंद की मदद करना है। यहां से पास होकर निकला बड़ी उपलब्धि है। आपको मानवीय संवेदना के साथ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और सेवाभाव से पूरी करनी है। आप सभी छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं।

### डाक्टर असंभव को संभव कर देते हैं: नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज के समय में बच्चे को अच्छी परवरिश देना माता-पिता के लिए तपस्या होती है। आप सबने अपने हुनर, तपस्या और लगन से असंभव को संभव किया है। एक रोगी को स्वस्थ बनाना चिकित्सक के ऊपर होता है, इसीलिए कहा जाता है कि चिकित्सक असंभव को भी संभव कर देते हैं। उन्होंने कहा कि केजीएमयू ने सिर्फ देश की सेवा नहीं की, बल्कि पूरी दुनिया की सेवा की है। यहां कॉर्निया ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांस्प्लांट, नी ट्रांस्प्लांट और अब बोनमैरो ट्रांस्प्लांट भी होता है। आपके उत्कृष्ट रिजल्ट के लिए आप सभी को ढेरों बधाई, यह स्वर्णिम क्षण है। नड्डा ने कहा कि 1950 के दशक में एक कांसेप्ट के तहत नेशनल मेडिकल काउंसिल खोला गया।

### जनता दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दो टूक

# कबूतरबाजों पर सख्त कार्वाई करें अधिकारी

**गोरखपुर, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाए। ऐसे एजेंटों से पीड़ितों का पूरा पैसा भी वापस कराया जाए। उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने वालों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए।

योगी ने यह निर्देश शनिवार सुबह आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है,



**धोखाधड़ी करने वालों से पीड़ित का पैसा भी वापस कराकर इंसाफ दिलाएं**

हर समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जाएगा। सीएम योगी ने जनता दर्शन में आई एक महिला ने परिवार के एक सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा ठगी किए जाने के मामले पर मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ सख्त कार्वाई करने और पीड़ित का पैसा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी समझाते हुए कहा विदेश जाने के नाम पर एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से जाने पर लोगों को वहां जेल में रहना पड़ जाता है। जनता दर्शन में आए पुलिस से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्वाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई, तो संबंधित के खिलाफ कार्वाई भी तय है।

मुख्यमंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवे. काधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलारकर सीएम योगी ने उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

### अखिलेश किसी को बचा नहीं पाएंगे: मौर्य

**लखनऊ।** यूपी के कफ सिरप कोडीन मामले पर बीजेपी एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज ने बीते दिन सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ कफ सिरप मामले के आरोपी आलोक सिंह की फोटो पोस्ट की थी, जिसके बाद से ही कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं । पूरे मामले सीएम योगी ने जांच के आदेश दिए हैं, वहीं अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने भी अखिलेश पर हमला बोला है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी और माफिया एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते हैं। कोडीन कफ सिरप के पीछे जो भी दोषी होगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में पुलिस और ईडी की जांच चल रही है, अखिलेश यादव किसी को नहीं बचा सकते हैं। कफ सिरप मामले में बीजेपी लगातार समाजवादी पार्टी पर हमलावर है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरोपियों की तस्वीरें कई नेताओं के साथ सामने आ चुकी हैं। इस मामले में लगातार एक्शन भी लिया जा रहा है।

# हिजाब मामला: सीएम नीतीश को पश्चाताप करना चाहिए: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का डाक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरण के सार्वजनिक कार्यक्रम में एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब खींचने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब बीएसपी सुप्रीमो मायावती की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विवाद को खत्म करने और पश्चाताप करने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि खासकर मंत्रियों आदि की बयानबाजी के कारण, विवाद का रूप लेकर यह लगातार तूल पकड़ता ही जा रहा है, जो दुखद व दुभाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह मामला पहली नजर में ही महिला सुरक्षा व सम्मान से जुड़ा होने के कारण माननीय मुख्यमंत्री के सीधे हस्तक्षेप से अब तक सुलझ जाना चाहिये था। मायावती ने कहा कि खासकर तब जब कई जगहों पर ऐसी अन्य वारदातें भी सुनने को मिल रही हैं। अच्छा होगा कि



**विधानसभा सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के विवाद के बीच उलझा**

मुख्यमंत्री इस घटना को सही परिप्रेक्ष्य में देखते हुए इसके लिए पश्चाताप कर लें और कड़वा होते जा रहे इस विवाद को यहीं पर खत्म करने का प्रयास करें। बसपा सुप्रीमो ने उत्तर प्रदेश के बहराइच जिला पुलिस की तरफ से एक कथावाचक को सलामी दिए जाने पर उन्होंने कहा कि पुलिस परेड में स्थापित परम्परा और नियमों से हटकर एक कथावाचक को सलामी देने का मामला भी काफी बड़े विवाद में है, इसको लेकर सरकार कठघरे में है।



**सेंसेक्स** 85213.36
**निफ्टी** 26027.30



**सोना रु.** 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 192222
प्रति किलो



# सम्भल में चार हैवानों को उम्रकैद

### मासूम बेटी के सामने मां के साथ की थी दरिंदगी, शव जलाया था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** यूपी के सम्भल जिले की अदालत ने चार हैवानों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन्होंने 7 साल पहले एक मासूम बच्ची के सामने उसकी मां के साथ गैंगरेप किया था। वारदात के बाद महिला के शव को हवन कुंड में डालकर जला दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे बहुत ही शर्मनाक और अमानवीय बताते हुए चारों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इन सभी दोषियों पर 1 लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला सम्भल के रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 25 साल की विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। उसके

**सात साल बाद बेटी को मिला इंसाफ**

पति दिल्ली में मजदूरी करते थे। पुलिस ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि 13 जुलाई 2018 की रात महावीर, कुंवरपाल, जयवीर और एक नाबालिग लड़के ने महिला के घर में जबरन घुसकर गैंगरेप किया। इस दौरान इस महिला की 7 साल की बच्ची चीखती-चिल्लाती रह गई।

जब दोषियों ने महिला को हवनकुंड में डाल दिया, तो बच्ची बेहोश हो गई थी। कुछ देर बाद बच्ची को होश आया, तो उसने अपने ममेरे भाई को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे ममेरे भाई ने बच्ची के साथ थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही उसके कपड़ों पर गिरे सीमन की डीएनए जांच कराई। इससे आरोपियों की पहचान होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने इस मामले में सभी जरूरी साक्ष्य एंव गवाहों को जुटाकर मजबूत चार्जशीट तैयार की थी। अदालत में मामले की सुनवाई 7 साल तक चली। इस दौरान विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अवधेश कुमार की कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर 1 लाख 12 जुर्माना भी लगाया है, हालांकि मृतका के परिजनों ने कोर्ट में सभी दोषियों के लिए फांसी की मांग की थी। कोर्ट ने अपने फैसले में जुर्माने की रकम में से 2 लाख रुपए पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया है।

# शांति विधेयक में जल्दबाजी परमाणु दायित्व पर अमेरिकी दबाव का परिणाम: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र में परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने वाले शांति विधेयक को पारित करने को परमाणु दायित्व से संबंधित नियमों पर अमेरिकी दबाव से जुड़ा करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम के एक हिस्से में भारत का जिक्र है जिसमें परमाणु दायित्व नियमों पर अमेरिका और भारत के बीच संयुक्त मूल्यांकन का उल्लेख किया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शांति विधेयक को लेकर सरकार की जल्दबाजी समझ आ गई है कि यह शांति विधेयक वास्तव में 'ट्रम्प विधेयक' है जिसमें रिएक्टर उपयोग और प्रबंधन वादा अधिनियम है, इस कानून का उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करना है। उनका कहना था कि संसद में इसी सप्ताह पारित शांति विधेयक, परमाणु क्षति में नागरिक दायित्व अधिनियम 2010 के प्रमुख प्रावधानों को कमजोर करता है, जिससे सुरक्षा और दायित्व पर चिंताएं पैदा होती हैं। विपक्षी दलों ने विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि इस विधेयक प्रावधान सुरक्षा से समझौता करने वाले हैं और निजी कंपनियों को लाभ पहुंच. ाने वाला है। उनका कहना था कि खासकर छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के लिए इस विधेयक के प्रावधान यही कहते हैं।

# चावल, चीनी और दालों में रही नरमी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए, जबकि गेहूं की कीमत स्थिर रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 40 रुपये घटकर 3,827 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,858 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर लगभग स्थिर रहा। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल औसतन 93 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 73 रुपये और चना दाल की 57 रुपये घट गई। मूंग दाल में 45 रुपये और उड़द दाल में 38 रुपये प्रति



क्विंटल की गिरावट रही। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 41 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत में तीन रुपये की वृद्धि हुई। सरसों तेल के दाम लगभग स्थिर रहे। मूंगफली तेल 75 रुपये और वनस्पति 43 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन : दाल चना 7778.81 रुपये, मसूर काली 8098.20 रुपये, मूंग दाल 10077.20 रुपये, उड़द दाल 10331.02 रुपये, तुअर दाल 10474.97 रुपये प्रति क्विंटल । अनाज : गेहूं दड़ा 2858.33 रुपये और चावल 3826.69 रुपये प्रति क्विंटल । आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल । चीनी.गुड़ : चीनी एस 4318.80 रुपये और गुड़ 4999.87 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17648.52 रुपये, मूंगफली तेल 17687.78 रुपये, सूरजमुखी तेल 15790.00 रुपये, सोया तेल 13770.86 रुपये, पाम ऑयल 12486.45 रुपये और वनस्पति 14454.29 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मोदी का...** शिकार हुए हैं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। जो घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की वह कामना करते हैं। हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि नादिया वो भूमि है, जहां करुणा और भक्ति के स्वरूप चैतन्य प्रभु प्रकट हुए। पश्चिम बंगाल की यह भूमि बंकिम बाबू की भूमि है। ऋषि बंकिम ने वंदेमातरम के जरिये नई चेतना प्रकट की। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की लक्ष्य की प्राप्ति में केंद्र सरकार हर देशवासी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। सरकार ऐसी नीति बना रही है कि हर भाई-बहनों का सामर्थ्य बढ़े। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को दो बड़े हाई-वे प्रोजेक्ट मिले हैं। इससे इस क्षेत्र की कोलकाता और सिलीगुड़ी की कनेक्टिविटी बेहतर होने वाली है। मउन्होंने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे।

**मनरेगा के लिए...** 20 साल पहले डा. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अति गरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिये महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू से ही इस योजना को महत्व नहीं दे रही है और पिछले 11 साल में उसने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की जबकि कोविड के वक्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। अफसोस इस बात का है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। इस योजना से न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरूप भी बिना विचार-विमर्श, बिना किसी से सलाह-मशवरा और विपक्ष को विश्वास में लिए बिना मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। बीस साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे जैसे कांग्रेस के सभी नेता और लाखों कार्यकर्ता आपके साथ खड़े हैं।

# यूपी के 21 जिलों में कोहरे और ठंड का रेड अलर्ट, बढ़ेगी सर्दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्य कड़ाके की ठंड का कहर झेल रहे हैं, लोग ठंड से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपाय अपना रहे हैं। इसी बीच मौसम विभाग की तरफ से उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में घने कोहरे और ठंड को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी से साफ जाहिर है कि आने वाले दिनों अभी और कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। प्रदेश के 21 जिलों में जबरदस्त ठंड की चेतावनी जारी की गई है। वहीं कोहरे से कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, आजमगढ़, बहराइच, श्रावस्ती, कानपुर देहात के अलावा फतेहपुर, कौशांबी और प्रयागराज में घना कोहरा होने की चेतावनी है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अगले पांच दिनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और कहीं- कहीं हल्के से मध्यम कोहरा होने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी और पश्चिमी यूपी के कुछ स्थानों घना से अत्यंत घना कोहरा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2 दिन तक अधिकतम तापमान राज्य में दिन के समय में बड़े उतार-चढ़ाव की संभावना है और अधिकतम तापमान, सामान्य तापमान से नीचे रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में अगले 4-5 दिनों में धीरे-धीरे लगभग 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

### प्रयागराज में अतीक की कुर्क जमीन को बेचने के प्रयास में भूमाफिया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज मे गैंगस्टर की धारा में कुर्क की गई माफिया अतीक अहमद घे घ्मीन को भूमाफिया प्लाटिंग कर बेचने की फिराक में है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि माफिया अतीक अहमद डी अपराध से अर्जित घ्मीनो घे गैंगस्टर डी धारा मे कुर्क किया गया था। अब भू माफिया उसी घे बेचने से भी पीछे नही हट रहें। एयरपोर्ट इलाके के सिलना भिटी मे गैंगस्टर मे कुर्क करोघें घे घ्मीन पर अब न तो कुर्की का बोर्ड हैं और न ही कोई ऐसी पहचान कि जिससे पता चले घ्रि ये घ्मीन कुर्क की गई हैं। मामला घ्ब सुर्खियों मे आया तो पुलिस ने खुद वादी बन अंचला इंघ्र टेक कम्पनी के डायरेक्टर केशव सिंह और बेली निवासी खुशनुमा के खिलाफ एयरपोर्ट थाने मे शुक्रवार की देर शाम मुकदमा दर्ज कराया हैं। एफआईआर मे साफ साफ लिखा हैं कि लाभ कमाने के लिए इन लोगो नें कुर्क घ्मीन पर प्लाटिंग कर डाली, खास बात यह है कि केशव सिंह अतीक अहमद का करीबी हैं,और कुर्क घ्मीन के इस खेल मे अतीक से जुघे कई और लोग भी शामिल हैं।

### हिजाब विवाद: देश में मुसलमान होना गुनाह: सपा

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के मुस्लिम महिला का हिजाब हटाने की कड़ी निंदा की और कहा है कि सीएम ने महिला के साथ जो किया है, वो बेहद गलत है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा नेता ने कहा कि देश में मुसलमान होना गुनाह है, देश में अब मुस्लिम बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है, उन्हें गद्दार बोला जा रहा है, देश से निकालने के लिए बोल रहे हैं। नेता ने कहा कि उन्होंने कभी ये नहीं कहा कि खान मेयर बने, बल्कि ये कहा कि एक अच्छा इंसान मेयर होना चाहिए। अबू आजमी ने कहा कि संसद में भी ईशनिंदा बिल लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो इसके लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से बात करेंगे।

## सीएम धामी के विजन से बदली उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा की तस्वीर

# चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धियों का वर्ष रहा वर्ष 2025

**■ मानव संसाधन से लेकर सुपर स्पेशियलिटी तक चिकित्सा शिक्षा में हुई ऐतिहासिक प्रगति, भविष्य की योजनाएं 2026 : आत्मनिर्भर स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ते कदम**





**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी दिशा-निर्देशों और चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के सतत मार्गदर्शन में उत्तराखंड का चिकित्सा शिक्षा विभाग तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।

सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना, साथ ही युवाओं को उच्चस्तरीय चिकित्सा शिक्षा के अवसर देना। इस लक्ष्य को धरातल पर उतारने में चिकित्सा शिक्षा सचिव डॉ आर राजेश कुमार की प्रभावी प्रशासनिक भूमिका निर्णायक साबित हो रही है। वर्ष 2025 चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए उपलब्धियों का वर्ष रहा है।

मानव संसाधन की कमी को दूर करने, मेडिकल व नर्सिंग कॉलेजों को सशक्त बनाने, सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार करने और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों को अपनाने की दिशा में विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। ये प्रयास न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए भी मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं।

### चिकित्सा शिक्षा की रीढ़ को मिली मजबूती

चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता सीधे तौर पर उपलब्ध मानव संसाधन से जुड़ी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025 में राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में नियुक्तियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इस वर्ष राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 07 स्थायी प्राचार्यों की नियुक्ति की गई, जिससे लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक अस्थिरता समाप्त हुई। प्राचार्यों की स्थायी नियुक्ति से नीतिगत निर्णयों में तेजी और अकादमिक वातावरण में स्थिरता आई है। संकाय सदस्यों की कमी को दूर करने के लिए 18 प्रोफेसर और 36 एसोसिएट प्रोफेसर की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही 439 असिस्टेंट प्रोफेसर के सापेक्ष 142 असिस्टेंट प्रोफेसर का चयन पूर्ण किया गया है। यह कदम मेडिकल छात्रों के लिए बेहतर शिक्षक-छात्र अनुपात सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### नर्सिंग सेवाओं को सशक्त बनाने पर विशेष फोकस

स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली नर्सिंग सेवाओं को मजबूत करने के लिए भी सरकार ने बड़े कदम उठाए। वर्ष 2025 में 1248 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इससे न केवल अस्पतालों में कार्यभार संतुलित हुआ, बल्कि रोगियों को बेहतर देखभाल भी सुनिश्चित हुई। इसके अतिरिक्त 14 सीएसएसडी/ओटी टेक्नीशियन और 73 फार्मासिस्ट के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया गतिमान है। इन नियुक्तियों से ऑपरेशन थिएटर, दवा वितरण और संक्रमण नियंत्रण जैसी सेवाओं में सुधार देखने को मिल रहा है।

### नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षा का विस्तार

राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में वर्ष 2025 में मानव संसाधन और शैक्षणिक ढांचे दोनों को मजबूत किया गया। एक प्रोफेसर, छह एसोसिएट प्रोफेसर और 26 नर्सिंग ट्यूटर की नियुक्ति पूरी की गई। इसके साथ ही विभाग ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई नए पदों का सृजन किया, जिनमें उप प्राचार्य, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और ट्यूटर शामिल हैं। चमोली, पौड़ी, अल्मोड़ा और हल्द्वानी नर्सिंग कॉलेजों में एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम की शुरुआत से राज्य में उच्च शिक्षा प्राप्त नर्सिंग पेशेवरों की उपलब्धता बढ़ेगी, जिसका सीधा लाभ स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा।

### मेडिकल कॉलेजों को मिला आधुनिक स्वरूप

वर्ष 2025 में अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में भी चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून में 750 सीटों और राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में 1000 सीटों की क्षमता वाले आधुनिक ऑडिटोरियम का लोकार्पण किया गया। ये ऑडिटोरियम शैक्षणिक कार्यक्रमों, सेमिनार और राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों के लिए उपयोगी साबित होंगे। दून चिकित्सालय में 04 नए इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर शुरू किए गए, जिससे आपातकालीन सर्जरी सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार

विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देहरादून और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी विभाग स्थापित किए गए हैं। इन विभागों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों को आकर्षित करने के लिए वेतनमान में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। प्रोफेसर को ₹5 लाख, एसोसिएट प्रोफेसर को ₹3 लाख और असिस्टेंट प्रोफेसर को ₹2 लाख प्रतिमाह। संविदा पर कार्यरत फैकल्टी के वेतन में भी वृद्धि की गई है, जिससे अनुभवी चिकित्सकों की राज्य में निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर करने की पहल

राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए पीजी सीटों में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। वर्ष 2025 में कुल 68 पीजी सीटों की वृद्धि हुई है। इनमें अल्मोड़ा में 35, हल्द्वानी में 13, देहरादून में 10 और श्रीनगर में 10 सीटें शामिल हैं। इस कदम से आने वाले वर्षों में राज्य को अधिक संख्या में प्रशिक्षित विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होंगे।

## सीएम की फटकार का असर, दून के थानों में अब हर रविवार होगा श्रमदान

**■ एसएसपी का निर्देश-थाना परिसर और बैरक रखें चकाचक, लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

**इमरान चौधरी**

**देहरादून।** राजधानी के डालनवाला थाने में मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं और गंदगी ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद अब पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में है। एसएसपी अजय सिंह ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि थाना और चौकी परिसरों में उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### रविवार को वर्दी के साथ झाड़ू भी उठाएंगे पुलिसकर्मी

एसएसपी ने एक अनूठी पहल करते हुए निर्देश दिया है कि अब प्रत्येक रविवार को जिले के सभी थानों में पुलिसकर्मी रोटेशन के आधार पर 1 घंटे का श्रमदान करेंगे। इस दौरान थाने के कार्यालय, बैरक और मैस (भोजनशाला) की सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जाएगा। इसी कड़ी में डालनवाला थाने में पुलिसकर्मियों ने खुद सफाई अभियान चलाकर पूरे परिसर को चमकाया।

### निरीक्षण के घेरे में रहेंगे थाने

मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण से सबक लेते हुए एसएसपी देहरादून ने सभी पुलिस अधीक्षकों और क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने सर्किल के थानों का आकस्मिक निरीक्षण करें। साथ ही, लंबित अर्द्धवार्षिक निरीक्षणों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के आदेश दिए गए हैं।

### ऑनलाइन शिकायतों पर भी कड़ा रुख

केवल सफाई ही नहीं, बल्कि फाइलों के रखरखाव पर भी एसएसपी का चाबुक चला है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि थानों के सभी अभिलेख नियमित रूप से अपडेट किए जाएं।सीएम हेल्पलाइन और ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर हो।जनता की समस्याओं को हल करने में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।थाना केवल एक सरकारी दफ्तर नहीं, बल्कि जनता की सेवा का केंद्र है। यहाँ की व्यवस्थाएं और सफाई पुलिस की कार्यप्रणाली का दर्पण हैं। निर्देशों का पालन न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एसएसपी ने कोतवाली -चौकियों में सफाई रखने के दिए निर्देश

**■ प्रत्येक रविवार पुलिस कर्मी थाने में यथासम्भव रोटेशन वार 01 घंटा करें श्रमदान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून** मुख्यमंत्री द्वारा कोतवाली डालनवाला के किये गये औचक निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की गई थी, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अजय सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को थाना-चौकी परिसरों में उच्च कोटी की साफ सफाई व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिये गये तथा यथा सम्भवत: प्रत्येक रविवार पुलिसकर्मियों को रोटेशनवार थाना-चौकी में 01 घंटे श्रमदान करने एंव थाना परिसर, बैरक व मैस की साफ-सफाई व्यवस्था चाक चौबंद करने के निर्देश दिये गयेस

एसएसपी अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारी को अपने अपने थानों में मौजूद अभिलेखो को नियमित रूप से अद्यावधिक करने एंव ऑनलाइन पोर्टलो व सीएम हेल्पलाइन से सम्बन्धित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत दी गई। एसएसपी द्वारा सभी पुलिस अधीक्षक एंव क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने सर्किल में पडने वाले थानों में आकस्मिक निरक्षण करने एंव यथाशीघ्र अर्द्ववार्षिक निरीक्षण पूर्ण करने के भी निर्देश दिये गये।

मुख्यमंत्री द्वारा कोतवाली डालनवाला पर किये गये औचक निरीक्षण के परिपेक्ष्य में शनिवार को कोतवाली डालनवाला पर पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान किया गया एंव कोतवाली परिसर, मैस, बैरक आदि की साफ-साफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया।

# सभी जिलों में खुलेंगे वन्यजीव नसबन्दी केन्द्र

## मुख्यमंत्री धामी ने नसबंदी केंद्रों की स्थापना के दिए निर्देश

**■ वन्य जीवों के खोले जाएंगे रेस्क्यू व रिहैबीलीटेशन सेण्टर ,वन विभाग को जाल, पिंजरा, ट्रेकुलाईजेशन गन के लिए 5 करोड़**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में मानव वन्य जीव संघर्ष के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस चुनौती से निपटने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की घोषणा की है। जिसके तहत सोलर फेंसिंग एवं सेंसर बेस्ड अलर्ट सिस्टम स्थापित किया जाएगा। साथ ही आधुनिक वन्यजीव बंध्याकरण (नसबंदी) केन्द्र एवं जिलों में रिहैबिलिटेशन सेंटर खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि राज्य में मानव जीवन संघर्ष के कई मामले सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखण्ड राज्य के उन क्षेत्रों में जहाँ वन्य जीव जैसे हाथी, नीलगाय, भालू, गुलदार एवं बंदर आदि के द्वारा कृषि एवं उद्यान फसलों, भौतिक अवस्थापनाओं, मानव जीवन आदि की क्षति की जाती है, वहाँ चरणवार एवं योजनाबद्ध रूप में सोलर फेंसिंग एवं सेंसर बेस्ड अलर्ट सिस्टम से सुरक्षा तंत्र विकसित कर मानव वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य जीव लंगूर, बन्दर, सुअर, भालू आदि के जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रत्येक जनपद में वन विभाग के अंतर्गत आधुनिक वन्यजीव बंध्याकरण (नसबन्दी) केन्द्र की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश के समस्त जनपदों में मानव, वन्य जीव संघर्ष में चिन्हित वन्य जीवों के रेस्क्यू व रिहैबीलीटेशन सेण्टर खोले जायेंगे। इस हेतु पर्वतीय वन क्षेत्र में न्यूनतम 10 नाली व मैदानी वन क्षेत्र में न्यूनतम 1 एकड़ भूमि आरक्षित की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उपरोक्त सभी कार्यों की आवश्यकता को देखते हुए इन्हें शीर्ष प्राथमिकता से किया जाएगा एवं 2 सप्ताह की अवधि में उक्त योजनाओं को क्रियान्वित करने की रणनीति प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने कहा इसके लिए वन विभाग को जाल, पिंजरा, ट्रेकुलाईजेशन गन आदि संसाधन की उपलब्धता के लिए ₹ 5 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रभावी रोकथाम हेतु केन्द्रीय वन्य जीव अधिनियम के सुसंगत प्राविधानों में हिंसक जीवों को निषिद्ध करने हेतु अधिकारों के विकेन्द्रीकरण कर वन विभाग के रेंजर स्तर के अधिकारियों को सशक्त बनाया जाएगा। इस हेतु नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से भी गत दिवस वार्ता हुई है।

## भाजपा शुरू करेगी 'मेरी गणना मेरा गांव' अभियानः भट्ट

**■ जनमानस पटल से नही मिटने वाली कांग्रेस की तुष्टिकरण की छवि**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा राज्य के पर्वतीय स्वरूप को बरकरार रखने के लिए शीघ्र मेरी गणना मेरा गांव अभियान शुरू करेगी। जिसमें अन्य प्रदेश ही नहीं विदेश में रहने वाले प्रवासियों से भी गांवों मे गणना सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया जाएगा।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने हरदा के आरोपों पर भी पलटवार किया कि जनता के मन मस्तिष्क में अंकित कांग्रेस की तुष्टिकरण छवि कभी मिटने वाली नही है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात को लेकर बताया कि प्रदेश कार्यकर्ताओं की तरफ से बधाई देते हुए, उनसे शीघ्र उत्तराखंड आने का अनुरोध किया गया है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में उन्होंने शीघ्र प्रारंभ होने वाली जनगणना को रेखांकित करते हुए कहा कि पार्टी का मानना है कि राज्य का कोई भी व्यक्ति, चाहे वो किसी भी प्रदेश या विदेश में रहे उसे अपनी गणना मूल क्षेत्र में करवानी चाहिए। क्योंकि विगत जनगणना के बाद हुए परिसीमन में बहुत ही दुखद पहलू पर्वतीय क्षेत्रों में विधानसभा की संख्या में कमी आना सामने आया था। लिहाजा राज्य का पर्वतीय स्वरूप बना रहे, इस मकसद से हमारा मत स्पष्ट है कि सभी अपनी गणना अपने अपने गांवों में सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने मेरी गणना, मेरा गांव की अपील करते हुए कहा कि कोई कहीं भी रहे, विदेश में भी, तो भी अपनी गणना गांव में करवाए। जिसके लिए शीघ्र ही पार्टी भी एक टीम बनाकर, इस अभियान को चलाने जा रही है।

## उत्तराखंड में पहली बार होगा अंतर्राष्ट्रीय 'ट्रैवल कॉन्क्लेव'



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून ।** उत्तराखंड पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश और पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 में पहली बार अंतरराष्ट्रीय 'उत्तराखंड ट्रैवल कॉन्क्लेव' के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

शनिवार को उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी/सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में कॉन्क्लेव के आयोजन पर सैद्धांतिक सहमति दी गई। उत्तराखंड के पर्यटन इतिहास में यह पहला अवसर होगा जब इतने व्यापक स्तर पर एक अंतरराष्ट्रीय बी-टू-बी (व्यवसाय से व्यवसाय) ट्रैवल कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के सहयोग से होगा, जिसमें होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन, टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड, ऑल इंडिया डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन सहित अन्य प्रमुख संगठनों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

### वेडिंग, माइस और साहसिक पर्यटन पर विशेष फोकस

**देहरादून।** दो दिवसीय कॉन्क्लेव के माध्यम से उत्तराखंड को वेडिंग टूरिज्म, माइस, साहसिक पर्यटन और जिम्मेदार पर्यटन के प्रमुख गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के टूर ऑपरेटर्स, वेडिंग प्लानर्स, इवेंट एवं कॉन्सर्ट आयोजकों को अपने उत्पाद और सेवाएं एक्सपो एवं डिस्प्ले के माध्यम से प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, विभिन्न विषयों पर बी-टू-बी बैठकें और सत्र आयोजित किए जाएंगे।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तराखंड ट्रैवल कॉन्क्लेव को आने वाले वर्षों में एक वार्षिक और ब्रांडेड अंतरराष्ट्रीय आयोजन के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे राज्य के शीतकालीन पर्यटन को मजबूती मिलेगी और पर्यटन क्षेत्र में उच्च-मूल्य निवेश आकर्षित किए जा सकेंगे। देशभर में रोड शो की शुरुआत 10 जनवरी से सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि देश भर में रोड शो आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान की शुरुआत 10 जनवरी को नई दिल्ली में पहले रोड शो से होगी।

## स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

**विकासनगर।** हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल मै किंडरगार्टन वार्षिक खेल दिवस का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप, नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं की भागीदारी की। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना व सुंदर नृत्य प्रदर्शन किया गया। एवं छात्रों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया।

छात्रों ने 'पॉप द बैलून,' 'बैग पैक रेस,' 30-मीटर रेस, हूप रेस, सैक रेस, जैसे अन्य कई खेल आयोजित किए गए। प्रबंधन सदस्य कुलदीप कुमार, बलबीर चंदेल, अनामिका प्रशार और रेणु चंदेल ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी क्रम में प्रिंसिपल पंकज शर्मा और प्रशासक स्वेतलाना ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।

## भाजपा कार्यालय के बाहर धरने पर बैठेंगे हरदा!

**■ एआई वीडियो से गरमाई उत्तराखंड की सियासत हरीश रावत ने कहा भाजपाई वीडियो हटाए वरना कराऊंगा मुकदमा**



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बड़ा राजनीतिक एलान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा उनके विरुद्ध आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लेकर झूठा नैरेटिव गढ़ा जा रहा है, जिसे तत्काल हटाया नहीं गया तो वे कानूनी और लोकतांत्रिक दोनों स्तरों पर संघर्ष करेंगे।

हरीश रावत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि भाजपा और उससे जुड़े आधिकारिक सोशल मीडिया पेजों से यह कथित झूठी सामग्री हटाकर राज्य की जनता से सार्वजनिक माफी नहीं मांगी गई, तो वे भाजपा नेताओं के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराएंगे। साथ ही, साइबर क्राइम के अंतर्गत भी मुकदमा दर्ज कराने को आवेदन देंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक सत्ताधारी दल अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ झूठ और तकनीक का दुरुपयोग कर राजनीतिक प्रहार कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह कैसी भाजपा है, जिसके आधिकारिक पेजों पर तथ्यों के बजाय केवल झूठ परोसा जा रहा है।

हरीश रावत ने कहा कि वे केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भाजपा अपने झूठ से पीछे नहीं हटती, तो वे लगातार सात दिनों तक भाजपा कार्यालय के बाहर बैठकर इस "झूठी राजनीति" का पर्दाफाश करेंगे।

हरीश रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर तंज कसते हुए कहा कि तथाकथित "धाकड़ धामी" सरकार की असलियत तब सामने आती है, जब झूठ और भ्रामक प्रचार के सहारे विपक्ष को बदनाम करने का प्रयास किया जाता है।

## भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बनी उत्तरकाशी मनरेगा श्रमिक बने विधायक दुर्गेशलाल

**■ पुरोला विधायक समेत पत्नी के खाते में 4 साल से हो रहा मनरेगा का भुगतान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला :** उत्तरकाशी जनपद भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन गई है यहनेता और अधिकारियों की मिली भगत से लूट मची है। यहां विकास कार्यों के नाम पर प्रति वर्ष करोड़ों रुपए सिर्फ कागजों में खर्च होते हैं।

ताजा मामला पुरोला से भाजपा विधायक दुर्गेश्वर लाल और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती निशा का जो बीते चार सालों मनरेगा श्रमिक बनाया गये हैं। ये सब बीना अधिकारियों की मिली भगत से नहीं हो सकता है। इस पर जहां विधायक दुर्गेश्वर लाल ने साजिश बताया वहीं अधिकारी भी इसके लिए कम दोषी नहीं।

गौरतलब है कि विश्व की सबसे बड़ी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'वीबी-जी-राम-जी करने पर हंगामा मचा है। संसद में ये बिल पास हो चुका है, लेकिन विपक्ष लगातार भाजपा पर हमलावर है। दूसरी तरफ भाजपा के पुरोल विधायक मनरेगा का लाभ लेने से फंसते नजर आ रहे हैं। उत्तरकाशी के पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल भी मनरेगा में हुए भुगतान को लेकर चर्चा में हैं। विधायक की पत्नी के खाते में 4 साल में योजना के तहत 17 हजार से ज्यादा धनराशि आई है। उधर विधायक का साफ कहना है कि ये उको उनको बदनाम करने की साजिश है। जबकि उनके परिवार का जॉब कार्ड और अंतोदय कार्ड पुर्व में ही निरस्त करवा दिया गया था।

बता दें कि विधायक दुर्गेश्वर लाल को वर्ष 2021 से 2025 तक रेक्चा गांव में मनरेगा के ग्यारह कार्यों के तहत विधायक और उनकी पत्नी के खाते में मनरेगा की करीब 17 हजार से अधिक की धनराशि का भुगतान हुआ। इस मामले के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बृजमोहन बिंजोला ने कहा कि डीपीओ से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार विधायक दुर्गेश्वर लाल के विधायक बनने से पहले उनका और उनकी पत्नी का जॉब कार्ड बना हुआ था। इसलिए किसी ने अपनी निर्माण सामग्री की धनराशि उनके खाते में डाली थी। उनकी ओर से वह पैसा वापस किया जा रहा है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सहिया में दुकानदारों ने स्वयं हटाना शुरू किया सड़क से अतिक्रमण

**सहिया।** उत्तराखंड राज्य में कोर्ट के आदेश के बाद अवैध अतिक्रमण को लेकर संबंधित विभागों द्वारा कारवाई जारी है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग सहिया द्वारा बीते 22 नवंबर को चार मुख्य मोटर मार्गों पर चिन्हित 162 अवैध अतिक्रमण पर नोटिस चस्पा किए गए थे। जिसमें बताया गया था कि 6 दिसंबर तक अतिक्रमण करने वाले लोग स्वयं से अतिक्रमण हटा ले नहीं तो लोक निर्माण विभाग कार्यवाही करेगा। वहीं नोटिस प्राप्त होते ही सहिया के कुछ व्यापारी लोक निर्माण विभाग कार्यालय सहिया पहुचें जहां उन्होंने अधिशासी अभियंता को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि सहिया बाजार, सहिया क्वानू मोटर पर विभाग द्वारा फिर से सर्वे किया जाए जिस पर लोक निर्माण विभाग सहिया की अधिशासी अभियंता रचना थपलियाल ने आश्वासन दिया था।

# मंगलसूत्र लूटने वाले सपेरा गैंग के 3 शातिर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**देहरादून।** दून पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। थाना रानीपोखरी क्षेत्र के थानो-रायपुर मार्ग पर एक बुजुर्ग महिला के साथ हुई चेन स्नेचिंग की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लूटा गया मंगलसूत्र और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।16 दिसंबर को मनोज सिंह (निवासी थानो) ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उनकी माता सरा. जनी देवी जब जंगल से घास काटकर घर लौट रही थीं, तभी एक अज्ञात लुटेरे ने उनके गले से मंगलसूत्र झपट लिया और जंगल के रास्ते फरार हो गया।

थानाध्यक्ष विकेंद्र चौधरी की रणनीति लाई रंग

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निर्देशों पर थानाध्यक्ष रानीपोखरी विकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। थानाध्यक्ष ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए न केवल घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, बल्कि इलाके के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

थानाध्यक्ष विकेंद्र चौधरी और उनकी टीम की इस सक्रियता और सटीक सुरागरसी के कारण ही अपराधी महज 4 दिनों के भीतर पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

शनिवार को पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी भानियावाला की ओर से आ रहे एक बाइक पर सवार तीन युवकों को संदिग्ध जानकर रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देख आरोपियों ने बाइक घुमाकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें नागाघेर/जाखन नदी पुल के पास दबोच लिया।

तलाशी लेने पर अभियुक्त मिर्जा की जेब से लूटा गया पीली धातु का मंगलसूत्र बरामद हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पकड़े गए तीनों आरोपी शिव नाथ पुत्र बच्चन नाथ,अविनाश पुत्र केसुनाथ व मिर्जा पुत्र गोविन्द नाथ सपेरा बस्ती, भानियावाला (डोईवाला) के निवासी हैं। बदमाशों के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर उन्हें जेल भजा।

# विद्यालयों में सुनिश्चित हों मूलभूत सुविधएं: डॉ. रावत

**■ श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा में अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा, प्रत्येक दिन दो-दो विधानसभा क्षेत्र की करें समीक्ष**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जायेगा, इसके लिये विभागीय अधिकारियों को विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं सहित शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा अधिकारियों को प्रत्येक दिन दो-दो विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा कर शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने को कहा गया है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने शुक्रवार को अपने शासकीय आवास पर अपने विधानसभा क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने ढुलमुल व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताते हुये विभागीय अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र के पाबों, खिर्सू, थलीसैंण व वीरोंखाल ब्लॉक के अंतर्गत विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं फर्नीचर, पेयजलापूर्ति, विद्युत कनेक्शन, शौचालय, प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास और कम्प्यूटर लैब सुनिश्चित करने का निर्देश दिये, ताकि अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों शिक्षकों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और खाली पदों पर शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। विभागीय मंत्री ने क्षेत्र में कलस्टर विद्यालयों की स्थापना में तेजी लाने, आपदा मद के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने, विद्यालयों के उच्चीकरण प्रस्ताव महानिदेशालय को शीघ्र उपलब्ध करने के निर्देश भी बैठक में दिये। इसके अलावा डॉ रावत ने विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक दिन दो-दो विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा कर शिक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ करने के निर्देश भी बैठक में दिये।बैठक में विद्यालयी शिक्षा महा. निदेशक दीप्ति सिंह, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ मुकुल सती, निदेशक प्राथमिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, निदेशक संस्कृत शिक्षा व अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा (गढ़वाल) कंचन देवराड़ी, मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी नागेंद्र बर्त्वाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जबकि थलीसैण, खिर्सू, पाबों एवं वीरोंखाल के खंड शिक्षा अधिकारियों ने बैठक में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया।

# धराली आपदा पीड़ितों के घाव पांच माह बाद भी हरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** धाराली आपदा के पांच महीने बीत चुके हैं पीड़ितों के घाव अभी भी हरे हैं। अब धराली आपदा में अपना सब कुछ खो चुके आपदा पीड़ितों का सब्रका बांध भी टूटने लगा है ।शनिवार को धराली आपदा पीड़ितों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर आपदा पीड़ितों के पुनर्वास में हो रही देरी से शासन- प्रशासन के प्रति अपनी नारगी जाहिर की है।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उत्तरकाशी के प्रस्तावित दौरे का विरोध और उग्र आन्दोलन समेत धरना प्रर्दशन करने की चेतावनी दी है।उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा कि धराली आपदा को पांच माह बीत चुके हैं। लेकिन हमारी समस्या जस की तस है। जबकि हमारा ग्राम धराली सीमांत क्षेत्र वाइब्रेंट विलेज योजना का प्रथम ग्राम है जोकि भारत सरकार के अधिनिस्त है। ग्रामीणों ने बताया कि पांच अगस्त को खीर गंगा में आई विनाशकारी बाढ़ से धराली में पूरी तरह आपदा के भेंट चढ़ गई। जिला प्रशाशन, उत्तराखण्ड सरकार, व भारत सरकार के द्वारा दर्जनों बार स्थलीय निरीक्षण कर चुके है। इतना ही नहीं भारत सरकार ने आपदा पीडीतों के नुकशान की भरपाई के लिये उत्तराखण्ड सरकार को विगत तीन माह पूर्व 1200 करोड. का आर्थिक पैकेज दिया था लेकिन हम आपदा पीडीत ग्राम घराली निवासियों को उक्त पैकेज में से कुछ नहीं दिया। जबकि नुकशान का आंक्कलन 200 करोड. धराली आपदा पीडीतों हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी है कि शासन-प्रशासन द्वारा अधिक विलंबता के कारण हम अपना नाराजगी व्यक्त कर मुख्यमंत्री के उत्तरकाशी आगमन व कार्यक्रम का घोर विरोध करने जा रहे है। ज्ञापन में महेश पंवार,ग्राम प्रधान धराली,अजय नेगी,पंचायत प्रतिनिधि सुशील प्रदीप आदि के हस्ताक्षर थे।

# गूंजा पलायन का दर्द, रोजगार की उठी मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विधानसभा प्रतापनगर के समग्र विकास और जनभावनाओं को सर्वोच्च सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू की गई पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला की "जन आशीर्वाद यात्रा" अब एक व्यापक जनसंपर्क अभियान का रूप ले चुकी है। बुधवार को सेम मुखेम से आरंभ हुई यह यात्रा शनिवार को घंडियालगांव और दीनगांव होते हुए हेरवालगांव पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान प्रदीप रमोला ने घर-घर जाकर लोगों से व्यक्तिगत संपर्क साधा और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ सेम मुखेम नागराजा मंदिर के छायाचित्र से सुसज्जित कैलेंडर भेंट किए। उन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी की स्थिति पर गंभीर चर्चा की।

जनसंवाद के दौरान पहाड़ के गांवों से निरंतर हो रहे पलायन का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। प्रदीप रमोला ने कहा कि ग्रामीणों के साथ हुई चर्चा में यह बात स्पष्ट रूप से उभरकर आई है कि पहाड़ का खाली होना आज सबसे बड़ी चिंता का विषय है। गांव के नौजवान रोजगार के अभाव में शहरों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे गांव के गांव वीरान हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पहाड़ की जवानी और पानी को यहीं रोकने के लिए एक विशेष और ठोस नीति बनाई जाए। साथ ही, ग्राम स्तर पर रोजगारपरक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि युवाओं को अपने घर-गांव में ही सम्मानजनक रोजगार मिल सके और पलायन पर प्रभावी अंकुश लग सके।

उन्होंने स्थानीय संस्कृति, मेलों और रीति-रिवाजों को संजोये रखने की अपील भी की। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व प्रधान नरेंद्र कैंतुरा, भागेश कंडियाल, सोनू रजवार, शीशपाल रावत, विजय रावत, मनोज रावत, राकेश रावत, सो. हनपाल कंडियाल, शीशपाल सिंह और प्रभाकर कंडियाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस मनरेगा को लेकर 27 को करेंगी देशव्यापी प्रदर्शन:शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कांग्रेस ने मनरेगा का नाम बदलने का कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार योजना मनरेगा को समाप्त कर दिया है। कहा कि मनरेगा का नाम बदला नहीं गया आरएसएस और भाजपा की विचारधार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श एवं उनके दिखाई गये रास्तों से नफरत करते है।

कहा कि सरकार के इस कदम का कांग्रेस सड़क से संसद तक विरोध करेगी और 27 दिसंबर को देश-व्यापी धरने प्रदर्शन करेगी। शनिवार को डालमियां धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलने के साथ ही अब इसका बोझ राज्यों पर डाल दिया है। जो अधिकार पहले पंचायतों के पास थे उन्हें अब छीनकर केंद्रीयकृत व्यवस्था को सौंपा जा रहा है। यह कहा कि यह कदम महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है और कांग्रेस इसका सख्ती से विरोध करेगी। कहा कि कांग्रेस पलायन, बेरोजगारी सहित आदि मुद्दों पर सरकार को घेरना का कार्य करेगी। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, मीना रावत, शिवकांत कंडारी, निशांत कंडारी, यतेंद्र मिश्रा सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### केदारघाटी में जंगली जानवरों का आंतक, प्रमुख वन संरक्षक को दिया ज्ञापन



**गुप्तकाशी।** विकासखण्ड ऊखीमठ के ब्लॉक प्रमुख पंकज शुक्ला ने प्रमुख वन संरक्षक देहरादून को केदारघाटी में जंगली जानवरों भालू एवं तेंदुए के मानव बस्तियों में घुसकर इंसानों एवं पालतू जानवरों पर किये गए हमलों के समाधान को लेकर ज्ञापन दिया। ओर कहा कि यदि समय पर कोई ठोस समाधान ना होने पर समस्त केदारघाटी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य रहेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विभाग की रहेगी। कुछ दिन पूर्व केदारघाटी के तरसाली व रामपुर में भालू ने दो बुजुर्गों पर हमला किया। और साथ ही भालू ने कई गौशालाओं में तोड़फोड़ कर वंहा रह रहे पशुओं को भी क्षति पंहुचायी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ग्रामीणों एवं संस्थाओं की ओर से विभाग को सूचनायें प्रदान की जाती रही हैं। लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। ग्रामीणों ने जंगली जानवरों के भय के कारण अपने बच्चों को स्कूल भी नहीं भेज पा रहे हैं। अंधेरा होते ही भालू गांवों में दस्तक दे रहे हैं। और कुछ दिनों से लगातार भालू के हमलों में बढ़ोत्तरी हो रही है। जो विभाग की उदासीनता को प्रकट करता है।

### अखिलेश शुक्ला मानद डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित

**श्रीनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल थलीसैंण पौड़ी के प्रधानाचार्य अखिलेश शुक्ला को शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए मैजिक एवं आट्र्स यूनिवर्सिटी फरीदाबाद एनसीआर दिल्ली द्वारा मानद डॉक्टरेट अवार्ड प्रदान की गई। शुक्ला को मानद डॉक्टरेट अवार्ड प्रदान करने पर विद्यालय के शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है। शिक्षकों का कहना है कि शिक्षा के साथ-साथ अखिलेश शुक्ला सामाजिक कार्यो में भी सक्रिय रहे है, जिनमें जरूरतमंद छात्रों की सहायता, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, पर्यावरण सुरक्षा जागरूकता और सामुदायिक विकास के कार्य शामिल है।

### जरूरतमंद लोगों को वितरित की रजाइ

**कोटद्वार ।** आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को आर्य समाज उदयरामपुर में आयोजित कार्यक्रम में 15 जरूरतमंद लोगों को रजाई वितरित की गई। आर्य समाज उदयरामपुर के प्रधान मोहन सिंह भारती की अध्यक्षता एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र लाल आर्य के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अब क्षेत्र में ठंड अपनी तेजी दिखा रही है। इस मौसम में भी कई लोग गर्म कपड़ों से वंचित रह जाते हैं, इसलिए ट्रस्ट की ओर से ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनकी मदद की जाती है। सेवानिवृत्त रेंजर राजेंद्र प्रसाद पंत ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से इस तरह की मदद लंबे समय से दी जा रही है।

### साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

**कोटद्वार ।** दूगड्डा ब्लाक के पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में शुक्रवार को गणित सर्कल, साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य नारायण सिंह नेगी व वर्तमान प्रधानाचार्य युगजीत सेमवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गणित सर्कल के अंतर्गत गणित क्विज, सुडोकू, मध्य गेम और स्मृति परीक्षण का आयोजन किया गया। गणित विशेषज्ञ के तौर पर मौजूद मुख्य अतिथि विद्यालय के भूतपूर्व प्रधानाचार्य नारायण सिंह नेगी ने छात्र-छात्राओं को गणित विषय का महत्व, दैनिक जीवन में उपयोग एवं विषय की रोचकता से अवगत कराया।

# एसएसबी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**श्रीनगर।** केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) श्रीनगर में शनिवार को स्थापना दिवस हर्षोल्लास, गौरव एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में बल की गौरवशाली परंपरा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प को दर्शाया गया। इस दौरान एसएसबी केंद्र परिसर में खेलकूद प्रतियोगिताओं, जूडो प्रदर्शन (डेमो) और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जवानों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत अनुशासित, ऊर्जावान एवं आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

# स्टेडियम निर्माण से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया शुद्धि यज्ञ

**■ सैकडों ग्रामीणों ने डाली आहुतियां, अगस्त्यमुनि में स्टेडियम निर्माण को लेकर आंदोलन जारी**



**शाह टाइम्स संवाादाता**

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि में प्रस्तावित स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण को लेकर चल रहे विरोध के बीच शनिवार को ग्रामीणों ने शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य आगामी 14 जनवरी से शुरू होने वाली अगस्त्य ऋषि की देवरा यात्रा से पूर्व इस पवित्र मैदान को शुद्ध करना बताया गया। शुद्धि यज्ञ का संचालन आचार्य अनिल बेंजवाल और भूपेंद्र बेंजवाल ने किया। वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विधिवत हवन किया गया और यज्ञ में आहुतियां डाली गई। पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार गूंजता रहा और ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण ढंग से धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की।

इस अवसर ग्रामीणों ने कहा कि अगस्त्यमुनि मैदान मुनि महाराज और अगस्त्य ऋषि से जुड़ा पवित्र, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है, जहां वर्षों से धार्मिक अनुष्ठान, मेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होता रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह आयोजन किसी के विरोध में नहीं, बल्कि धार्मिक परंपराओं के निर्वहन और आस्था की रक्षा के उद्देश्य से किया गया है। बता दें कि अगस्त्यमुनि में प्रस्तावित स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन चल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिना जनसहमति के इस ऐतिहासिक मैदान पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर पूर्ण रोक की लगाने की मांग की है। शुद्धि यज्ञ के आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा मौजूद रहे। सामाजिक कार्यकर्ता त्रिभुवन चौहान ने कहा कि स्टेडियम निर्माण को लेकर बनी विवाद की स्थिति में धार्मिक आयोजन के माध्यम से स्थानीय लोग अपनी आस्था और सांस्कृतिक पहचान को सहेजने का संदेश दे रहे हैं। उन्होने कहा कि इस मैदान मे स्टेडियम निर्माण से यहां युवाओं व स्थानीय लोगो को कोई फायदा नही मिलेगा। जबकि बाहरी लोगो का कब्जा जरूर हो जाएगा। ऐसे में लगातार अगस्त्यमुनि मैदान में स्टेडियम निर्माण का विरोध किया जा रहा है। अगर सरकार और जिला प्रशासन ने जबरन स्टेडियम निर्माण करवाया तो ग्रामीणों को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पडेगा।

# राशन कार्ड धरकों के लिए खुश्खबरी, गांव के शिविरों में भी हो सकेगी ई-केवाईसी

**■ "जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार" अभियान में मिली बड़ी राहत, राशन कार्ड सत्यापन और मोबाइल सीडिंग की सुविधा शुरू जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कार्ड धारकों को चेताया, आधार और राशन कार्ड लेकर नजदीकी सस्ते गल्ले की दुकान या शिविर में जल्द कराएं सत्यापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड धारकों के सत्यापन की प्रक्रिया युद्धस्तर पर चलाई जा रही है।

इसी क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने जनपद के समस्त राशन कार्ड धारकों को सूचित किया है कि जिले में ई-केवाईसी (इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर) और मोबाइल सीडिंग का कार्य गतिमान है। विभाग का प्रयास है कि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन से वंचित न रहे और अपात्रों की पहचान की जा सके। डीएसओ ने उन सभी उपभोक्ताओं से विशेष अपील की है, जिन्होंने अभी तक अपने राशन कार्ड में अंकित परिवार के सभी सदस्यों का सत्यापन नहीं करवाया है, वे बिना किसी देरी के अपने नजदीकी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर जाकर वहां स्थापित मशीन के माध्यम से बायोमेट्रिक ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करवा लें।

राशन कार्ड धारकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 17 दिसंबर 2025 से जनपद की विभिन्न न्याय पंचायतों में शुरू हुए "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के तहत आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय शिविरों में भी खाद्य विभाग द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि इन शिविरों में भी ई-केवाईसी मशीनें स्थापित करवाई जा रही हैं, ताकि दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को सत्यापन के लिए परेशान न होना पड़े। अब लोग अपनी अन्य समस्याओं के समाधान के साथ-साथ राशन कार्ड से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य भी अपने गांव के समीप ही निपटा सकेंगे।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी अभी तक लंबित है, वे इन शिविरों का अधिकतम लाभ उठाएं। इसके लिए उन्हें अपने साथ मूल राशन कार्ड और परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की छायाप्रति लानी होगी।

शिविरों में मौजूद विभागीय कर्मचारी मौके पर ही सत्यापन और मोबाइल नंबर लिंक करने (सीडिंग) का कार्य करेंगे। प्रशासन का मानना है कि ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण होने से राशन वितरण में और अधिक पारदर्शिता आएगी और सही लाभार्थियों तक अनाज पहुं. चना सुनिश्चित होगा। इसलिए, भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा या राशन रुकने की समस्या से बचने के लिए उपभोक्ता इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं।

# गो भक्तों के सहयोग से अब संचालित होगा गो सेवा

**श्रीनगर।** निराश्रित और बेसहारा गायों की सेवा और बीमार गायों का इलाज कराने को लेकर गो सेवा संवर्धन समिति के युवा सदस्य क्षेत्र में विशेष अभियान चलाए हुए हैं। इस अभियान को और प्रभावी रूप से संचालित करने को लेकर गो भक्तों के सहयोग से समिति ने अब एक गो सेवा वाहन भी क्रय कर लिया है। जिससे अब बीमार अथवा चोटिल गायों तक पहुं. चने और उनका उपचार कराने और निराश्रित गायों को चारा उपलब्ध कराने को लेकर गौ सेवा संवर्धन समिति के कार्यों को तेजी भी मिलेगी। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस वाहन से चोटिल और बीमार गोवंशों के लिए सब्जी बाजार से बचे हुए फल और घास लाने में भी मदद मिलेगी।

# बदहाल सड़कों पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कराया निरीक्षण

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गुल मोहम्मद के नेतृत्व में धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के बंजारावाला-कारगी, चांचक चौक और मुस्लिम बस्ती इलाके में वर्षो से बदहाल पड़ी सड़कों की स्थिति को लेकर शनिवार को मौके पर निरीक्षण कराया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास अभिकरण (यूयूएसडीए) के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर सड़क की जर्जर हालत दिखाई।

निरीक्षण के दौरान प्रदेश सचिव गुल मोहम्मद ने कहा कि तथाकथित "त्रि-इंजन" की भाजपा सरकार दो. हरा रवैया अपनाकर आम जनता को बदहाल सड़कों पर चलने को मजबूर कर रही है। यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख सड़क संपर्क मार्ग है, जो हरिद्वार बाइपास, बंजारावाला, क्लेमनटाउन और दूधली को जोड़ता है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं, बुजुर्गो और स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को कीचड़ और टूटी सड़कों से गुजरना पड़ रहा है। रात के समय इस मार्ग से वाहन निकालना बेहद कठिन हो जाता है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग है कि इन सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जनवरी माह में सभी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता सहित वाजीद, सतीश, सादिक, अली नवाज, कबीर, सुनील, कैफ, जाहिद, दिनेश पाल, आसिफ, मास्टर, नसरूद्दीन, आस मोहम्मद, जीशान, अजीम, अरशद, नाजिर, माजिद समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# केदारावाला में क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन

**विकासनगर।** ग्राम केदारावाला में आयोजित केदारावाला क्रिकेट प्रीमियर लीग में जसविंदर सिंह बिट्टू ने अपने साथियों के साथ सभी खिलाड़ियों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन किया साथ ही अपने साथियों के द्वारा नशे के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत सभी को और आपनी आने वाली पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर गुलशेर अली, फरमान अध्यक्ष, मन्नान मालिक, संदीप चावला, शुभम् धीमान, अखिल गोयल, सावन कुमार, रवि, शाहुर रहमान, परवेज आदिल, आकाश रावत, राहिल, आदि मौजूद रहे।

# ठंड में रात भर डटे रहे ग्रामीण, एसडीएम के आश्वासन से धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, जिसे पहाड़ के विकास की जीवनरेखा माना जा रहा है, उसके निर्माण से प्रभावित सौड़ गांव के ग्रामीणों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया। रेलवे कार्यदायी संस्था आरवीएनएल की निरंतर वादाखिलाफी और मुआवजे के भुगतान में हो रही देरी के विरोध में ग्रामीणों ने एक उग्र आंदोलन का बिगुल फूंक दिया था, जिसने प्रशासन की नींद उड़ा दी। अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे प्रभावितों के आक्रोश को शांत करने के लिए प्रशासनिक अमले को भारी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शुक्रवार की रात कड़कड़ाती ठंड में खुले आसमान के नीचे बैठे ग्रामीणों को मनाने के लिए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पौड़ी को देर रात मौके पर दौड़ लगानी पड़ी। काफी जद्दोज. हद और लंबी वार्ता के बाद जब एसडीएम ने एक महीने के भीतर यानी जनवरी 2026 तक सभी मांगों के निस्तारण का लिखित आश्वासन दिया, तब जाकर ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित करने पर सहमति जताई।

घटनाक्रम के अनुसार, देश की सबसे बड़ी रेल सुरंग के निर्माण स्थल सौड़ के प्रभावितों ने आरवीएनएल प्रबंधन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को रेल उप प्रबंधक के कार्यालय में तालाबंदी कर दी थी। इतना ही नहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माण स्थल तक जाने वाले वाहनों की आवाजाही भी पूरी तरह ठप कर दी थी। समाज सेवी दिनेश टोडरिया और युवा नेता अर्जुन नेगी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने परियोजना के प्रवेश द्वार पर डेरा डाल दिया था। आंदोलनका. रियों की जिद थी कि जब तक उनकी चार प्रमुख मांगों का तत्काल समाधान नहीं होता और जिलाधिकारी स्वयं मौके पर नहीं आते, तब तक वे टस से मस नहीं होंगे। शुरुआत में प्रशासन ने स्थिति को संभालने के लिए राजस्व निरीक्षक जयकृष्ण भट्ट और उप राजस्व निरीक्षक उत्सव अग्रवाल को मौके पर भेजा, जिन्होंने तीन महीने में समस्याओं के समाधान का प्रस्ताव रखा। लेकिन वर्षों से आश्वासन की घुट्टी पी रहे ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया और अपना विरोध और तेज कर दिया।पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने उन्हें उठाने की बहुत कोशिश की, लेकिन महिलाओं ने स्पष्ट कर दिया कि न्याय मिले बिना वे घर वापस नहीं जाएंगी। मामला बिगड़ता देख रात करीब साढ़े नौ बजे एसडीएम पौड़ी दीक्षिता जोशी धरना स्थल पर पहुंचीं। वहां आंदोलनकारियों और प्रशासन के बीच तीखी बहस और लंबा संवाद चला। अंततः प्रशासन को ग्रामीणों की जिजीविषा के आगे झुकना पड़ा। एसडीएम ने मौके पर ही एक लिखित समझौता तैयार किया, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि जनवरी 2026 तक प्रभावितों की सभी जायज मांगों का निस्तारण कर दिया जाएगा।

# स्टंटबाज रईसजादा गिरफ्तार

## नैनीताल रोड में थार के वायरल वीडियो पर एसएसपी का एक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में रईसजादों का सड़क पर जानलेवा स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बीते शुक्रवार देर रात नैनीताल रोड पर थार सवार युवक ने खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए जानलेवा स्टंट किया, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हुआ और एसएसपी ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए तुरंत थार चालक को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।



शनिवार देर शाम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थार चालक को गिरफ्तार कर लिया और उसकी थार को सीज कर दी। बता दें कि बीते शुक्रवार की रात शहीद पार्क के ठीक सामने सड़क पर इन युवकों ने न सिर्फ एक बार बल्कि बार-बार खतरनाक स्टंट कर राह चल रहे लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे और दूसरों की जान को जोखिम में डाल रहे थे। बताया जा रहा है कि स्टंट करने वाले युवक थार और अन्य लग्जरी कारों में सवार थे।

देर रात सड़क पर यातायात कम होने का फायदा उठाकर उन्होंने तेज रफ्तार में कार घुमाना, अचानक ब्रेक लगाना और खतरनाक मोड़ काटना शुरू कर दिया। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों में दहशत का माहौल बन गया।

इस पूरी घटना का वीडियो मौके से गुजर रहे कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ तो एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने इस मामले में संज्ञान लिया और पुलिस को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने थार संख्या यूके06बीसी-7200 के पहचानक कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने थार चालक ब्रह्मजोत सिंह पुत्र सुशांत सिंह निवासी उदयपुर दौलतपुर को गिरफ्तार कर लिया, और उसकी थार संख्या यूके06बीसी-7200 को सीज कर दिया, साथ ही उसका लाईसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने इस कार्रवाई के बाद स्पष्ट संदेश दिया कि अराजकता और गुंडागर्दी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और शहर में अनुशासन बना रहे।

## नौकरी को निकला पति लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घर से नौकरी की तलाश में निकला एक व्यक्ति घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन जब उसका कोई पता नहीं चला तो उन्होंने मुखानी थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार देवपुर कुरिया लामाचौड़ निवासी भगवती देवी ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनके पति मोहन सिंह गढ़िया बीती 2 दिसंबर को घर से स्कूटी लेकर निकले और कह गए कि वह नौकरी की तलाश में जा रहे है। जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनके मोबाइल में फोन किया तो मोहन सिंह ने बताया कि वह कहीं और चले गए और कल लौट कर आऊगां। लेकिन तब से वह लौटकर नहीं आए। अगले दिन जब वह नहीं आए तो पत्नी ने फोन किय तो बताया वह लुधियाना में है। जिसके बाद से उनका मोबाइल बंद जा रहा है। पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार पर पति की गुमशुदगी दर्ज कर मोबाइल की लोकेशन और कॉल डिटेल खंगाल रही है।

# शहर ने ओढ़ी कोहरे की चादर, धूप के दर्शन नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में कोहरे और सर्द हवाओं के चलते कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। शनिवार तड़के से ही घने कोहरे की चादर ने पूरे शहर को अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालात ऐसे रहे कि दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके जिससे तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई। ठंड बढ़ने के कारण जनजीवन प्रभावित रहा और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोगों ने घरों, दफ्तरों और बाजारों में अलाव व हीटर का सहारा लिया। सुबह-शाम लोग आग तापते नजर आए। कोहरे के कारण ख्रश्यता काफी कम हो गई जिससे वाहन चालकों को खासा सतर्क रहना पड़ा। शनिवार को शहर में मौसम ने अचानक करवट बदली। तड़के से ही शहर घने कोहरे की चपेट में रहा। तापमान में लगातार गिरावट से ठंड का प्रकोप और बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार सुबह अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान गिरकर 7 डिग्री तक पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे जाने के कारण ठंड का असर तेज हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 22 दिसंबर तक मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे का असर बना रहने की संभावना है। वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार है। ठंड, कोहरे और शीतलहर के चलते आने वाले दिनों में लोगों की परेशानियां और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।



## बैठक में बतियाए वरिष्ठ नागरिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक शनिवार को समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे के निवास स्थान रामपुर रोड संपन्न हुई। बैठक में दिसंबर 2025 की मासिक बैठक में चर्चा किए जाने वाले विभिन्न मुद्दों पर विचार किया गया और आगामी बैठकों के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं का निर्धारण किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समिति का प्रचार-प्रसार भी किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के साथ त्रैमासिक समीक्षा बैठक की तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया, साथ ही एसएसपी से वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित पुलिस विभाग की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए एक संयुक्त बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक भुवन भास्कर पांडे, डीके पांडे, इंदर सिंह निगल्टिया, दया किशन बल्यूटिया, प्रताप सिंह जंतवाल, विष्णु सिंह रावत, एलएम लोहनी, दिनेश चंद्र पंतोला, मोहन सिंह जन्तवाल रहे।

# बसानी में विधिक जागरूकता कैंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के विधिक सहायता केंद्र (लीगल एड क्लीनिक) द्वारा हल्द्वानी के फतेहपुर स्थित बसानी गांव में शनिवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधिक बैंकिंग और आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया और ग्रामीणों को विभिन्न विधिक और आर्थिक जानकारियां दीं। कार्यक्रम में विधिक सहायता केंद्र के प्रभारी डा. दीपांकुर जोशी ने विधिक समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया पर जानकारी दी। उच्च न्यायालय नैनीताल के अधिवक्ता पीएस रावत ने लीगल एड क्लीनिक भूमि अधिग्रहण महिलाओं के खिलाफ हिंसा और फॉरेस्ट लॉ पर जानकारी दी। बैंकिंग विशेषज्ञ श्री एसके अग्रवाल ने डिजिटल फ्रॉड्स और ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम में कई अन्य विशेषज्ञों ने भी योगदान दिया, और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण भी किया। इस कार्यक्रम में डा. दीपांकुर जोशी, एडवोकेट पीएस रावत, एसके अग्रवाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट लव मित्तल आदि अन्य विशेषज्ञों ने भाग लिया।



# शहर का नाम रोशन करें विद्यार्थी: मेयर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम में विद्यालय का प्रथम वार्षिकोत्सव (प्योंली) रंगारंग सांस्कृतिक के बीच भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि विधायक सुमित हृदयेश, विद्यालय प्रबंधक/नगर आयुक्त परितोष वर्मा एवं प्रधानाचार्य पुष्पा गोस्वामी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाचार्य पुष्पा गोस्वामी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। लोकनृत्य, देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता जयनारायण सिंह बिष्ट ने विद्यालय की स्थापना, उद्देश्य और अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और यहां के विद्यार्थी भविष्य में क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक राकेश चंद्र जोशी, सुशीला जोशी एवं इंदू मेर ने किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, नीरज वर्मा, अजय डबराल, रेखा पाठक, दीपा रावत, गीता मिश्रा, गीता टम्टा, हितेश तिवारी, सनी मेहता, विद्या सागर, मोहन सिंह मेहरा, महेंद्र यादव, सेनि. उप शिक्षा निदेशक पान गिरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।



नगर निगम इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

## एक नजर

### महिला ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मुक्तेश्वर की रहने वाली एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में महिला को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अधौड़ा मुक्तेश्वर निवासी देवकी देवी (51) ने बीते 18 दिसंबर की दोपहर को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। महिला की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाए। शुक्रवार की रात महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### स्कूटी की डिग्गी तोड़कर नगदी उड़ाई

**हल्द्वानी।** परीक्षा देने गए एक छात्र की स्कूटी की डिग्गी तोड़कर चोर ने हजारों की नगदी और अन्य सामान चुरा लिया। छात्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपते हुए मुखानी निवासी कमलेश ने कहा कि बीते 16 दिसंबर को वह अपने एक साथी के साथ एमबीपीजी कॉलेज परीक्षा देने के लिए गया था। तहरीर में कहा कि सुबह करीब 9 बजे उसने अपनी स्कूटी कॉलेज के पीछे गेट पर लॉक करके खड़ी की और परीक्षा देने के लिए कॉलेज चला गया। जब परीक्षा खत्म करके वापस लौटा, तो उसने देखा कि स्कूटी की डिग्गी का लॉक टूटा पड़ा था। पीड़ित छात्र ने कहा कि उसकी डिग्गी में पांच हजार रुपए और ईयर बड गायब थे। पुलिस ने छात्र की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए है। पुलिस ने दावा किया कि जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### दिव्यांग पिता की बेटी को कार ने मारी टक्कर, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड देवलचौड़ निवासी एक दिव्यांग पिता की बेटी को तेज रफ्तार कार सवार ने उस समय टक्कर मारी जब वह ट्यूशन से घर लौट रही थी। सड़क हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड निवासी विनोद कुमार भट्ट ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह स्वयं दिव्यांग हैं, और बीते 23 नवंबर को उनकी बेटी गुंजन बुलेट सवार साथी के साथ ट्यूशन से घर लौट रही थी। तभी ईको टाउन के पास तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि यह कार जेल रोड निवासी अंकित रावत चला रहा था। गुंजन को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पिता विनोद के अनुसार टीपीनगर में आरोपी से इस शर्त पर समझौता हुआ कि वह गुंजन का इलाज कराएगा, लेकिन डेढ़ लाख रुपए देने के बाद आरोपी इलाज से मुकर गया और अब वह छात्रा को धमकी भी दे रहा है। पिता ने तहरीर सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चैकिंग के दौरान धरा शराब तस्कर

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि मुखानी पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 166 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। तस्करी में प्रयुक्त बाइक को पुलिस ने सीज करते हुए तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को रात्रि मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी के नेतृत्व में एसआई अविनाश मौर्य मय टीम के साथ आम्रपाली चौकी बैरियर के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी एक बाइक संख्या यूके18जी-4028 आती दिखाई दी। पुलिस ने बाइक को रोककर उसके पास रखे थैले की तलाशी ली तो उसमें से 166 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम रेशम सिंह पुत्र जागर सिंह निवासी ग्राम ककराला थाना गदरपुर जिला उधमसिंह नगर बताया।

### पतलोट क्षेत्र में गुलदार की दहशत

**हल्द्वानी।** पतलोट क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते शुक्रवार देर शाम ग्राम सभा भाद्रेठा पतलोट में लक्ष्मण सिंह मटियाली की गौशाला के पास घात लगाए गुलदार ने एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार गुलदार की आवाजाही देखी जा रही है जिससे पशुधन के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा को भी खतरा बना हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को जल्द पकड़ने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है। समाजसेवी आन सिंह मटियाली ने वन विभाग से ग्रामीणों के आवासीय क्षेत्र और गौशालाओं के आसपास सोलर लाइट लगाने की मांग की ताकि रात के समय जंगली जानवरों की आवाजाही पर नजर रखी जा सके और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ी घटना घट सकती है।

## एसडीएम ने सुने राजस्व संबंधी विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीएम के आदेशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी राहुल शाह की अध्यक्षता में गठित राजस्व प्रवर्तन समिति ने शनिवार को तहसील क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व संबंधी विवादों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान समिति ने राजस्व अभिलेखों, स्थलीय निरीक्षण तथा प्रचलित विधिक प्रावधानों के परीक्षण के बाद विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया। कार्यवाही के अंतर्गत दो मामलों में अतिक्रमण हटाया गया। कुमाऊं कॉलोनी दमुवाढूंगा स्थित रकसिया नाले की लगभग एक बीघा सरकारी भूमि का कब्जा पुनः प्राप्त किया गया। तीन सीमांकन पैमाइश प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण के बाद निस्तारण किया गया, जिनमें शिवलालपुर का सीमांकन विवाद सम्मिलित है। फतेहपुर में मार्ग अतिक्रमण से संबंधित प्रकरण का निस्तारण करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। इसके अतिरिक्त खेड़ा क्षेत्र में निजी भूमि विवाद का भी निस्तारण किया गया। साथ ही राजस्व अभिलेखों में संशोधन से संबंधित कुल 38 प्रकरणों का निस्तारण समिति ने किया। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि समस्त कार्यवाही पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विधिसम्मत रूप से संपादित की गई। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार कुलदीप पाण्डेय, उपनिरीक्षक कोतवाली, पर्यवेक्षक कानूनगो ब्रजेश कुमार, पर्यवेक्षक कानूनगो संजय प्रसाद, रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित बोरा तथा संबंधित लेखपाल मौजूद रहे।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नमामि गंगे कार्यक्रम के निदेशक विशाल मिश्रा ने नगर निगम हल्द्वानी स्थित विकास भवन सभागार में नगर निगम, नगर पंचायत, स्थानीय नगर निकाय एवं पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में श्री मिश्रा ने निर्देश दिया कि नगर निकाय क्षेत्रों में सभी घरों से सेप्टिक निस्तारण के लिए प्रयुक्त वाहनों में जीपीएस अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। साथ ही, सभी निजी वाहनों का रजिस्ट्रेशन भी अनिवार्य किया जाए। उन्होंने सभी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को सेप्टिक मैनेजमेंट प्रोटोकॉल का सुचारू रूप से पालन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बागेश्वर और अल्मोड़ा में लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए प्रस्तावों को जिला गंगा समिति के जरिए एसएमसीजी को भेजने के निर्देश दिए, ताकि भारत सरकार से उनकी स्वीकृति प्राप्त हो सके। बैठक के बाद श्री मिश्रा ने राजपुरा नाला, गलूचा नाला और अन्य नालों का निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इन नालों को इंटरसेप्ट करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि ठोस और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए नमामि गंगे परियोजना काम कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखना है। बैठक में नगर आयुक्त परितोष वर्मा, सहित नगर निगम के सभी अधिशासी अधिकारी और पेयजल निगम के अधिकारी मौजूद रहे।



## पाकिस्तान के साथ दो युद्ध लड़ने वाले कर्नल रौतेला का अस्थि विसर्जन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जज फार्म निवासी और बागेश्वर जिले के कर्नल हरीश रौतेला की अस्थियों का विसर्जन शनिवार को रानीबाग स्थित चित्रशीला घाट में किया गया। बता दें कि कर्नल रौतेला का जन्म 29 जनवरी 1937 को बागेश्वर के नरगोली गांव में हुआ था। उन्होंने 1962 में सेना में कमीशन प्राप्त किया और 1988 में कर्नल के पद से सेवानिवृत हुए। उन्हें फील्ड मार्शल सैम मानैकशा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कई सम्मान प्राप्त हुए थे। कर्नल रौतेला ने 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में भाग लिया और 1971 के युद्ध में वीरता के लिए सेना मेडल से सम्मानित हुए थे। कर्नल रौतेला पिछले कुछ समय से अपने बेटे सुखेंदु रौतेला के साथ बेंगलुरु में रह रहे थे। उम्र संबंधी कारणों से उन्हें मणिपाल अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां 16 दिसंबर को उनका निधन हो गया। 18 दिसंबर को बेंगलुरु में सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ था। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनकी अस्थियों का विसर्जन उनके बेटे सुखेंदु और राघवेंद्र रौतेला व पुरोहित शिव दत्त जोशी ने रानीबाग चित्रशिला घाट में परंपरागत तरीके से किया। इस मौके पर इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत, प्रो. आनंद सिंह रौतेला, दान सिंह रौतेला, कैलाश रौतेला, वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला, डा. रमेश चन्द्र मेहता, सुशील रौतेला, अशोक रौतेला, निक्कू रौतेला, चिरंजीवी रौतेला, शोभा रावत, शंकर रौतेला सहित कई लोग मौजूद रहे।



## 'चार साहिबजादे' फिल्म दिखाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिख फेडरेशन हल्द्वानी द्वारा प्रथम पोह के अवसर पर खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में छात्राओं को चार साहिबजादे पिक्चर दिखाई गई। इस फिल्म में गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार से बिछड़ने, चारों साहिबजादों और माता गुजर कौर जी की शहीदी तक के ऐतिहासिक घटनाक्रम को चित्रित किया गया। फिल्म के दौरान छात्राओं और स्कूल स्टाफ ने सिख इतिहास को गहराई से समझा। खालसा स्कूल की उप प्रधानाचार्य कल्पना जोशी ने सिख फेडरेशन हल्द्वानी को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम में सिख फेडरेशन के सदस्य गुरशरण कौर, बीना अधिकारी, बलजीत कौर, गुरुप्रीत सिंह प्रिन्स, गगनदीप कोहली, विक्की नरुला, मनमीत सिंह, तरन बिंद्रा, गुरजीत कोहली, परमजीत सिंह, रुबनप्रीत सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# बिजली चोरी के आरोपों पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता (नगर) का घेराव कर विद्युत विभाग द्वारा बनभूलपुरा में 87 प्रतिशत और गांधी नगर में 70 प्रतिशत बिजली चोरी के दावे पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यदि आंकड़े सही हैं तो इतनी बड़ी चोरी विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है और संबंधित एसडीओ, जेई व कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही आरोपों के समर्थन में साक्ष्य और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की गई। भीम आर्मी ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर भी आपत्ति जताते हुए पुराने मीटरों की राशि वापसी, स्मार्ट मीटर की वसूली स्पष्ट करने और उपभोक्ताओं की सहमति के बिना मीटर न लगाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर जनविरोधी हैं, इससे बिल बढ़ रहे हैं और निजीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त को भी ज्ञापन भेजा गया। घेराव करने वालों में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, जीतराम, हरीश लोधी, सुंदरलाल बौद्ध, सखावत हुसैन, रितिक कांत, नादिर सैफी, कमाल अहमद, मोहम्मद युनुस, खेम चंद्र आर्य, कैलाश पांडे, शंकर लाल, अनवर अंसारी, फिरोज खान, जीतराम, आरपी गंगोला, जमील अहमद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने भी समर्थन दिया जिसमें मेंहदी हसन, कुलदीप सिंह, मोहम्मद अनीस, तहज़ीम अली आदि थे।



# सिंथिया और बिरला ने जीती फुटबाल ट्राफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी और सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल लामाचौड़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेवन ए साइड अंतरविद्यालयी बालिका-बालक फुटबॉल कप का शनिवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल और शिवालिक स्कूल और बालक वर्ग में आर्यमान विक्रम बिरला और बीरशिबा स्कूल ने ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जूनियर बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर का पुरस्कार शिवालिक स्कूल की मनस्वी गिरी, अनायशा बिष्ट को बेस्ट स्ट्राइकर एवं डॉन बोस्को की किरण शर्मा को उभरता हुआ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। बालक जूनियर वर्ग में शिवालिक के नमन चुफाल को राइजिंग प्लेयर ऑफ-द टूर्नामेंट तथा पार्थ सिंह चौहान को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर तथा आर्यमान विक्रम बिरला के नैतिक जोशी को बेस्ट स्ट्राईकर का पुरस्कार दिया गया। सीनियर बालिका वर्ग में सिंथिया स्कूल से खुशी सनवाल को राइजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, अक्षिता पाठक को बेस्ट स्ट्राइकर, कृतिका पंत को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर, बालक वर्ग में व्हाइटहॉल के विवेक पंत को राइजिंग प्लेयर ऑफ-द टूर्नामेंट, नैतिक रौतेला को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर तथा बीरशिबा के ऋषभ मेहरा को बेस्ट स्ट्राइकर का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय धावक और पूर्व उप खेल निदेशक सुरेश चंद्र पांडेय ने खिलाड़ियों से अनुशासन और मेहनत के साथ खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने की प्रेरणा दी। मुक्केबाजी के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक देवेंद्र भट्ट और वॉलीबॉल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्याम भट्ट ने भी प्रतिभागियों को खेलों को करियर बनाने और नियमित अभ्यास की आवश्यकता पर जोर दिया। समापन समारोह का संचालन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर बीबी जोशी ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, निदेशक रश्मि रौतेला, सेंट लारेंस की प्रधानाचार्य अनीता जोशी, चेयरमैन अनिल जोशी, प्रबंधक सुनील जोशी, स्कॉलर अकादमिक होम के प्रबंधक कंचन कुमार, सागर किड्स केयर के प्रबंधक प्रशांत पंत, अधिवक्ता श्यामसुंदर बेलवाल, डा. अतुल राजपाल, अमित राजपाल, होली ट्रिनिटी के अजय चौधरी, निदेशक ओमपाल रौतेला, सुरेश पाल रौतेला, हेरिटेज के निदेशक श्यामल दास, प्रधानाचार्या तूलिका रस्तोगी, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर कात्यायन रौतेला, अनिका वर्मा, सुरेश चंद्र मिश्रा, महेश जोशी, मोहन चंद्र जोशी, भुवन चंद्र पंत, पुष्कर राजपूत, समयराज, गोविन्द सिंह मौजूद रहे।




मनस्वी सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर, अनायशा बेस्ट स्ट्राइकर

## डीएम रयाल ने हल्द्वानी तहसील का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने हल्द्वानी तहसील का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले की सभी तहसीलों में भूमि संबंधित विभिन्न कार्यों, जैसे पैमाइश, नफती, सीमा विवाद निस्तारण, सरकारी भूमि पर कब्जे और कुर्रे बनाने के संबंध में दिए गए पूर्व दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील हल्द्वानी के विभिन्न पटलों में जाकर दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। उन्होंने तहसील स्तर पर गूल विवाद, पैमाइश, जमीनों के कुर्रे, सर्वे कार्य और अतिक्रमण चिन्हीकरण के संबंध में उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से जानकारी ली। उपजिलाधिकारी ने जिलाधिकारी को सूचित किया कि अब तक तहसील हल्द्वानी में 79 प्रकरणों में से 29 का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि बाकी प्रकरणों का निस्तारण शीघ्रता से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मामलों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हरिद्वार में मशरूम ग्राम का उद्घाटन, किसानों को नए अवसर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुग्गावाला में एमबी फूड्स द्वारा विकसित 'मशरूम ग्राम' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने एमबी फूड्स की टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि मशरूम उत्पादन कम भूमि, कम जल और कम समय में अधिक लाभ देने वाला प्रभावी उद्यम है, जिससे किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होने और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक मजबूती मिलने की संभावना जताई। उन्होंने कहा कि 'मशरूम ग्राम' मॉडल राज्य के अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणा बनेगा और कृषि आधारित उद्यमिता को नई दिशा देगा।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए किसानों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। साथ ही किसान मानधन योजना, मिलेट मिशन, बागवानी विकास मिशन, कृषि यंत्र सब्सिडी, बूंद-बूंद सिंचाई योजना और डिजिटल कृषि मिशन जैसी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने फार्म मशीनरी बैंक योजना, पॉलीहाउस निर्माण हेतु 200 करोड़ रुपये के प्रावधान और गेहूं, गन्ना, सेब, कीवी तथा ड्रैगन फ्रूट जैसी फसलों के लिए राज्य स्तर की नीतियों का उल्लेख किया। इसके साथ ही 'महक क्रांति' और 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड के माध्यम से किसानों और स्थानीय कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में कृषिमंत्री गणेश जोशी, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक ज्वालापुर रवि बहादुर, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व और वर्तमान राज्य मंत्री, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय कृषक और एमबी फूड्स के कर्मचारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से सरकार के प्रयासों में सहयोग की अपील की और कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से ही देवभूमि उत्तराखंड को कृषि सहित सभी क्षेत्रों में अग्रणी राज्य बनाया जा सकता है।



# दिल्ली में पीर रतन नाथ मंदिर पर कार्रवाई के विरोध में अनुयाईयों ने निकाला रोष मार्च

## सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर मंदिर की जमीन मंदिर को वापस देने की मांग की

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** डीडीए व एमसीडी द्वारा दिल्ली झंडेवालान स्थित पीर रतननाथ मंदिर परिसर में की गई कार्रवाई के विरोध में मंदिर से जुड़े अनुयायियों ने भीमगोड़ा स्थित पीर रतननाथ मंदिर से हरे राम संकीर्तन के साथ सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक रोष मार्च निकाला और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर केंद्र और दिल्ली सरकार से मंदिर की जमीन मंदिर समिति को वापस देने की मांग की। पीर रतनाथ मंदिर भीमगोड़ा के पुजारी विपिन शर्मा, दिनेश जोशी, हरि गौतम ने बताया कि 29 नवम्बर को दिल्ली झंडेवालान के पास प्राचीन पीर रतन नाथ मंदिर पर डीडीए द्वारा मंदिर परिसर के तुलसी वाटिका, लंगर हॉल को बुल्डोजर से ध्वस्त कर दिया गया था। जिस कारण मंदिर की व्यवस्थाओं में दिक्कत आ रही है,। मंदिर की बिजली और पानी की लाइन काट दी गई तथा सीवर लाइन को भी नुकसान पहुंचाया गया। जिससे मंदिर अंधेरे में डूबा रहा और भगवान को नियमित भोग लगाने में भी परेशानी हुई। इतना ही नहीं मंदिर में अलग से बिजली सप्लाई करने के लिए रखे गए जेनरेटरों को भी सड़क पर फेंक दिया गया। जिस कारण शाम को मंदिर मे भगवान की आरती मोमबत्तियां जलाकर की गयी। मंदिर में रोजाना दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन करने से वंचित किया गया। कार्रवाई का विरोध करने पर सैकड़ों लोगों को बस में भरकर 40-50 किलोमीटर दूर छोड़ा गया। इस कार्रवाई से मंदिर के अनुयायियो की आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से मंदिर की जमीन वापस करने तथा मंदिर परिसर में लगाई गई टीन शेड को हटाने तथा परिसर में पुनः दीवार बनाने की अनुमति दिए जाने की मांग भी की। रोष मार्च में शामिल होने वालों में पीर रतनाथ मंदिर भीमगोड़ा के पुजारी विपिन शर्मा, दिनेश जोशी, हरि गौतम, पुरोहित नंद किशोर पाठक, राम अरोड़ा, हरि मोहन, विमल शर्मा, पवन लोगांनी, राम प्रकाश अरोड़ा, कौशल नारंग, जयदेव नारंग, युवराज मेहरा, धीरज मेहरा, देव अरोरा, विजय मल्होत्रा, आशा भारद्वाज, सुनीता अरोड़ा, प्रमिला गौतम, शशि, चंद्रा जोशी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।



# वसुधैव कुटुंबकम फाउंडेशन ने अंध विद्यालय के बच्चों को वितरित किए जूते

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वसुधैव कुटुंबकम फाउंडेशन ने अंध विद्यालय में दृष्टिबाधित 65 बच्चों को जूते वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन की अध्यक्षा रेनू अरोड़ा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम संयोजक विनीता सिकोरिया ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य दृष्टिबाधित और जरूरतमंद बच्चों की मदद करना और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करना है। उन्होंने बताया कि सर्दियों का सीजन शुरू हो चुका है। ठंड से बचाव के लिए बच्चों को जूते वितरित करना एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि इस पहल से दृष्टिबाधित बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। फाउंडेशन की उपाध्यक्ष सोनिया अरोड़ा ने बताया कि नियमित रूप से अंध विद्यालय के बच्चों के पास जाकर उनके साथ समय व्यतीत कर उनकी जरूरतों को समझने का प्रयास किया जा रहा है। फाउंडेशन की अध्यक्षा रेनू अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन समय-समय पर दृष्टिबाधित बच्चों और जरूरतमंद बच्चों के साथ जुड़ने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम में शहर के कई सम्मानित लोगों ने सहयोग किया। इस अवसर पर कीर्ति अरोड़ा, अंकित नेगी, सीमा पाराशर, अंजू, सुमित गोयल, कनिका अग्रवाल, नीना अरोड़ा, चेतन अरोड़ा, वैशाली बत्रा, मीनाक्षी सांडिया, मनीष छाबड़ा, रगोरीका अग्रवाल, किरण कुमार आहूजा, अभिषेक सिकोरिया, मन्नत, राधिका प्रवीण अरोड़ा, नीलम छाबड़ा, मनीषा छाबड़ा, सुमित गोयल, गुंजन अरोड़ा, आशा रानी, प्रीति आहूजा, निधि अग्रवाल, संगीता आहूजा, निधि चावला, रुचि तनेजा, पूजा अरोड़ा, मीनाक्षी अरोड़ा आदि शामिल रहे।



# भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन ने किया जिलाधिकारी को सम्मानित

## सफाई अभियान और जन शिकायतों का त्वरित समाधान करने की सराहना की

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने और जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान करने की जिला प्रशासन की पहल को सामाजिक संगठनों से सराहना मिल रही है। शनिवार को भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन ने हरिद्वार में चल रहे सफाई महाअभियान और जनसुनवाई में समस्याओं का तुरंत निस्तारण करने पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित को सम्मानित किया। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव इरशाद अली ने कहा कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के नेतृत्व में स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका सकारात्मक असर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान सड़क, सफाई, पेयजल, बिजली और राजस्व संबंधी शिकायतों का मौके पर समाधान होने से आमजन को बड़ी राहत मिल रही है, जो प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता को दर्शाता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी बालक दास महाराज और राष्ट्रीय सह प्रभारी राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि प्रभावी जनसुनवाई और सफाई महाअभियान ने प्रशासन और जनता के बीच भरोसा बढ़ाया है। इन अभियानों से शहर की व्यवस्था में सुधार आया है और लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष इरफान भट्टी ने कहा कि प्रशासन को उपनगरी ज्वालापुर में भी बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाने के साथ जन जागरूकता के लिए मुहिम शुरू करनी चाहिए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सम्मान के लिए यूनियन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में जनभागीदारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से अपने क्षेत्रों में नियमित सफाई अभियान चलाने और स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रीना, राष्ट्रीय सलाहकार यशपाल चौधरी, मोहम्मद अखिल, इरफान अली, फरमान अली, प्रदेश सचिव पंकज मलिक, शाहनवाज शाह, जहीर अहमद, फैयाज अली, अमरेश कुमार, एजाज अली, रितिक कुमार, रिजवान अली, प्रदेश सचिव महावीर सिंह गुर्जर, जिला अध्यक्ष फरमान अंसारी सहित यूनियन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



# शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान एवं ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर सर्वोदय ब्लड बैंक, शामली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग साधकों एवं नगर के अन्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन दिव्य योग संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, श्रवन संगल, सुभाष शर्मा, मंत्री अजय शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है, जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सकता है।

# बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर हरिद्वार पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर बालिका को सकुशल बरामद किया है। दिनांक 20 दिसंबर 2025 को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 04 नवंबर 2025 को वादी सुलेख पुत्र स्वर्गीय कलीराम, निवासी तिरूपति कॉलोनी सलेमपुर महदूद रानीपुर, द्वारा थाने में सूचना दी गई थी कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अनिल पुत्र चिरौंजी लाल ने बहला-फुसलाकर भगा लिया है। इस सूचना पर कोतवाली रानीपुर में मु0अ0सं0 446/25 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक रानीपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अध्ययन करते हुए बालिका की बरामदगी एवं आरोपी की तलाश की गई। दिनांक 19 दिसंबर 2025 को नामजद आरोपी अनिल अपने परिजनों के साथ नाबालिग बालिका को थाने लेकर पहुंचा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिनांक 03 नवंबर 2025 को शादी करने की नीयत से बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ दिल्ली ले गया था। पुलिस द्वारा पीड़िता को संरक्षण में लेते हुए आरोपी अनिल पुत्र चिरौंजी लाल, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कटरा कैरान मोहल्ला थाना कटरा जिला शाहजहांपुर (उ.प्र.), हाल पता ग्राम सलेमपुर रानीपुर हरिद्वार को धारा 137(2), 87 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार, उपनिरीक्षक सुबोध घिल्डियाल तथा महिला कांस्टेबल 1016 अनीता शामिल रहीं।




# फरार अपहरण आरोपी पर रानीपुर पुलिस की उद्घोषणा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अपहरण के मामले में दो माह से फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ रानीपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उद्घोषणा की कार्रवाई की है। कोतवाली रानीपुर पर दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को ग्राम कुतुबपुर निवासी वादी द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव के ही रहने वाले आरोपी विकास उर्फ काला पुत्र धर्मपाल, निवासी ग्राम कुतुबपुर गढ़मीरपुर, रानीपुर द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना दी गई थी। इस पर तत्काल मुकदमा संख्या 421/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

मामले में नाबालिग बालिका की बरामदगी एवं नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक रानीपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए गए, लेकिन आरोपी के फरार रहने पर न्यायालय से गैर-जमानती वारंट प्राप्त किए गए। इसके बाद न्यायालय से धारा 84 बीएनएसएस के अंतर्गत फरारी की उद्घोषणा आदेशित होने पर आज दिनांक 20 दिसंबर 2025 को प्रभारी निरीक्षक रानीपुर के नेतृत्व में चौकी प्रभारी सुमननगर उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार द्वारा कोर्ट के आदेशानुसार ग्राम कुतुबपुर स्थित आरोपी के घर पर ढोल-नगाड़ों के साथ उद्घोषणा चस्पा की गई। पुलिस ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी का दावा किया है।



# स्काउट गाइड शिविर का समापन

**शामली।** जनता आदर्श इंटर कॉलेज मालैंडी में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन शनिवार को विधिवत रूप से किया गया। समापन कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। इसके पश्चात जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने शिविर में शामिल स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। शिविर के दौरान बच्चों द्वारा अनुशासन, आत्मनिर्भरता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने सुंदर तंबू निर्माण किया तथा बिना बर्तन के भोजन बनाकर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। तंबू निर्माण प्रतियोगिता में गाइड टोली संख्या 7 गुलाब टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्काउट टोली संख्या 9 चन्द्रशेखर आजाद द्वितीय एवं टोली संख्या एक ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजेता टोली सहित सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी, अनुज कुमार, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, पूनम, काजल, यशपाल, दीपक, संजय आदि मौजूद रहे।

## गंगेरू मार्ग पर गन्नों से भरे ट्रक बन रहे जानलेवा, हादसों पर अंकुश की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग से होकर गुजरने वाले गन्नों से लदे भारी ट्रक लगातार हादसों को न्योता दे रहे हैं।भीड़भाड़ वाली इस सड़क पर दिन-रात तेज रफ्तार से गुजर रहे ट्रकों के कारण स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

# फरार वारंटी गिरफ्तार

## ज्वालापुर पुलिस की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में माननीय न्यायालय के आदेशानुसार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ज्वालापुर पुलिस को सफलता मिली है। दिनांक 19 दिसंबर 2025 को न्यायालय द्वारा जारी वारंट की तामील करते हुए पुलिस ने लगातार फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान बसंत उर्फ गुड्डू पुत्र बालमुकुंद निवासी बलराम गिरी, रामगढ़ खड़खड़ी, कोतवाली नगर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध वाद संख्या 1935/2025 के अंतर्गत धारा 413 भादंवि में मामला पंजीकृत है। गिरफ्तारी की यह कार्रवाई अपर उप निरीक्षक गंम्भीर तोमर के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल गोवर्धन प्रसाद एवं कांस्टेबल यशवंत सिंह द्वारा की गई। पुलिस द्वारा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



# जापान और आस्ट्रेलिया से आए भक्तों ने ली स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती से दीक्षा

## विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है सनातन धर्म संस्कृति-स्वामी रामेश्वरानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जापान और आस्ट्रेलिया से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने सन्यास मार्ग कनखल स्थित रामेश्वर आश्रम पहुंचकर आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती से दीक्षा प्राप्त की और आशीर्वाद लिया। श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। पूरे संसार को अपना मानने वाली सनातन संस्कृति की विशेषतााओ से प्रभावित होकर पश्चिमी देशों के लोग भी इसे अपना रहे हैं। स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि भगवान श्रीराम सनातन धर्म के आदर्श हैं। भगवान श्रीराम के आदर्शो का अनुसरण करने वाले व्यक्ति को जीवन में कभी दुख और संकट का सामना नहीं करना पड़ता। श्रीराम की कृपा से जीवन सहज और सरल हो जाता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में निर्मित हुआ भव्य श्रीराम मंदिर पूरे विश्व को आध्यात्मिकता के प्रकाश से आलोकित कर रहा है। श्रद्धालु भक्तों से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि जापान और आस्ट्रेलिया में भगवान श्रीराम के आदर्शो का प्रचार प्रसार कर लोगों को प्रेरित करें। इस अवसर पर आस्ट्रेलिया स्थित रामेश्वर आश्रम के कोठारी चौतन्यानंद, स्वामी नरेशानंद, गौरव भारद्वाज, अमित वालिया सहित जापान व आस्ट्रेलिया से आए श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।



# पथरी पुलिस ने 7 बेहरुपी बाबा पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे "ऑपरेशन कालनेमि" अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशों पर थाना पथरी पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 07 बेहरुपी बाबाओं को हिरासत में लिया है। दिनांक 20 दिसम्बर 2025 को थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने पाया कि ये व्यक्ति बाबा के भेष में तंत्र-मंत्र, जादू-टोना जैसी गतिविधियों का प्रदर्शन कर स्थानीय लोगों एवं यात्रियों को आकर्षित कर रहे थे, जिससे मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो रही थी और शांति भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धारा 172(2) ठछै के अंतर्गत सभी 07 बेहरुपी बाबाओं को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान उप निरीक्षक महेंद्र पुंडीर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुस्तैदी से कार्रवाई कर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।



# जाम लगाने वाले 24 टैम्पो सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार पुलिस द्वारा रोडवेज बस अड्डा एवं रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क पर खड़े होकर जाम लगाने वाले विक्रम/टैम्पो चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के नेतृत्व में शिवमूर्ति चौक से रोडवेज बस अड्डा एवं रेलवे गेट तक यह अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े होकर यातायात बाधित करने एवं अवैध रूप से संचालन कर रहे वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 24 विक्रम/टैम्पो को सीज किया, जबकि 26 विक्रम/टैम्पो का मौके पर नगद चालान कर रू 13,000 संयोजन शुल्क वसूला गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू हुई और आम जनता व यात्रियों को राहत मिली।

# ऑपरेशन कालनेमिः ज्वालापुर में 7 ढोंगी बाबा गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में ऑपरेशन कालनेमि के तहत हरिद्वार पुलिस ने धार्मिक आस्था से खिलवाड़ करने वाले ढोंगी बाबाओं के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत ज्वालापुर पुलिस ने दिनांक 20 दिसंबर 2025 को चेकिंग के दौरान साधु संतों के भेष में तंत्र-मंत्र व जादू-टोने का प्रदर्शन कर स्थानीय लोगों व यात्रियों को आकर्षित करने वाले 07 बेहरुपी बाबाओं को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार इन गतिविधियों से मौके पर भीड बढ़ रही थी, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली ज्वालापुर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को धारा 172(2) बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



# कोतवाली नगर क्षेत्र में सट्टेबाजी पर पुलिस की कार्रवाई


शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के दिशा-निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 19 दिसंबर 2025 को रोडीबेलवाला क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं जुर्म-जरायम की रोकथाम हेतु संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि पंचपुरी टेंपो ट्रेवलर स्टैंड के पास स्थित झुग्गी-झोपड़ी के सामने एक व्यक्ति चर्खी के माध्यम से सट्टे की खाई-बाड़ी कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और झुग्गी की आड़ में सट्टेबाजी करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। आरोपी के कब्जे से चर्खी सट्टा, एक हरे रंग का पेन, सट्टा पर्ची, गत्ता तथा जेब से कुल रू 8,760 नकद बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रोहित पुत्र स्वर्गीय श्याम सुंदर निवासी एन-47 शिवालिक नगर, थाना रानीपुर, जनपद हरिद्वार बताया। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# भगवान शनिदेव न्याय के देवता हैं - महंत कौशलपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल स्थित काल भैरव मंदिर आशारोड़ी के परमाध्यक्ष महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि भगवान शनिदेव न्याय के देवता हैं। उनके दर्शन करने मात्र से ही व्यक्ति का जीवन बदल जाता है। शनिवार को मंदिर में दर्शन पूजन करने आए श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आती है। पहली बार बचपन में, दूसरी बार युवावस्था में और तीसरी बार वृद्धावस्था में। उन्होंने कहा कि शनिदेव ही साढ़ेसाती के संकट को दूर करते हैं। न्याय के देवता शनिदेव भगवान बहुत ही कृपालु हैं। श्रद्धापूर्वक उनकी पूजा अर्चना करने से साढ़ेसाती का संकट भी दूर हो जाता है। भगवान शनिदेव की कृपा से जीवन भगसागर से पार हो जाता है। उन्होंने बताया कि अमावस्या की रात में 8 बादाम और काजल की डिबिया को काले कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख लें। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा सदैव बनी रहती है और कारोबार में बरकत होती है। महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि देवताओं के न्यायाधीश शनिदेव की लीला अपरंपार है। शनिदेव की पूजा करने से सकारात्मक फल की प्राप्ति होती है। इसलिए जीवन में सदैव सत्याचरण का पालन करते हुए सद्मार्ग पर चलें। गरीब, असहाय लोगों की मदद करें। नशे से दूर रहें और सात्विक आहार और व्यवहार का पालन करें। ऐसा करने से शनिदेव प्रसन्न होकर भक्तों का कल्याण करते हैं।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

# सरकार जनता के द्वार बना गरीबों के लिए महाकुंभ



**लोहाघाट।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आम जनता, विशेषकर गरीब और वंचित वर्ग के लिए किसी महाकुंभ से कम साबित नहीं हो रहा है। जिले के आदर्श कहे जाने वाले गांव रायनगर चौड़ी में आयोजित इस कार्यक्रम में एक ही स्थान पर 23 विभागों के स्टाल लगाकर 506 लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया, जबकि दर्जनों लोगों की समस्याओं और मांगों को मौके पर ही स्वीकार कर उन्हें प्रक्रिया में शामिल किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे ने कहा कि चंपावत जिले के लोग कितने खुशनसीब है जिन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी जैसे ऐसे व्यक्ति को चुना, जिनकी परिकल्पना के अनुरूप उत्तराखंड को जो नई पहचान मिल रही है। उसका देश के अन्य राज्य भी अनुकरण कर रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी की कार्यशैली की सराहना की। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम की मूल अवधारणा यह है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजना पहुंचे, वह भी उसके घर के पास। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता तभी मानी जाएगी जब एक भी पात्र व्यक्ति सरकारी सुविधा से वंचित न रहे। शिविरमें एसडीएम नितेश डांगर, मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी एमएस बिष्ट, तहसीलदार भीम सिंह कोटियाल, नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, ग्राम प्रधान जानकी राय, सतीश चंद्र पांडे, निर्मल मेहरा, भैरप दत्त राय, जितेंद्र राय, नाथूराम राय, बिपिन राय, देवेंद्र राय, मनोज कापड़ी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# न्यायिक कार्यप्रणाली पर अधिवक्ताओं ने जाहिर की अपनी नाराजगी



शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** जिला बार संघ चंपावत की एक आपात बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट राम सिंह बिष्ट ने की। बैठक में अधिवक्ताओं ने न्यायालयों की कथित कार्यप्रणाली को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए कुछ न्यायिक अधिकारियों पर कथित तानाशाही रवैये का आरोप लगाया।

अधिवक्ताओं का कहना था कि जिला जज अनुज संगल द्वारा अधीनस्थ न्यायाधीशों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखा जा रहा, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा है। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि हाल ही में सीजेएम निहारिका मित्तल द्वारा बार संघ अध्यक्ष के साथ की गई कथित बदसलूकी की शिकायत जिला जज से दो बार किए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 दिसंबर को लोहाघाट स्थित आईटीबीपी बटालियन में प्रस्तावित विधिक शिविर का बहिष्कार किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट सुनील खर्कवाल, द्वारिका प्रसाद, गिरीश उप्रेती, सुरेश जोशी, अशोक चौधरी, मनोज राय सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सोर वैली पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सोर वैली पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर 10 तक के सभी विद्यार्थियों के लिए अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन कराया गया । इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नवीन कापड़ी, हिमानी कोरंगा, कमान सिंह सामंत, गोपाल बोरा, आशु बिष्ट, महेश भट्ट विद्यालय प्रबंधक गणेश ठकुराठी , प्रधानाचार्या ममता धौनी एवं सभी स्टाफ उपस्थित रहा।

# 'एक पुकार और मदद हाजिर' जावेद हुसैन दरियादिली की मिसाल

**टनकपुर।** गांव में अगर किसी का नाम निस्वार्थ सेवा, इंसानियत और संवे. दना का पर्याय बन चुका है, तो वह हैं मनिहारगोठ निवासी जावेद हुसैन। जिनका कोई सानी नहीं। किसी की तबीयत बिगड़ी हो, हादसा हो या अचानक इलाज की जरूरत एक आवाज लगाइए और जावेद हुसैन मदद के लिए पहुंच जाते हैं। अब तक जावेद हुसैन ने गांव और आसपास के दर्जनों जरूरतमंद लोगों को बेहतर अस्पतालों तक पहुंचाकर उनका समुचित इलाज दिलवाया है, किसी से एक रुपया तक नहीं लिया। कई मामलों में उन्होंने अपने निजी संसाधनों से व्यवस्था कर मरीजों को बड़े शहरों के अस्पतालों तक पहुंचाया, तो कई बार रात–दिन की परवाह किए बिना खुद साथ रहकर इलाज कराया। उनके लिए सेवा कोई प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि इंसानियत की जिम्मेदारी है। गांववा. सियों का कहना है कि " आज के समय में जहां लोग मदद के नाम पर भी स्वार्थ देखते हैं, वहीं जावेद हुसैन बिना किसी स्वार्थ के हर जरूरतमंद के साथ खड़े नजर आते हैं।

# राजस्व विभाग ने दो बीघा नवीन प्रति की भूमि से हटाया अतिक्रमण

**खटीमा।** राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम कंचनपुरी में खसरा नंबर 43 नवीन प्रति की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा कराए गए अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से ढाया गया, जिससे भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया।

शनिवार को राजस्व विभाग की टीम एसडीएम तुषार सैनी की अध्यक्षता में ग्राम कंचनपुरी में नवीन प्रति की भूमि पर कब्जा कर अवैध कालोनी काटने तथा भूमि पर कब्जा करने के इरादे से बाउंड्री बॉल निर्माण किया गया, जिसे विभाग ने जेसीबी की सहायता से गिरा दिया तथा भूमि पर बने तीन अवैध मकानों को चिन्हित कर खाली करने की दिशा निर्देश दिए। अचानक राजस्व विभाग की कार्रवाई से भू माफियाओं और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय: "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून–248006
दूरभाष: 0135–2763808, फैक्स नं0 0135–2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक: 1001 दि0: 20.12.2025

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सि0–अनु0) म0भा0–।। जोशियाड़ा उत्तरकाशी द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से पृथक एवं मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

**निविदा संख्या :** 09/अधि0 अभि0 (सि0–अनु0)/म0भा0–II/जोशियाड़ा/2025–26

**कार्य का नाम :** मनेरी भाली द्वितीय चरण के जोशियाड़ा स्थित जोशियाड़ा बैराज का वार्षिक जानपदीय अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य।

**अनुमानित लागत :** रु0 24,91,904.00 (जी0एस0टी0 रहित)।

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 22.12.2025 सांय 5:00 बजे से।

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 13.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया निगम वेबसाइट **"ujvnl.uk.gov.in"** पर देखें।

अधिशासी अभियन्ता (सि0–अनु0) म0भा0–II जोशियाड़ा

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# बिना ई–केवाईसी अब गैस नहीं! 31 दिसंबर की डेडलाइन

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए अंतिम चेतावनी जारी कर दी गई है। जनपद के सभी एलपीजी उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से ई–केवाईसी करानी होगी, अन्यथा रसोई गैस रिफिलिंग की सुविधा पूरी तरह बंद कर दी जाएगी।

टनकपुर गैस गोदाम प्रबंधक गो. विंद आर्य ने साफ शब्दों में कहा है कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक ई–केवाईसी नहीं कराई है। ऐसे उपभोक्ताओं की गैस रिफिलिंग की सुविधा पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। उन्होंने चेताया कि निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्तर पर कोई ढील नहीं दी जाएगी और बिना ई–केवाईसी वाले उपभोक्ताओं को गैस रिफिल नहीं मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं की ई–केवाईसी पहले ही हो चुकी है, उन्हें दोबारा कराने की जरूरत नहीं है, लेकिन जिनका रिकॉर्ड अधूरा है, उन्हें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। कहा कि उज्जवला गैस उपभोक्ताओं के लाभार्थियों को ई केवाईसी प्रति वर्ष कराना अनिवार्य है।

**प्रशासन का दो टूक संदेश**

अब लापरवाही नहीं चलेगी। ई–केवाईसी नहीं तो गैस नहीं। समय रहते प्रक्रिया पूरी न करने पर घरेलू रसोई पर सीधा असर पड़ेगा और इसकी जिम्मेदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी। जनहित में जारीख्रआज ही ई–केवाईसी कराएं, वरना 31 दिसंबर के बाद गैस सिलेंडर सिर्फ सपना बनकर रह जाएगा।

# डाइट लोहाघाट में चार दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन

- **विद्यालय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, मानव–वन्यजीव संघर्ष और सड़क सुरक्षा पर मिला व्यवहारिक प्रशिक्षण**



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) लोहाघाट में आयोजित चार दिवसीय बाल आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यशाला का आज सफल समापन हो गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर संयोजक डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं प्रभारी प्राचार्य दिनेश खेतवाल ने प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यशाला का संचालन प्रवक्ता कृष्ण सिंह ऐरी तथा डा. एलएस यादव द्वारा किया गया।

इस दौरान नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, विद्यालय सुरक्षा के संदर्भ में आपदा की समझ, डिजास्टर मैनेजमेंट, विद्यालयी परिप्रेक्ष्य में आपदा का बच्चों पर प्रभाव, मानव–वन्यजीव संघर्ष, सड़क सुरक्षा, मादक पदार्थों एवं नशे के दुष्प्रभाव तथा विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत व्याख्यान दिए गए। वन विभाग के अधिकारियों अजय दीप टम्टा, रोहित मेहता, हिमांशु ढेक, मोनिका बोहरा एवं राखी जोशी ने मानवख्रवन्यजीव संघर्ष से जुड़ी सावधानियों एवं बचाव उपायों पर पीपीटी के माध्यम से प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण दिया।

वर्तमान समय में क्षेत्र में बढ़ रही गुलदार की समस्या पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वहीं यातायात निरीक्षक हयात सिंह अधिकारी एवं उनकी टीम ने सड़क सुरक्षा विषय पर व्यावहारिक जानकारी देते हुए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यशाला के सफल आयोजन में प्रभारी प्राचार्य डीएस खेतवाल, प्रवक्ता कृष्ण सिंह ऐरी, मनोज भाकुनी, डॉ. अनिल मिश्रा, अविनाश शर्मा, दीपक सोराड़ी, नवीन उपाध्याय, पारुल शर्मा सहित अन्य स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य दिनेश खेतवाल ने प्रतिभागियों से अपील की कि कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव को विद्यालयों में विद्यार्थियों तक अवश्य पहुंचाएं, ताकि बच्चों में आपदा के प्रति जागरूकता और सुरक्षा की समझ विकसित हो सके। कार्यशाला में बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के कुल 25 शिक्षक–शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006
दूरभाष: 0135–2763808, फैक्स– 0135–2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक–998 दिनांक– 20/12/2025

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सिविल), मनेरी भाली–।।, चिन्यालीसौड़ इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**1. निविदा संख्या 24 / अधि अभि(सिविल) / एमबी– ।। / चिन्यालीसौड़ / 2025–26**

**2. निविदा संख्या 25 / अधि अभि(सिविल) / एमबी– ।। / चिन्यालीसौड़ / 2025–26**

**1. कार्य का नामः–** मनेरी भाली द्वितीय चरण की शक्तिपुरम कालोनी में डी.पी. टाइप के आवासीय परिसर में सुरक्षात्मक कार्य।

**2. कार्य का नामः–** शक्तिपुरम कालोनी चिन्यालीसौड़ में पानी की सप्लाई व्यवस्था से सम्बन्धित फिल्ट्रेशन प्लांट / पम्प हाऊस (पम्प और इलैक्ट्रीकल्स फिटिंग) नगुणगाड हैड वर्क्स सहित वार्षिक रख–रखाव एवं अनुरक्षण का कार्य।

**1. अनुमानित लागत रू. 6,61,274.00 (GST अतिरिक्त)**

**2. अनुमानित लागत रू. 24,99,348.00 (GST अतिरिक्त)**

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 23.12.2025 सांय 5:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 16.01.2026 प्रातः 11:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता (सिविल), एम.बी.– ।।, चिन्यालीसौड

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# लोकतंत्र की मजबूती की आधरशिला है बूथ लेवल एजेंट की भूमिकाः 'राजू'



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** भाजपा ग्रामीण मण्डल क्षेत्रांतर्गत ग्राम केलाबनवारी में आयोजित बूथ लेवल एजेंट–2 की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त करने, मतदाता सूची के सत्यापन, अद्यतन एवं शुद्धिकरण, आगामी चुनावी तैयारियों तथा पार्टी की नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच. ने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

शनिवार को बैठक को संबोधित करते हुए दर्जा गन्ना राज्यमंत्री स. मंजीत सिंह 'राजू' ने बूथ लेवल एजेंट–2 की भूमिका को लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला बताते हुए कहा कि बूथ स्तर की सतर्कता एवं जिम्मेदारी ही निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सशक्त चुनाव प्रक्रिया की गारंटी है। बैठक में कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार की भ्रांतियों एवं अफवाहों पर ध्यान न दें तथा केवल अधिकृत एवं वैधानिक प्रक्रिया के अनुसार ही कार्य करें।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक अनुशासन, पारदर्शिता एवं संवैधानिक मर्यादाओं के साथ कार्य करते हुए हर मतदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबध्द है। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे पार्टी के दिशा–निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, कुंदन सिंह, प्रमोद भट्ट, आनन्द सिंह, दिलीप सिंह, चन्द्रपाल, जगत सिंह, प्रवीण सिंह देउपा, वीरेन्द्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# सशस्त्र सीमा बल और पशुपालन के बीच समझौता ज्ञापन संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की चौकियों के लिए स्थानीय स्तर पर जीवित भेड़/बकरी, मुर्गी एवं मछली की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ। यह समझौता स्थानीय पशुपालकों की आय वृद्धि, स्वरोजगार के अवसर सृजन तथा पलायन रोकथाम की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में 55वीं वाहिनी मुख्यालय पिथौरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. योगेश कुमार शर्मा, 55वीं वाहिनी के कमांडेंट आशीष सिंह तथा 11वीं वाहिनी डीडीहाट के कमांडेंट डा. अतुल कुमार राय के मध्य यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। समझौते के अनुसार, भविष्य में जनपद की एसएसबी चौकियों को स्थानीय पशुपालकों द्वारा फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) या समूहों के माध्यम से जीवित भेड़/बकरी, मुर्गी एवं मछली की नियमित आपूर्ति की जाएगी। इससे पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे क्षेत्र में पलायन की समस्या में भी कमी आएगी। जिलाधिकारी श्री भट्टगाई ने कहा कि यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा सुरक्षा बलों व ग्रामीण समुदाय के बीच समन्वय बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, योगेंद्र सिंह, निदेशक मत्स्य विभाग रमेश चलाल, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. लाल सिंह सामंत तथा एसएसबी के जवान उपस्थित रहे।

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत पता: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013. CIN No. L65990MH1991PLC060670

**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रत्यावर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रत्यावर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के अधीन

जैसाकि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम के अधीन और नियमों के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत अधिकारो का प्रयोग करते हुए नीचे दिए गए विवरण अनुसार इसमें सूचीबद्ध कर्जदारों/सह कर्जदारों/गारंटरों (सभी को अकेले या एक साथ "बाध्यताधारी" कहा गया है) कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों को संबंधित नोटिसों की तिथियों से 60 दिन के अंदर मांग सूचना मे निर्दिष्ट राशि का भुगतान करने की अपील करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधिन विस्तृत मांग सूचना दिनांक जारी किए गए थे. कथित सूचना की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा तामील की गई हैं और अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैं और यदि कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि चाहें तो किसी भी कार्यालय दिवस को सामान्य कार्यावधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त कर सकते है।

उपर्युक्त संबंध में एतद द्वारा कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/ कानूनी प्रतिनिधियों को एक बार पुनः सुचित किया जाता है कि कथित बाध्यताधारियों द्वारा निष्पादित ऋण के करार एवं अन्य दस्तावेजों/विलेखों के साथ पठित नीचे कॉलम (डी) में संबंधित तिथि से भुगतान और/या वसुली की तिथि तक आगामी ब्याज सहित इसमें उनके संबंधित नामों के समक्ष निर्दिष्ट राशि संबंधित सूचना की तिथियों से 60 दिन के अंदर टीसीएचएफएल को भुगतान करें. कथित बाध्यताधारियों द्वारा निम्नलिखित सुरक्षित आस्तियां कर्ज के देय भुगतान की सुरक्षा के रुप में टीसीएचएफएल के लिए गिरवी रखी गई है।

| ऋण खाता नम्बर | बाध्यताकारी का नाम/ कानूनी उत्तराधिकारी (एस) कानूनी प्रतिनिधि (ओं) | कुल बकाया राशि (रु.) निम्न दिनांक तक | डिमांड नोटिस की तिथि / एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| TCHHL0374000100199168 & TCHIN0374000100311961 & TCHIN0374000100200842 | श्री फैसल (उधारकर्ता), श्री मौ0 अफजल (सह-उधारकर्ता) | 03.12.2025 तक देय धनराशि रु. 8,97,479/- (रु. आठ लाख सत्तानवे हज़ार चार सौ उनासी मात्र) ऋण खाता TCHHL0 37400010199168 के तहत देय तथा आपके द्वारा धनराशि रु. 28,786/- (रु.अट्ठाईस हज़ार सात सौ छियासी मात्र) आपके ऋण खाता TCHIN03 74000100200842 के तहत देय तथा आपके द्वारा धनराशि रु. 1,85,389/- (रु.एक लाख पचासी हज़ार तीन सौ नवासी मात्र)आपके ऋण खाता TCHIN037400010 0311961 के अंतर्गत देय है यानी कुल मिलाकर रु. 11,11,654/- (रु. ग्यारह लाख ग्यारह हज़ार छह सौ चौवन मात्र) | 03-12-2025 / 02-12-2025 |
| सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:- वह सभी टुकड़ा और पार्सल पर आवासीय संपत्ति खाता नं 1061 (फसली वर्ष 1422 से 1427) खसरा नं. 1075 "डीए" में शामिल, क्षेत्रफल 50.55 वर्ग मीटर, ढाका हुआ क्षेत्रफल 114.77 वर्ग मीटर, मुजा अधोईवाला, परगना-परवादून, जिला देहरादून, जिसमें बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाएं शामिल हैं। सीमाएँ: पूर्व- 20 फीट चौड़ा मार्ग, जिसकी भुजा 17 फीट, पश्चिम- अन्य की भूमि, जिसकी भुजा 17 फीट, उत्तर- अन्य की भूमि, जिसकी भुजा 32 फीट, दक्षिण- श्रीमती केशर जहाँ की भूमि, जिसकी भुजा 32 फीट है। | | | |
| TCHHF0965000100250559 | श्री चंदन राणा (उधारकर्ता), श्रीमती अंजू राणा और श्रीमती अनीता (सह-ऋणकर्ता) | 11.12.2025 तक देय धनराशि रु. 31,01,694/- (रु. इकतीस लाख एक हज़ार छह सौ चौरानवे मात्र) | 11-12-2025 / 04-12-2025 |
| सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:- वह सभी टुकड़ा और पार्सल पर प्लॉट का क्षेत्रफल 950 वर्ग फुट (क्षेत्रफल पूर्व-50 फुट, पश्चिम-50 फुट, उत्तर-19 फुट, दक्षिण-19 फुट) खसरा नं. 469 (पुराना खसरा नं. 272), ग्राम मोहनपुरा, मोहम्मदपुर तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड. 247667, जिसमें बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाएं शामिल हैं। सीमाएँ: पूर्व- राजवीर का भूखंड, पश्चिम- राजवीर का भूखंड, उत्तर- सड़क, दक्षिण- रमेश का मकान | | | |

संबंधित मांग सूचना दिनांक में विशेष रुप से निदिष्ट दर पर आगामी ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अदायगी और/या वसूली की तिथि तक उठाया गया आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क इत्यादि. यदिजैसा की ऊपर कहा गया है कथित बाध्यताधारी टीसीएचएफएल को भुगतान नहीं करेंगे तो टीसीएचएफएल खर्च एवं परिणाम के रुप में पूरी तरह से कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों के जोखिम पर कथित अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों / अचल संपत्तियों के लिए कार्यवाही करेगा।

कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि टीसीएचएफएल को पूर्व लिखित सहमति के बिना उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियो को बिक्री, पट्टा या अन्य किसी भी रुप में हस्तांतरित करने के लिए कथित अधिनियम के अधीन प्रतिबंधित हैं.अधिनियम के प्रावधानों या उसके अधीन बने नियमों का उल्लंघन या उल्लंघन करने के लिए उकसाने वाला व्यक्ति अधिनियम के अंतर्गत यथा विहित सजा और/या दंड का पात्र होगा।

दिनांक: 21.12.2025,
स्थान: देहरादून

एसडी/-अधिकृत अधिकारी
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।

# अतिक्रमण के खिलाफ वन विभाग ने की कार्रवाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** शनिवार को वन विभाग की टीम ने बरहैंनी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में अफरा–तफरी का माहौल बना रहा।

वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से किए गए निर्माण और कब्जों को हटाया। इस दौरान डिप्टी रेंजर गोपाल कपिल ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी रेंजर ने बताया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विभाग आगे भी नियमित रूप से निगरानी करते हुए कार्रवाई करता रहेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना रहा।

# अपर गन्ना आयुक्त ने किया गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केंद्र का उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** चीनी मिल नादेही परिसर में गन्ना किसानों के लिए एक गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केंद्र का उद्घाटन अपर गन्ना आयुक्त उत्तराखंड एवं चीनी मिल नादेही के प्रधान प्रबंधक चंद्र सिंह इमलाल द्वारा किया गया।

इस क्लीनिक के माध्यम से क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए गन्ने से संबंधित कीट, बीमारियां, फसल सुरक्षा एवं प्रबंधन, गन्ने के विभिन्न प्रजातियां, प्रयुक्त होने वाली दवाई, गोदाम पर उपलब्ध होने वाली दवाई एवं खाद के बारे में जानकारियां प्रदान की जाएगी। इस उद्घाटन के समय नवनियुक्त उदल सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नादेही, डा. राजीव मुख्य गन्ना अधिकारी, डा. प्रियंका खैरिया क्लीनिक संचालक, अशोक कुमार सहायक संचालक एवं प्रियंका आर्य, प्रियंका बधानी, नरेंद्र सिंह, गोपाल दत्त, विनोद कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, परमेंद्र सिंह, चौधरी जगवीर सिंह, योगेंद्र सिंह, मुराद अली, राकेश सिंह, पवन कुमार, शरीफ खान समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के गन्ना कृषक उपस्थित रहे।

## अलक्ष्या सीनियर सेकेंड्री स्कूल का 23 वां वार्षिक समारोह संपन्न

शीह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** अलक्ष्या सीनियर सेकेंड्री स्कूल का 23वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों एवं अभिभावकों के समक्ष समां बांधा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, विद्यालय के एमडी मोहन गिरी गोस्वामी उर्फ मधुसूदन दास, दीपा गोस्वामी, प्राजेश गोस्वामी, जया गोस्वामी ने संयुक्त रूप से सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर किया। बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। उन्होंने विद्यालय के संचालन में दीपा गोस्वामी, जया गोस्वामी एवं प्राजेश गोस्वामी सहित प्रबंधक, शिक्षक–शिक्षिकाओं का विशेष योगदान बताया। बच्चों ने कुमांऊनी, नेपाली गीत, दादा दादी का प्यार, चिल्ड्रन गार्डन, रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रबंधक विनोद बोरा व प्रधानाचार्य अजय बोरा ने अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर राजेंद्र खनवाल, देवेंद्र कन्याल, रमेश रौतेला, अरविंद कुमार, जसविंदर सिंह पप्पू , रेखा सोनकर, दान सिंह राणा, बिना राणा, नीरज खन्ना, विवेक पांडे, गणेश ठाकुराठी, अरविंद कुमार, विनोद चंद, दिनेश चिल्कोटी, हरीश खोलिया, दीपा बिष्ट, नीमा बल्दिया सीमा भट्ट, कल्याण सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

# महर्षि विद्या मंदिर में ध्यान दिवस मनाया गया



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** महर्षि विद्या मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के शुभ अवसर पर महर्षि विद्यालयों के आवश्यक अंग भावातीत ध्यान , यूनिफाइड फील्ड तथा चेतना पर आधारित विज्ञान ( एमसीबी ई)के कार्यक्रमों को बढ़–चढ़कर बताया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन से हुआ। महर्षि महेश योगी द्वारा प्रणीत ज्ञान की सरल विधि पर विशेष रूप से चर्चा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हेमचंद कर्नाटक ने भावातीत ज्ञान की सरल विधि एवं विद्यार्थियों को उससे होने वाले लाभ के विषय में समझाया। ध्यान शिक्षिका नेहा सिंह ने भी ध्यान के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर महर्षि शैक्षिक संस्थानों के आवश्यक अंग चेतना पर आधारित ज्ञान ( एमसीबीई) तथा यूनिफाइड फील्ड से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को पुष्पा मेहरा द्वारा दी गई।

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मृतक तुषार के माता–पिता को दी सांत्वना



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य तुषार हत्याकांड पर दुख व्यक्त करने और परिजनों को शांत्वना देने उसके घर पहुंचे। प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मृतक तुषार के माता विनीता शर्मा व पिता मनोज शर्मा तथा पत्नी छाया शर्मा को सांत्वना दी।

नेता प्रतिपक्ष आर्य ने तुषार हत्याकांड को विधानसभा में उठाकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उप नेता प्रतिपक्ष विधायक भुवन कापड़ी ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और न्याय न्याय के लिए कानूनी प्रक्रिया अपनाने में होने वाले खर्च को वहन करने का आश्वासन दिया। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए इस दु:ख की घड़ी में स्वयं को उनके साथ बताया। अपने जवान बेटे तुषार की सामूहिक चाकू बाजी में हुई हत्या को मृतक ने पिता मनोज शर्मा व माता विनीता शर्मा ने एक षड्यंत्र बताया। उन्होंने कहा कि अब उनका कोई सहारा नहीं रहा। इस दौरान राजेन्द्र खनवाल, हिमांशु गावा, रमेश रौतेला, रेखा सोनकर, बिना राणा, नरेन्द्र आर्य, नीरज कन्याल, हिमांशु चौहान, प्रियांशु सोनकर, अनिवेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# जनता तक पहुंचा योजनाओं का लाभ

## बेतालघाट में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्य सरकार द्वारा संचालित 45 दिवसीय जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड बेतालघाट में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी द्वारा किया गया। शिविर में एनआरएलएम/ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 12 स्वयं सहायता समूहों (सीसीएल) के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 05 को स्वीकृति प्रदान कर भुगतान किया गया तथा स्थानीय उत्पाद एवं सामग्री बिक्री के माध्यम से रुपये 1230 की आय अर्जित की गई। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 70 बीपीएल कार्ड बनाए गए एवं 16



एसईसीसी प्रमाण पत्र जारी किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन से संबंधित 07 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, दवा वितरण एवं स्वरोजगार संबंधी जानकारी प्रदान की गई। राजस्व विभाग द्वारा कुल 61 विभिन्न प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट दर्ज की गई। बाल विकास विभाग द्वारा मातृत्व योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। कृषि विभाग द्वारा 08 कृषि यंत्रों की बिक्री से रुपये 5600 की आय अर्जित की गई। उद्यान विभाग द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि, ई-केवाईसी, कृषि उपकरण वितरण एवं पॉलीहाउस से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 48 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा 35 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, 16 परिवार रजिस्टर संशोधन, 08 यूसीसी आवेदन एवं राशन कार्ड से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। विद्युत विभाग द्वारा बिजली पोल स्थापना से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए, जबकि आयुष विभाग द्वारा होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक पद्धति से 109 लोगों का उपचार किया गया। शिविर में 340 से अधिक नागरिकों तथा 90 से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों की सहभागिता रही। शिविर के दौरान क्षेत्र से संबंधित कुल 75 जनसमस्याएं अपर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 55 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में प्रमुख जिला पंचायत अंकित साह, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, कनिष्ठ उप प्रमुख लीला राम, उप जिलाधिकारी कैंचीधाम, मोनिका खंड विकास अधिकारी, पंकज जोशी, तहसीलदार श्री कैंचीधाम नेहा टम्टा, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश, मनोज पडालिया, विरेंद्र सिंह, रणजीत सिंह ग्राम प्रधान, भवानी देवी, विमला देवी, प्रताप बोहरा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बार एसोसिएशन: अध्यक्ष पद पर दो व सचिव पद पर तीन प्रत्याशी मैदान में

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** आगामी 24 दिसंबर को संपन्न होने वाले बार एसोसिएशन काशीपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दो, जबकि सचिव के लिए तीन अधिवक्ता मैदान में आ डटे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट गोपाल कृष्ण ने बताया कि एसोसिएशन की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी के चुनाव में सात पदों के लिए 19 दावेदारों ने नामांकन किया है। जबकि कार्यकारिणी के आठ पदों के लिए 15 दावेदारों ने नामांकन किया है। किसी भी दावेदार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की वापसी के बाद वैध प्रत्याशियों की सूची चस्पा कर दी गई है। 24 दिसंबर की सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर ढाई बजे तक मतदान होगा, तदुपरांत दोपहर तीन बजे से मतगणना शुरू होगी और देर शाम तक परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। वहीं, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज निगोतिया ने बताया कि अध्यक्ष के लिए दो, उपाध्यक्ष के लिए चार, सचिव के लिए तीन, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष के लिए तीन-तीन, आय-व्यय निरीक्षक के लिए दो, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए दो व कार्यकारिणी सदस्य के लिए पंद्रह दावेदारों ने नामांकन किया था। अध्यक्ष के लिए गिरजेश खुल्बे व मनीष कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष के लिए विधुशेखर शर्मा, मुस्तफा मलिक, विष्णु भटनागर व शरद कुमार, सचिव के लिए यशवंत सिंह चौहान, अनूप शर्मा व संजय मेहंदीरत्ता, संयुक्त सचिव के लिए अंकित चौधरी, अरविंद शर्मा व महेंद्र चौहान, कोषाध्यक्ष के लिए अरविंद चौहान, बीसी नौटियाल व देवेंद्र कुमार पाल, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए राकेश कुमार प्रजापति व सोहन सिंह नेगी और आय-व्यय निरीक्षक गौरव मेहरोत्रा व धर्मेंद्र सैनी दावेदार हैं। जबकि कार्यकारिणी के आठ पदों के लिए राजेश कुमार समेत 15 दावेदार चुनाव मैदान में हैं।

## एक नजर

### ईरा ने झटका तैराकी में सिल्वर मेडल

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित सेंट मेरीज कान्वेंट कालेज की पूर्व छात्रा



तथा वर्तमान में देहरादून के सोशल बलूनी स्कूल में कक्षा 9वीं की छात्रा ईरा रावत ने 69वें स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) राष्ट्रीय खेल जो कि दिल्ली तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित हुए में 50 मीटर तैराकी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। बता दें नेशनल तैराकी प्रतियोगिता में उत्तराखंड को मिला यह पहला मेडल है। ईरा की इस कामयाबी के पीछे नीरज चौधरी, रितेश राणा, शुभम कुमार, सर सीरीज रेडी (मत्स्य इन्कारपोरेशन), सर जॉन क्रिस्टोफर (बसावन गुड़ी एक्वेटिक सेंटर) समेत उदय चौहान,भरत पुन्या का विशेष योगदान रहा है।

### वीकेंड पर नैनीताल रहा पर्यटकों से गुलजार

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में सुबह व शाम के समय भले ही कड़ाके की ठंड हो रही हो अलबत्ता दिन में गुनगुनी धूप खिलने से राहत मिल रही है। शनिवार को भी दिनभर अंधिकाश समय मौसम सुहावना बना रहा। सुहावने मौसम के बीच देश के विभिन्न शहरों से वीकेंड में मौज मस्ती करने पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही नगर के सभी प्रमुख दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की वजह से पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारियों में भी उत्साह देखा गया। इस बीच सोमवार से शुरु होने जा रहे चार दिनी विंटर कार्निवाल में भी पर्यटकों की भीड़-भाड़ बढ़ने की पूरी संभावना है।

### कुविवि नैनीताल में व्याख्यानमाला

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा विभाग में शनिवार को यूजीसी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव डा. जीएस चौहान ने कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने प्रशिक्षु गुरुजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आईटीईपी केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा में क्रांति लाने का विजन है। यह कोर्स गुरुजनों को व्यावहारिक और शोध आधारित शिक्षा प्रदान करेगा, जिससे उनकी दक्षता में वृद्धि होगी। डा. चौहान ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आईटीईपी जैसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की। उन्होंने गुरुजनों से आह्वान किया कि वे बालिकाओं की शिक्षा में आ रही सामाजिक बाधाओं को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान डा. चौहान ने नारी और जल के आपसी संबंधों पर विचार साझा किए, यह बताते हुए कि नारी और जल दोनों ही जीवन के अभिन्न अंग हैं और उनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत और संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने डा. चौहान का आभार व्यक्त किया।

### 10 वाहनों को पुलिस ने किया सीज

**नैनीताल।** पुलिस कप्तान डा. मंजुनाथ टीसी द्वारा जनपद में अपराध/सड़क दुर्घटनाओं को अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र में प्रभावी चैकिंग कर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नैनीताल डा. जगदीश चंद्र व क्षेत्राधिकारी नैनीताल रविकान्त सेमवाल के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष तल्लीताल मनोज सिंह नयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान शनिवार को नैनीताल क्षेत्र अंतर्गत नियम विरुद्ध वाहन चलाये जाने पर 10 दोपहिया वाहनों के विरुद्ध एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज की कार्यवाही की गई।

### माल रोड से पालिका ने हटाया अतिक्रमण

**नैनीताल।** बार-बार आग्रह करने के बाद भी नैनीताल में अतिक्रमकारियों के हौसले बुलंद हो चले हैं। शनिवार को पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल व पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा के निर्देश पर पालिका



प्रशासन की ओर से माल रोड क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक अतिक्रमणकारियों का सामान भी जबत किया। दूसरी ओर पालिका प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हडकंप मच गया। बता दें शनिवार को वीकेंड के चलते नगर में पर्यटकों की काफी भीड़-भाड़ देखने को मिली। ऐसे में पालिका प्रशासन के अधिकारियों व कर्मियों ने माल रोड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया। इस दौरान ईओ दीपेंद्र बमोला समेत सफाई निरीक्षक अमित कुमार, राजस्व निरीक्षक भारत प्रकाश, हिमांशु चंद्रा, राजकुमार, दिवाकर, सनी, कपिल समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

# सदगुरु की कृपा से ब्रह्मज्ञान संभव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संत निरंकारी मिशन हल्द्वानी द्वारा रामपुर रोड स्थित रामबाग के खुले प्रांगण में एक विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली से पधारे



संत निरंकारी मिशन के ज्ञान प्रचारक महात्मा नेपाल सिंह चौधरी जी ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है, और यह प्रत्येक धर्म ग्रंथ का संदेश है कि इस जन्म का उद्देश्य प्रभु प्राप्ति है। संत निरंकारी मिशन के अनुसार, सद्गुरु अनादिकाल से ब्रह्मज्ञान प्रदान करते आ रहे हैं और हर इंसान को ब्रह्मज्ञान की आवश्यकता है। उनके अनुसार, ब्रह्मज्ञान के बिना मनुष्य अधूरा रहता है और भ्रमों से घिरा रहता है। सद्गुरु की कृपा से ही ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति संभव है। बाबा अवतार सिंह जी महाराज की वाणी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा भक्ति लोग अभी न समझे, प्रभु को पाना भक्ति है। तज के सारे भरम भूलेखे, गुरु रिझाना भक्ति है। महात्मा नेपाल सिंह चौधरी जी ने बताया कि यह मनुष्य जन्म जो हमें मिला है, इसे हमें व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए। हमें इसे ईश्वर प्राप्ति के लिए समर्पित करना चाहिए। उन्होंने श्री रामचरित मानस का उद्धरण देते हुए कहा जासु कृपा सब भरम मिट जाए। उमा सोई कृपाल रघुराई। आज के समय में संतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी यही समझाती हैं कि ब्रह्मज्ञान के माध्यम से इंसान का जीवन समर्पित और संतुलित हो सकता है। यही ज्ञान व्यक्ति के सारे भ्रमों को समाप्त कर, जीवन को सुहाना बना सकता है। कार्यक्रम के अंत में ब्रांच संयोजक आनंद सिंह नेगी जी ने सभी साधसंगत और सेवादल के भाई-बहनों का आभार व्यक्त किया और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

# वामपंथी दलों ने मनरेगा में बदलावों पर खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाकपा माले, भाकपा, माकपा, आरएसपी और फॉरवर्ड ब्लॉक ने बीजेपी सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में प्रस्तावित बदलावों का विरोध करते हुए 22 दिसंबर को अखिल भारतीय विरोध दिवस मनाने का आह्वान किया है। भाकपा माले के नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने बयान जारी कर कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 मनरेगा की मूल संरचना को बदलने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नया विधेयक ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करेगा और सरकार को काम के लिए जरूरी फंड देने की जिम्मेदारी से मुक्त कर देगा। वामपंथी दलों का कहना है कि इस विधेयक में काम के दिनों की संख्या कम की गई है, जबकि अनिवार्य डिजिटल हाजिरी और फंडिंग पैटर्न में बदलाव से राज्य सरकारों पर वित्तीय दबाव बढ़ेगा। उन्होंने मनरेगा का नाम बदलने को महात्मा गांधी का अपमान भी बताया। वामपंथी दलों ने 22 दिसंबर को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन की अपील की है और मांग की है कि सरकार मनरेगा को मजबूत करे और इसे सार्वभौमिक बनाकर 200 दिन तक रोजगार की गारंटी प्रदान करे।

# स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आशीर्वाद वूमेन क्लब संस्था की ओर से शनिवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिगड़ी घुग्घू में बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म के स्वेटर वितरित किए गए। इस दौरान विज्ञान प्रदर्शनी व प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका की अध्यक्ष डा. सरस्वती खोतवाल मौजूद रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों के द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना तथा विभिन्न प्रकार के कुमाऊंनी नृत्य प्रस्तुत किए। इस मौके पर 6 से लेकर 8वीं कक्षा तक के बच्चों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें बच्चों की प्रतियोगिता करवाई गई, विज्ञान मॉडल स्थिर और क्रियाशील दोनों ही बनवाए गए थे। निर्णायक की भूमिका सुश्री रेखा त्रिवेदी तथा श्रीमती गीता रावत के द्वारा निभाई। विद्यालय के छात्र पीयूष कक्षा 6 ने पवन ऊर्जा परियोजना में तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि करण सिंह शाही कक्षा 8 ने स्मार्ट सिटी तथा शंकर कक्षा 7 ने वाटर फिल्टर मॉडल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं अर्जुन कक्षा 7 ने बहुभुज आकृतियां बैंकर्स ऑफ साइंस तथा ज्वालामुखी जैसे क्रियाशील आकर्षक मॉडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आशीर्वाद क्लब के सभी सदस्यों ने पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

# पुरस्कार कठिन परिश्रम का सम्मान: एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों के शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेल. कूद क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर्षोउल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजुनाथ टीसी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समर्थ अग्रवाल ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक श्री श्याम जी ने की, और प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश एवं उप-प्रधानाचार्य उमेश जी भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डा.




मंजुनाथ टीसी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुरस्कार उनके कठिन परिश्रम का सम्मान होते हैं, जो भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय के प्रबंधक श्री श्याम जी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य सिर्फ शैक्षणिक सफलता नहीं, बल्कि संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण करना है। प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के दौरान 10वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विनय पाठक और आयुष सिंह को रुपये 25,000 की पुरस्कार राशि और ट्राफी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को रुपये 20,000 की पुरस्कार राशि और ट्राफी दी गई। पुरस्कार पाने वालों में प्रत्युष सिंह बिष्ट, देव ध्यानी, शिवा, चंद्रेश जोशी, दिव्यांश दीक्षित, स्वर्णिम काण्डपाल, उमंग, अर्नव, अमृत, कविश मिश्रा, और भावेश तिवारी शामिल रहे। इसके अलावा, सभी कक्षाओं में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में उन आचार्यों को भी नकद पुरस्कार दिया गया जिनके विषयों में छात्रों ने 90: से अधिक अंक प्राप्त किए। समारोह में विद्यालय के शिक्षक अरुण यादव, डा. माधव प्रसाद त्रिपाठी, प्रियांशु, केतन, संजय, अक्षय और कई अभिभावक भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में एक उत्साही और गर्वित वातावरण का अनुभव हुआ।

# नाज़िम की हत्या में अमरीन और राधेश्याम दोषी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल की अदालत ने नैनीताल जिले के भीमताल में भीमताल रोड में चंदा देवी मंदिर के

### कल सुनाई जाएगी सज़ा

पास जनवरी 2020 में हुई नाजिम अली खान की हत्या के मामले में अहम फैसला सुनाया है। प्रेम संबंधों और साजिश के तहत की गई इस हत्या में अमरीन जहां और राधेश्याम शुक्ला को दोषी करार दिया गया है। दोनों को धारा 302 और 120 बी के तहत दोषी पाया गया जबकि राधेश्याम को आर्म्स एक्ट में भी दोषी ठहराया गया है। सजा पर सुनवाई के लिए 22 दिसंबर सोमवार की तारीख तय की गई है। मामले के अनुसार 2 जनवरी 2020 को अमरीन जहां अपने साथ नाजिम अली को भीमताल घुमाने के बहाने अपने साथ ले गई थी। काठगोदाम-भीमताल रोड स्थित हेयरपिन बैंड के पास राधेश्याम शुक्ला ने 315 बोर के तमंचे से नाजिम को गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे बृजलाल अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अमरीन ने मृतक के मोबाइल से उसके भाई वाजिद अली को फोन कर झूठी सूचना दी कि एक्सीडेंट हो गया है। उसी शाम थाना भीमताल में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस जांच में सीसीटीवी फुटेज तथा कॉल डिटेल रिकॉर्ड व मोबाइल लोकेशन और फॉरेंसिक रिपोर्ट से यह साबित हुआ कि घटना के समय दोनों अभियुक्त घटना स्थल पर मौजूद थे। बरामद तमंचे से चला खोखा कारतूस और राधेश्याम के कपड़ों पर मिला खून मृतक से मेल खा गया। जांच में यह भी सामने आया कि अमरीन और नाजिम के बीच पहले से संबंध थे। नाजिम की किसी अन्य महिला से शादी हो जाने और खर्चा देना बंद करने से अमरीन नाराज थी जिसके बाद उसने राधेश्याम के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। अदालत ने कहा कि अभियोजन ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की मजबूत कड़ी पेश की है जबकि बचाव पक्ष कोई ठोस सफाई नहीं दे सका। इसी आधार पर दोनों को दोषी ठहराया गया। अब इस बहुचर्चित हत्याकांड में सजा का ऐलान सोमवार यानी 22 दिसंबर को किया जाएगा।

## दुष्कर्म और बलैकमेलिंग के आरोपी की जमानत खारिज

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल की अदालत ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने तथा वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार दुष्कर्म करने के आरोपी साहिल वर्मा की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता ने थाना मल्लीताल में बीती 9 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 31 जुलाई 2024 को साहिल वर्मा अपने साथी (अब मृत) निशांत के साथ स्कूटी किराए पर लेकर पीड़िता को बॉटनिकल गार्डन घुमाने ले गया। रास्ते में अभियुक्त ने कोका कोला में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और पीड़िता को बॉटनिकल गार्डन के पास ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार इसके बाद अभियुक्त ने वीडियो व फोटो वायरल करने तथा बदनाम करने तथा पिता व भाई को जान से मारने की धमकी देकर उसे बलैकमेल किया। इस दौरान अभियुक्त ने कई बार हल्द्वानी एचएमटी क्षेत्र और काशीपुर में कार के अंदर व अन्य स्थानों पर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने विरोध करने पर मारपीट करने और साथियों की ओर से निगरानी करने का भी आरोप लगाया है। मेडिकल जांच के दौरान पीड़िता ने डाक्टर को जबरन शारीरिक संबंध की जानकारी दी और गर्भवती होने के बाद गर्भपात की दवा लेने की बात भी कही। जमानत अर्जी का विरोध करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने तर्क दिया कि अभियुक्त ने साजिश के तहत नशीला पदार्थ खिलाकर पीड़िता का शारीरिक व मानसिक शोषण किया।

# नैनीताल में रविन्द्र बाली का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रविन्द्र बाली के प्रथम बार शनिवार को नैनीताल आगमन पर विधायक सरिता आर्या एवं भाजपा



मंडल नैनीताल द्वारा उनका भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने की जबकि अनुसूचित जाति के मंडल अध्यक्ष रोहित भाटिया द्वारा जिलाध्यक्ष बाली का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक संतोष कुमार द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर जिलाध्यक्ष रविंद्र बलि को सममानित किया गया। जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया द्वारा स्वागत भाषण दिया गया जबकि एससीएसटी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष केएल आर्य एवं बाल्मीकि समाज के राजन कुमार, गिरीश भैया सरपंच, मनोज कुमार पूर्व सरपंच द्वारा पगड़ी बांधकर जिलाध्यक्ष का सममान किया गया। सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, मंडी सलाहकार मनोज जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद सिंह पडियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट समेत पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र बिष्ट तथा मंडल महामंत्री आशीष बजाज, मंडल महामंत्री हरीश राणा, मंडल उपाध्यक्ष विक्रम राठौर, मंडल उपाध्यक्ष मोहित लाल साह तथा कार्यालय मंत्री भारत मेहरा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा कविता गंगोला व मंडल उपाध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल द्वारा भी स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रविन्द्र बाली ने सभी का स्वागत करने के लिए आभार जताया। उन्होंनेकहा कि अब 2027 के विधान सभा चुनावों में काफी कम समय बचा है इसलिए सभी को अभी से सरकार की जन कल्याणकारी नितियों को जन-जन तक पहुंचना होगा।

# आपदा प्रबंधन के टिप्स दिए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड देहरादून के मार्गदर्शन में शनिवार को आपदा प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन नैन्सी कॉन्वेंट ज्योलिकोट नैनीताल में कया गया।

बता दें इस कार्यक्रम में जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यालयों से आए शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के प्रति जागरूक करना तथा विद्यालय स्तर पर आपदा से निपटने की पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षित निकासी जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी देना था। विभिन्न सत्रों के दौरान आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं जैसे भूकंप, भूस्खलन, आग व बाढ़



आदि स्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों आपातकालीन कार्ययोजनाओं तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागी शिक्षकों ने संवादात्मक सत्रों के माध्यम से अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कालेज के निदेशक संजय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने के साथ विद्यालयों को आपदा सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताते हुए सभी प्रतिभागी शिक्षकों एवं आयोजकों के सहयोग की सराहना की और कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# आधुनिक सर्जन को परामर्शदाता की भूमिका भी निभानी चाहिए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पद्मश्री वरिष्ठ ऑर्थोपीडिक एवं स्पाइन सर्जन तथा एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष प्रो. डा. बीकेएस संजय ने कहा कि ऑर्थोपीडिक सर्जनों की भूमिका केवल ऑपरेशन थिएटर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य व रोगों की रोकथाम और सामुदायिक जागरूकता में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बता दें गुवाहाटी में 19 दिसंबर को आयोजित आईओएसीओएन के दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्जन की जिम्मेदारी केवल फ्रैक्चर जोड़ने या जटिल सर्जरी करने तक ही सीमित नहीं होती। डा. संजय ने टीमवर्क, नैतिक आचरण व प्रभावी संवाद और सहानुभूति के महत्व पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक सर्जन को परामर्शदाता की भूमिका भी निभानी चाहिए। रोगियों की बात सुनना, उनके भय को समझना और परिवारों को करुणा के साथ मार्गदर्शन देना आवश्यक है। उन्होंने अपनी सफलता का सूत्र व्यवहार और कौशल बताते हुए चिकित्सकों से अपने कार्यों का दस्तावेजीकरण, प्रदर्शन व प्रकाशन और प्रसार करने का आह्वान किया। रणनीति डाक्यूमेंट, डिस्प्ले, डेमान्स्ट्रेट, डिसेमिनेट व डायलॉग व डिसीजन और डिलीवरी प्रस्तुत करते हुए डा. संजय ने कहा कि प्रभावी जनसेवा के लिए सभी पेशों में संरचित जनसंपर्क आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य पेशेवरों से विकसित भारत के ध्येय के अनुरूप कार्य करने का आग्रह करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण नागरिकों, नीति-निर्माताओं और पेशेवरों की सामूहिक जिम्मेदारी है न कि व्यक्ति विशेष की। ऑर्थोपीडिक एवं स्पाइन सर्जन डा. गौरव संजय ने फुट विकृतियों, घुटने के गठिया और हिप फैक्चर से संबंधित अपने क्लीनिकल शोध और अनुभव भी प्रस्तुत किए।

# मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शांतिपुरी में किया सड़क का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शनिवार को शांतिपुरी नंबर 4 में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने 2.43 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हॉटमिक्स सड़क का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने क्षेत्र में शेष बचे सभी विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को धरातल पर उतारने के लिए वह पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के सिपाही के रूप में उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है उसे पूरी ईमानदारी और तत्परता से निभाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि




उनके द्वारा क्षेत्र में कई विकास कार्य संचालित हो रहे हैं और जो शेष हैं उन्हें भी जल्द से जल्द पूरा किया जायेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बचुली देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फूलमालाएं एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री खतीब अहमद, भाजपा मंडल महामंत्री बहादुर मेहता (आकाश) प्रधान कविता तिवारी, ललित बिष्ट, इंद्र मेहता कुंदन दानू चंचल सिंह कोरंगा पूरन चंद्र जोशी, प्रधान दीपा कांडपाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य गंगा दानू, ईश्वर दानू, टीका सिंह नेगी, पूर्व जेष्ठ प्रमुख नीरज टाकुली, तारा सिंह, जगदीश काण्डपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विश्व कप टी-20 टीम से बाहर गिल



## भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन व रिंकू सिंह को शामिल किया गया



**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज और उसके बाद होने वाले पुरुष टी-20 विश्व. कप कप 2026 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन और रिंकू सिंह को शामिल किया गया है। हाल ही में चोटिल हुए शुभमन गिल को टीम में जगह नहीं मिल पायी। यहां बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ हुई बैठक के बाद 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई। टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम से शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में गिल उप-कप्तान थे और चौथे मैच से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इस साल टी-20 में गिल का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। उन्होंने 15 पारियों में सिर्फ 291 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 24.25 और स्ट्राइक रेट 137.26 रहा और उनके नाम कोई अर्द्धशतक या शतक नहीं रहा। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लगभग 200 की स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाकर झारखंड को अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाने वाले इशान किशन की भारतीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने टूर्नामेंट में सिर्फ 10 पारियों में 57-32 की औसत से 517 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 197-32 रहा। उन्होंने दो अर्द्धशतक और दो शतक बनाये, जिसमें हरियाणा के खिलाफ फाइनल में जड़ा गया शतक (49 गेंदों पर 101 रन) भी शामिल है। चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम दो टी-20 से बाहर होने वाले अक्षर पटेल को अब उप-कप्तान बनाया गया है। वहीं एशिया कप में विजयी शॉट लगाने वाले रिंकू सिंह विश्व कप के लिए मुख्य टीम में वापस आ गए हैं। वॉलशगटन सुंदर भी इस बार मुख्य टीम का हिस्सा हैं। यही टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी खेलेगी। संजू सैमसन के अलावा किशन टीम के दूसरे विकेटकीपर होंगे। टीम में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी अटैक की अगुवाई करेंगे, जबकि अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा अन्य दो तेज गेंदबाज हैं। स्पिनरों में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव शामिल हैं। भारत टी-20 विश्वकप से पहले भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच खेलेगा। टी-20 सीरीज 21 जनवरी से 31 जनवरी तक खेली जाएगी। 11 से 18 जनवरी तक खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी।

**भारतीय टीम प्रकार है:-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल (उप-कप्तान) रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।

खेल विशेष

## भारतीय महिला टीम व श्रीलंका के बीच रविवार से शुरु होगी पांच मैचों की टी-20 सीरीज

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** एकदिवसीय विश्वकप चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को पहली बार विशाखापत्तनम में शुरु होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज में श्रीलंका की मेजबानी करेगी। टूर्नामेंट के पहले दो मैच विशाखापत्तनम में खेले जायेंगे। जिसके बाद सीरीज के आखिरी तीन मैचों तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यह सीरीज 30 दिसंबर तक चलेगी। पिछले महीने एकदिवसीय प्रारुप में विश्व चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला टीम का यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला होगा। श्रीलंका सीरीज के लिए 15 सदीस्यी भारतीय टीम में विश्व कप जीतने वाली टीम के कई सदस्य, जिनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना और प्लेयर ऑफ द सीरीज दीप्ति शर्मा शामिल हैं। कोच अमोल मजूमदार ने 19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को भी पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया है। कमलिनी यास्तिका भाटिया की जगह लेंगी, जो विश्व कप में चोट लगने के बाद रिहैब से गुजर रही हैं। इस बीच वैष्णवी को सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी 2025 में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस टूर्नामेंट में वह सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने आखिरी बार जुलाई में टी-20 सीरीज खेली थी और इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। श्रीलंका की टीम भारत सीरीज में अनुभवी चमारी अटापट्टू की कप्तानी में खेलेगी। यह सीरीज अगले साल जून-जुलाई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण

## छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से हार्दिक ने माफी मांगी

● **हार्दिक ने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पांचवें और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के दौरान उनके छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से माफी मांगी और उनका हालचाल पूछा।

कल रात खेले गए इस मुक. ाबले में पांड्या की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच में जान डाल दी थी। उन्होंने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया। चोट इतनी तेज थी कि भारतीय डगआउट का ध्यान भी उस पर गया और असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट इस घटना पर साफ तौर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते दिखे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, कैमरामैन ने कहा कि वह ठीक है और मेडिकल स्टाफ से बर्फ की सिकाई करवाने के बाद भी उसने अपना काम जारी रखा। उसने कहा कि अगर गेंद उसे कहीं और लगी होती तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। मैच खत्म होने के तुरंत बाद हार्दिक सीधे उस कैमरामैन के पास पहुंचे और उसका हालचाल जाना। उसे गले लगाया और दर्द कम करने के लिए खुद बर्फ की सिकाई करने में मदद की। भारतीय स्टार ने कहा कि कैमरामैन खुशकिस्मत था कि गेंद उसके हाथ पर लगी न कि किसी और नाजुक जगह पर।

## हॉज का शतक, विंडीज 381/6



● **केवम हॉज ने नाबाद 109 रन एलेक ने 45 और ग्रिव्स ने 43 रनों की जुझारू पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** केवम हॉज (नाबाद 109) , ऐलेक ऐथनेज (45) और जस्टिन ग्रीव्स (43) की जूझारू परियों के दम पर वेस्टइंडीज ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को स्टंप्स के समय छह विकेट पर 381 रन बना लिए है। हालांकि वह न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से अभी भी 194 रन पीछे है। यहां वेस्टइंडीज ने कल के 110 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड को पहली सफलता जेकब डफी ने जॉन कैंपबेल (45) को टॉम लेथम के हाथों कैच आउट कराकर दिलाई। इसके बाद 35वें ओवर में उन्होंने ब्रैंडन किंग (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद केवम हॉज और टेविन इमलाक के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 56वें ओवर में माइकल रे ने टेविन इमलाक (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। ऐलेक ऐथनेज 57 गेंदों में (45), जस्टिन ग्रीव्स 69 गेंदों में (43) और कप्तान रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 381 रन बना लिए थे और केवम हॉज (नाबाद 109) और एंडरसन फिलीप (नाबाद 12) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी और एजाज पटेल ने दो-दो विकेट लिए।

## विजय हजारे टूर्नामेंट में मुंबई के लिए दो मैच खेलेंगे रोहित

● **शार्दूल ठाकुर मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे, सरफराज मुशीर और रघुवंशी भी शामिल**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय एकदिवसीय टीम के धाकड़ बल्लेबाजों में शुमार रोहित शर्मा को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। शार्दुल ठाकुर मुम्बई टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में सरफराज खान, मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी भी शामिल हैं। इसके अलावा टीम में कई नए चेहरे शामिल किए गए हैं। 2019 में इंडिया इमर्जिंग के लिए चार लिस्ट ए मैच खेलने वाले चिन्मय सुतार को टीम में जगह मिली है, साथ ही बल्लेबाज ईशान मुलचंदानी और तेज गेंदबाज ओंक. ार तरमाले को भी शामिल किया गया है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल की नीलामी में ओंकार तरमाले को खरीदा था। जाने-पहचाने चेहरों में, सिद्धेश लाड, विकेटकीपर हार्दिक तमोरे और स्पिन जोड़ी शम्स मुलानी और तनुष कोटियन शामिल हैं। टीम में अलजक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल और आयुष म्हात्रे नहीं है। टूर्नामेंट में मुंबई ग्रुप सी में है। मुम्बई 24 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। दो दिन बाद, वे उत्तराखंड का सामना करेंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम:- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), रोहित, ईशान मुल. चंदानी, मुशीर खान, अंगकृष रघुवंशी, सरफराज, सिद्धेश, चिन्मय, आकाश (विकेटकीपर), हार्दिक(विकेटकीपर)

## श्रीलंका ने टी-20 विश्व कप के लिए शनाका की अगुवाई वाली टीम की घोषणा की



कोलंबो, वार्ता। श्रीलंका ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑलराउंडर दासुन शनाका की अगुवाई में 25 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा की है। चयनकर्ताओं ने टीम में पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा और पूर्व कप्तान असलंका जैसे सफेद गेंद क्रिकेट का अनुभव रखने वाले मजबूत खिलाड़ियों को शामिल किया हैं। ऑलराउंडर के तौर पर वानिंदु हसरंगा, धनंजय डी सिल्वा, कामिंदु मेंडिस और दुनिथ वेल्लालागे बल्ले और गेंद दोनों से संतुलन प्रदान करते हैं। गेंदबाजी यूनिट में दुशमंथा चमीरा और मथीशा पथिराना जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज शामिल हैं, साथ ही मिस्ट्री स्पिनर महेश थीक्षाना भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, ईशान मलिंगा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू जैसे कई युवा खिलाड़ियों को भी टूर्नामेंट से पहले अपनी जगह बनाने का मौका मिला है।

टीम में 2024 में हुए पिछले टी-20 विश्व कप के तेरह खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के अगले एडिशन के लिए बरकरार रखा गया है। इनमें शनाका, हसरंगा, असलंका, कुसल मेंडिस, निसांका, कामिंदु मेंडिस, डी सिल्वा, थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालागे, चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम टीम की पुष्टि सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के करीब की जाएगी।

**आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए श्रीलंका की प्रारंभिक टीम इस प्रकार है:-** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, निरोशन डिकवेला, जेनिथ लियानगे, चैरिथ असालंका, कामिंदु मेंडिस, पवन रथनायके, सहान अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, मिलन रथनायके, नुवान तुषारा, ईशान मललगा, दुष्मंथा चमीरा, प्रमोद मदुशन। मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महेश थीक्षाना, दुशान हेमंथा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू।

## तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया



● **अवॉर्ड मिलने के बाद तिलकर ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर, एक बहुत ही खास इंसान से इस पाकर अच्छा ही लगा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अगल-अगल परिस्थितियों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' पदक से सम्मानित किया गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' इंडिया बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20आई सीरीज 2025 टाइटल वाले एक वीडियो में, तिलक को भारतीय टीम के ट्रेनिंग असिस्टेंट राघवेंद्र द्वगी ने पदक प्रदान किया। जब भारत ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पांचवें और आखिरी टी-20८ में 30 रन से जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम की। ड्रेसिंग रूम में हुए पुरस्कार समारोह में राघवेंद्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का सामना करने में धैर्य, आत्मविश्वास और लचीलेपन के महत्व के बारे में बात की।

भारत की यह जीत लगातार आठवीं टी-20 सीरीज जीत थी, जो सबसे छोटे प्रारुप में टीम की निरंतरता को दिखाती है। सीरीज के निर्णायक मैच में तिलक ने 42 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 73 रनों की शानदार पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए, सलामी बल्लेबाजों द्वारा मजबूत नींव रखने के बाद हार्दिक पांड्या के साथ एक महत्वपूर्ण शतकीय साझेदारी की, जिससे भारत 231 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचा। अवॉर्ड मिलने के बाद तिलक ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर और एक बहुत ही खास इंसान से इसे पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। जिस तरह से हमने दबाव में खेला, वह देखना बहुत अच्छा था। आने वाली न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप में हमारी परीक्षा होगी, और आइए हम उसी रवैये के साथ उन्हें जीतें। तिलक ने सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर चार पारियों में 62-33 की शानदार औसत और 131-69 के स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए। उनके खाते में दो अर्द्धशतक शामिल थे, जिसमें 73 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। पूरी सीरीज के दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपनी अनुकूलन क्षमता और खेल की समझ का प्रदर्शन किया। पहले टी-20 में, नंबर 4 पर 32 गेंदों में उनके 26 रनों की सधी हुई पारी ने भारत को शुरुआती 48 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद संभालने में मदद की, जिससे बाद में बड़े स्कोर की नींव रखी गई। दूसरे मैच में, 214 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए, तिलक ने नंबर 5 पर 34 गेंदों में शानदार 62 रन बनाकर अकेले ही लड़ाई लड़ी, जबकि उनके आस-पास विकेट गिरते रहे। इसके बाद उन्होंने तीसरे टी-20 में नाबाद 26 रन बनाकर मैच खत्म करने में अहम भूमिका निभाई।

## कमिंस-नेथन ने इंग्लैंड को हार की ओर धकेला



● **पैट कमिंस और नेथन लॉयनने तीन-तीन विकेट हासिल किए**

**एडिलेड, वार्ता।** ट्रैविस हेड (170) और एलेक्स कैरी (72) की शानदार बल्लेबाजी के बाद पैट कमिंस और नेथन लायन (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को दूसरी पारी में 349 का स्कोर करने के बाद 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के दूसरी पारी में 207 के स्कोर पर छह विकेट झटक कर उसे हार की ओर धकेल दिया है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने 271 रन पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट ट्रैविस हेड के रूप में गिरा। उन्हें जॉश टंग ने आउट किया। ट्रैविस हेड ने 219 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 170 रनों की पारी खेली। 79वें ओवर में बेन स्टोक्स ने शतक की ओर बढ़ रहे एलेक्स कैरी को अपना शिकार बना लिया। एलेक्स कैरी ने 128 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 72 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद इग्लिस गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर हावी हो गए और जल्द ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी को 84-4 ओवर में 349 के स्कोर पर समेट दिया। जॉश इंग्लिस (10), पैट कमिंस (छह), नेथन लायन (शून्य) और स्टॉक बोलैंड (एक) रन बनाकर आउट हुये।

इंग्लैंड की ओर से जॉश टंग ने चार और ब्राइडन कार्स ने तीन विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर, विल जैक्स और बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में बेन डकेट (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप भी 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जो रूट ने जैक क्रॉली के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में पैट कमिंस ने जो रूट (39) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। हैरी ब्रूक (30), कप्तान बेन स्टोक्स (पांच) को नेथन लायन ने आउट किया। इंग्लैंड का छठा विकेट 54वें ओवर में जैक क्रॉली के रूप में गिरा। उन्हें भी नेथन लायन ने आउट किया। जैक क्रॉली ने 151 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 85 रनों की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 207 रन बना लिए है और उसे मैच जीतने के लिए 228 रनों की जरूरत है। उसके पास अब केवल चार विकेट शेष है। स्टंप्स के समय जेमी स्मिथ (नाबाद दो) और विल जैक्स (नाबाद 11) क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और नेथन लायन ने (तीन-तीन विकेट) झटके।

## ब्राजील विश्व कप से पहले फ्रांस क्रोएशिया के साथ खेलेगा मैत्री मैच

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेड रेशन ने कहा है कि उनकी राष्ट्रीय टीम अगले साल फीफा विश्व कप की तैयारी के लिए अमेरिका में फ्रांस और क्रोएशिया के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। सीबीएफ के बयान के अनुसार, पांच बार की विश्व चैंपियन टीम 26 मार्च को बोस्टन में फ्रांस का सामना करेगी, जिसके बाद 31 मार्च को ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैच होगा। ये मैच ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी को विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले खिलाड़ियों का आकलन करने का आखिरी मौका देंगे। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जायेगा। ब्राजील ने 10 टीमों वाली द. अमेरिकन क्वालिफाइंग स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर रहकर विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया।

## न्यूजीलैंड ने अंडर-19 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**ऑकलैंड, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड ने टॉम जोन्स की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) की वेबसाइट के अनुसार ओटागो के ओपनर टॉम जोन्स को टीम का कैप्टन बनाया गया है। जोन्स का यह दूसरा अंडर-19 विश्वकप है। टीम दो जनवरी को अफ्रीका के लिए रवाना होगी। जोन्स ने पिछले महीने ओटागो के लिए अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू में 119 रन बनाकर अपनी काबिलियत दिखाई थी। टीम में जोन्स के साथ डोमेस्टिक कैप वाले प्लेयर्स में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बैट्समैन स्नेहिथ रेढी और विकेटकीपर आर्यन मान, ओटागो के फास्ट बॉलर मेसन क्लार्क और ऑकलैंड के बॉलिंग ऑलराउंडर जसकरण संधू शामिल हैं। रेड्डी व क्लार्क ने इस साल की शुरुआत में ए सूची में डेब्यू किया था।

## फिलिप के 96 रन व एडवर्ड्स के पांच विकेट की मदद से सिडनी सिक्सर्स ने सीजन की पहली जीत हासिल की

**सिडनी, वार्ता।** जॉश फिलिप के (96) और बाबर आजम (58) के अर्धशतकीय पारियों के बद जैक एडवर्ड्स के (पांच विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स ने सिडनी थंडर को 47 रनों से हरा दिया है। यह सिडनी सिक्सर्स की सीजन की पहली जीत है। यहां खेले गए मुकाबले में सिडनी सिक्सर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 198 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बाबर आजम ने अपना पहला बीबीएल में अर्द्धशतक लगाया, और शानदार फॉर्म में चल रहे जॉश फिलिप के साथ मिलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे सिक्सर्स ने थंडर को हराकर जीत दर्ज की। बाबर ने 42 गेंदों में 58 रन बनाकर सिक्सर्स की पारी को संभाला और फिलिप के साथ दूसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की, जो आखिरी ओवर में 57 गेंदों में 96 रन बनाकर आउट हो गए। डैनियल ह्यूजेस ने 25 रनों की पारी खेली। थंडर के लिए रीस टोपले ने तीन विकेट लिये। नाथन मैकएंड्रयू को दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी थंडर शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 45 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये।

### किसानों की आमदनी बढ़ाने को नई पहल : मुख्यमंत्री ने किया बुग्गावाला में 'मशरूम ग्राम' का शुभारंभ

# कम भूमि व कम जल में अधिक लाभ वाला उद्यम है मशरूम उत्पादन : धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर/ बुग्गावाला।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार जनपद के बुग्गावाला में एमबी फूड्स द्वारा विकसित 'मशरूम ग्राम' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने एमबी फूड्स की टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन कम भूमि, कम जल और कम समय में अधिक लाभ देने वाला प्रभावी उद्यम है, जिससे किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा स्वयं सहायता समूहों को भी आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'मशरूम ग्राम' मॉडल राज्य के अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा और कृषि आधारित उद्यमिता को नई दिशा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर



सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के 11 करोड़ किसानों को आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिसमें उत्तराखंड के लगभग 9 लाख किसान भी लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं से किसानों को व्यापक लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान मानधन योजना, मिलेट मिशन, बागवानी विकास मिशन, कृषि यंत्र सब्सिडी, बूंद-बूंद सिंचाई योजना और डिजिटल कृषि मिशन जैसी योजनाएं किसानों को सशक्त बना रही हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पाँच लाख रुपये करना किसानों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी किसानों के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। फार्म मशीनरी बैंक योजना के अंतर्गत कृषि उपकरणों पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी, तीन

❖मशरूम ग्राम से युवाओं, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा रोजगार
❖प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में ठोस प्रयास
❖उत्तराखंड में कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत सब्सिडी और तीन लाख तक ब्याजमुक्त ऋण



लाख रुपये तक ब्याजमुक्त ऋण तथा नहरों से मुफ्त सिंचाई की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पॉलीहाउस निर्माण हेतु 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत अब तक लगभग 350 पॉलीहाउस स्थापित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं खरीद पर प्रति क्विंटल 20 रुपये का बोनस, गन्ने के दामों में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि, नई सेब नीति, कीवी नीति, स्टेट मिलेट मिशन और ड्रैगन



फ्रूट नीति जैसी योजनाएं राज्य में कृषि और बागवानी को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही हैं। इसके साथ ही 'महक क्रांति' के माध्यम से सुगंध फसलों की खेती को बढ़ावा देकर हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड के माध्यम से राज्य के स्थानीय कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सभी प्रयासों से उत्तराखंड कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने बुग्गावाला और हरिद्वार क्षेत्र के नागरिकों से सरकार के प्रयासों में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से ही देवभूमि उत्तराखंड को कृषि सहित सभी क्षेत्रों में अग्रणी राज्य बनाया जा सकता है। इस अवसर पर कृषिमंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में सरकार के चार साल के कार्यकाल में कई कीर्तिमान स्थापित किए गये है स्वरोजगार से रोजगार की और कार्य हुआ है। कृषि एवं हॉर्टिकल्चर के माध्यम से प्रदेश को आगे ले जाने का काम किया जा रहा है एग्रीकल्चर के क्षेत्र में नयी क्रांति लायी है जिसमें एप्पल पॉलिसी, मिलेट्स पॉलिसी, ड्रैगन फ्रूट पॉलिसी आदि कार्य मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हुआ है कार्यक्रम में विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक ज्वालापुर रवि बहादुर, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद,पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल,राज्य मंत्री बलराज पासी,राज्य मंत्री जयपाल सिंह चौहान,राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी, जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा,प्रदेश महासचिव अनिल गोयल ,उपाध्यक्ष राज्य किसान आयोग अजीत चौधरी ,प्रदेश अध्यक्ष लघु उद्योग भारती विजय तोमर,एमबी फूड प्रोसेसिंग ग्रुप के संरक्षक मनमोहन भारद्वाज, विशाल भारद्वाज, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ, उप जिलाधिकारी भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी, एसपी देहात शेखर सुयाल, शिवा अग्रवाल, अनिल शर्मा सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय कृषक एवं एमबी फूड प्रोसेसिंग प्लांट बुग्गावाला के कर्मचारी मौजूद रहे।

# आईआईटी में क्वांटम एनर्जी व स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की के कन्वोकेशन हॉल में आज 69वीं डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी (डीएई) सॉलिड स्टेट फिजिक्स सिम्पोजियम (डीएई सएसपीएस 2025) का औपचारिक उद्घाटन किया गया। यह आयोजन सॉलिड स्टेट फिजिक्स, एडवांस्ड मैटीरियल्स तथा फ्रंटियर साइंटिफिक रिसर्च में उत्कृष्टता के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। यह प्रतिष्ठित सिम्पोजियम 19 से 23 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है और इसका आयोजन भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (बार्क), मुंबई द्वारा किया गया है। इसे बोर्ड ऑफ रिसर्च इन न्यूक्लियरसाइंसेज (बीआरएनएस), डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी (डीएई), भारत सरकार का प्रायोजन प्राप्त है। आईआईटी रुड़की इस आयोजन की मेजबानी राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ाने में अपनी निरंतर भूमिका के तहत कर रहा है। उद्घाटन सत्र में भारत के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों के वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रोफेसर कमल किशोर पंत, डायरेक्टर, आईआईटी रुड़की; डॉ. एस. एल. चापलोट,



फॉर्मर डायरेक्टर, फिजिक्स ग्रुप, बार्क; डॉ. डी. वी. उदुपा, एसोसिएट डायरेक्टर, फिजिक्स ग्रुप, बार्क; डॉ. डी. भट्टाचार्य, कन्वीनर, 69वीं डीएई-एसएसपीएस 2025 एवं हेड, एटॉमिक एंड मॉलीक्यूलर फिजिक्स डिवीजन, बार्क; डॉ. बी. के. असवाल, हेड, सॉलिड स्टेट फिजिक्स डिवीजन, बार्क; प्रोफेसर विवेक मलिक, लोकल कन्वीनर, 69वीं डीएई-एसएसपीएस 2025; प्रोफेसर जी. डी. वर्मा, डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स, आईआईटी रुड़की; प्रोफेसर रमेश चंद्र, इंस्टिट्यूट इंस्ट्रुमेंटेशन सेंटर, आईआईटी रुड़की; तथा डॉ. हिमाल भट्ट एवं डॉ. निरंजन एस. रामगिर्स, साइंटिफिक सेक्रेटरीज, 69वीं डीएई- एसएसपीएस 2025 शामिल रहे। अपने उद्घाटन संबोधन में प्रोफेसर कमल किशोर पंत ने सिम्पोजियम के राष्ट्रीय एवं वैश्विक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, "डीएई सॉलिड स्टेट फिजिक्स सिम्पोजियम भारत के सबसे प्रतिष्ठित और दीर्घकालिक साइंटिफिक फोरम्स में से एक है, जो लगभग सात दशकों से मैटीरियल साइंस और कंडेन्स्ड मैटर फिजिक्स में देश की क्षमताओं को आकार दे रहा है। आईआईटी रुड़की में इसके 69वें संस्करण की मेजबानी क्वांटम टेक्नोलॉजीज, क्लीन एनर्जी, एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स और स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स जैसी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आधार प्रदान करने वाले फंडामेंटल रिसर्च को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, साथ ही यह ग्लोबल साइंटिफिक प्रोग्रेस में भी सार्थक योगदान देती है।

# युवक से गाली गलौज मारपीट, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** एक व्यक्ति द्वारा शनिवार को थाने में तहरीर देकर चार लोगों पर अपने भतीजे के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम टिकोला थाना मंगलौर निवासी ओमकार सिंह द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका भतीजा रजत कुमार लखनोता चौराहा पर कुछ काम से गया था। उसी समय उसे सनी कुमार वंश कुमार लविश कुमार तथा पिंका सिंह निवासी ग्राम टिकोला कला थाना मंगलौर द्वारा चारों तरफ से घेर कर उसे गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर उक्त लोगों द्वारा उसके भतीजे के साथ जमकर मारपीट की गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।मैं भी वहां से कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान से सामान खरीद रहा था भतीजे के साथ मारपीट होते देख शोर मचा दिया। वहां पर लोगों को इकट्ठा होते देख मारपीट करने वाले उक्त लोग बाद में देख लेने तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बिना एचआरडीए परमिशन प्लाटिंग करने व पेड़ काटने पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** प्रभारी उद्यान सचल दल केंद्र नारसन द्वारा थाने में तहरीर देकर कस्बे में स्थित पेट्रोल पंप के पास ग्राम मानकपुर आदमपुर मार्ग पर कस्बा निवासी एक किसान द्वारा खेत में खड़े आम के पेड़ काटने तथा बिना एच आर डी ए की अनुमति के अवैध तरीके से आवासीय प्लाटिंग का कार्य करने का आरोप लगाते हुए खेत मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार प्रभारी उद्यान सचल दल केंद्र नारसन प्रताप सिंह द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि कस्बा झबरेड़ा निवासी किसान शेर सिंह पुत्र विक्रम सिंह द्वारा खेत में खड़े 6 आम के पेड़ों को बिना किसी अनुमति के काट दिए गए हैं। खेत में अभी भी 10 आम के पेड़ खड़े हुए हैं। उन्हें भी उक्त किसान किसी समय काट सकता है। उक्त किसान द्वारा अपने खेत में बिना एच आर डी ए कि अनुमति के तथा खेती की भूमि को बिना 143 आबादी दर्ज काराये बिना ही आवासीय प्लाटिंग करने का काम शुरू कर दिया गया है। उक्त किसान के खिलाफ संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाये। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### रुड़की व नारसन ब्लॉक में लगा बहुददेशीय शिविर

# समस्याएं सुनकर निस्तारण का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी/नासरसन।** जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत चौथे दिन जनपद के दो विकास खण्ड रुड़की नरसान के क्षेत्र न्याय पंचायत में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। दोनों बहुउद्देशीय शिविर में क्षेत्रीय जनता द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित्व 92 समस्याएं दर्ज कराई गई। दर्ज 92 समस्याओं से 33 का मौके पर किया गया है। निस्तारण शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी /सुविधाएं क्षेत्रवासियों को उपलब्ध कराई गई। जनपदवासियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में आज चौथे दिन विकास खंड रुड़की के न्याय पंचायत भौरी की ग्राम पंचायत भौरी में अपर जिलाधिकारी (वित्त) दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया बहुउद्देशीय शिविर। जन जन की सरकार जन जन के द्वार आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में क्षेत्रीय जनता द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 62 शिकायतें दर्ज कराई गई ,जिसमें से 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में अपर जिलाधिकारी (वित्त) ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शिविर के माध्यम से जिन शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाया है,उन शिकायतों का तत्परता



से निस्तारण करना सुनाश्चित करे इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जो मनसा है कि जन जन की सरकार जन जन के द्वार पर ही उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं सुविधा उन्हीं के द्वार पर उपलब्ध हो सके। बहुउद्देशीय शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उपलब्ध कराई गई सुविधा। राजस्व विभाग द्वारा 12 लोगों का आय/जाति स्थाई प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 16 के मनरेगा जॉब कार्ड जारी किए गए। पंचायत राज विभाग द्वारा 28 लोगों के जन्म प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर में संशोधन किया गया, कृषि विभाग द्वारा 06 लोगों को उद्यान कार्ड एवं बीज पौध वितरण किया गया, समाज कल्याण विभाग द्वारा 05 लोगों का पेंशन प्रकरण सत्यापन किया गया। इस शिविर में ग्राम प्रधान अभिषेक कुमार, ब्लॉक प्रमुख लुबना राव, तहसीलदार विकास अवस्थी, खंड विकास अधिकारी सुमन कुटियाल सहित संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

# लक्सर में बंदरों का आतंक, आमजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के बहादरपुर रेलवे क्रॉसिंग से लेकर डोशनी फ्लाई ओवर तक पूरे हाईवे पर बंदरों ने जैसे अपना कब्जा जमा लिया है। बंदरों की भारी तादाद न केवल राहगीरों के लिए खतरा बनी हुई है, बल्कि किसानों की लहलहाती फसलों को भी जमकर बर्बाद कर रही हैस्कूली बच्चों में दहशत का माहौलबंदरों के बढ़ते हमलों के कारण सबसे ज्यादा परेशानी छात्र-छात्राओं को हो रही है। अकेले स्कूल जाने में बच्चे इस कदर डरे हुए हैं कि उन्होंने रास्तों से गुजरना कम कर दिया है। अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा की चिंता सता रही हैपटाखे फोड़कर खाली कराया रास्ता

बीते रोज हुसैनपुर गांव के पास बंदरों के झुंड ने ग्रामीणों पर कई बार हमला करने की कोशिश की। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि ग्रामीणों को बंदरों को भगाने के लिए पटाखों का सहारा लेना पड़ा। घंटों की मशक्कत और पटाखे फोड़ने के बाद बंदरों ने गांव का रास्ता खाली किया। अब आलम यह है कि बंदर रिहायशी इलाकों और घरों तक पहुंच रहे हैं, जिससे लोग अपने ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं।वन विभाग की कार्यशैली पर उठे सवालग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग लक्सर को इस समस्या के बारे में बार-बार लिखित और मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। किसानों का कहना है कि एक तरफ खेती की लागत बढ़ रही है और दूसरी तरफ बंदर फसलों को तबाह कर रहे हैं, जिससे उन्हें भारीआर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द बंदरों को पकड़ने और इस आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# पुलिस ने एक वारटी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंगनहर पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार एक वारटी को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार द्वारा न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं को शत प्रतिशत तामिल करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक महोदय द्वारा टीम गठित की गई। जिसमें थाना हाजा से उप निरीक्षक नवीन कुमार मय कांस्टेबल कांस्टेबल लाल सिंह कांस्टेबल पवन मय वाहन सरकारी के रवाना शुदा थाना क्षेत्र में देखरेख शांति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध/ व्यक्ति छठें तामील में रवाना थे। दिनांक 19/12/2025 को अभियुक्त नौशाद पुत्र मोहम्मद हसन निवासी रामपुर डांडी रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार के मस्कन पर दबिश दी गई। अभियुक्त घर पर मौजूद मिला, अभियुक्त को कारण गिरफ्तारी बताकर गिरफ्तार किया गया।

### एआरटीओ ने चलाया स्कूल वाहनों के खिलाफ अभियान

# एक मारुति वैन, दो बाइक सीज, दो दर्जन चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** परिवहन विभाग के द्वारा स्कूल वैनों और दोपहिया वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान एक मारुति वैन और दो बाईकों को जप्त करने के साथ सीज किया गया। मारुति वैन स्कूल के बच्चों को लाने ले जाने का काम कर रही थी और उसमें न तो नंबर प्लेट थी और हालत भी खस्ता थी। परिवहन विभाग ने अभिभावकों को भी जागरूक होने की अपील की है।

एक स्कूल वैन का वीडियो प्रसारित किया गया था जिसमें एक वैन में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाया गया था,साथ ही उसमें आगे की नंबर प्लेट भी नहीं थी। गाड़ी की हालत भी ज्यादा अच्छी नहीं थी। वीडियो वायरल होने के बाद परिवहन विभाग हरकत में आया और केंद्रीय विद्यालय के समीप स्कूल वैनों की चेकिंग शुरू की। हालांकि इस दौरान स्कूल वैनों के चालक वैन को मौके पर छोड़कर गायब मिले। परिवहन विभाग ने मौके से एक वैन को जप्त किया जिसमें आगे पीछे नम्बर प्लेट नहीं थी और हालत बेहद खराब थी। परिवहन विभाग ने उसे जप्त कर सीज कर दिया। वहीं परिवहन विभाग कर्मियों द्वारा दोपहिया



वाहनों के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। जिसमें करीब 25 वाहनों के चालान काटे गए और दो बाईकों को सीज किया गया है। एआरटीओ कृष्ण कुमार पलड़िया ने बताया कि इस प्रकार के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# लक्सर बहुउद्देशीय शिविर में सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम महतोली में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना रहाशिविर के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक संजय गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में ठक० लक्सर प्रवीण भट्ट, उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल सहित 28 विभागों के अधिकारी शिविर में उपस्थित रहे।शिविर के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने अलग-अलग काउंटर लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 30 शिकायतों का पंजीकरण किया गया, जिनमें सेअधिकांश शिकायतें राशन कार्ड, स्वामित्व योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित रहीं। अधिकारियों ने अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए।राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। इसी उद्देश्य से गांव-गांव शिविर लगाकर समस्याओं का



समाधान किया जा रहा है। उन्होंनेअधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। वहीं उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल ने बताया कि ऐसे शिविरों से न केवल समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है, बल्कि लोगों में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की सराहना की।शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीणों में संतोष और उत्साह देखने को मिला।



गोवा। स्थानीय निकाय चुनावों में वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत व उनका परिवार।

## ढाका में सुपुर्द-ए-खाक किए गए उस्मान हादी, नमाज-ए-जनाजे में शामिल हुए यूनुस

**ढाका।** ढाका में उस्मान हादी के नमाज-ए-जनाजे के बाद उन्हें ढाका में ही दफन किया गया है। बता दें कि करीब एक हफ्ते पहले एक जनसभा के दौरान उन्हें गोली मारी गई थी और सिगापुर में पांच दिन के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद बीते दिन उनका शव ढाका लाया गया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी छात्र नेता उस्मान हादी के नमाज ए जनाजा में शामिल हुए। इस दौरान सराकर के वरिष्ठ अधिकारी और हजारों लोग भी मौजूद रहे।

# बंगलादेश में गहराता संकट, लंबी निष्क्रियता का परिणाम

## कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव, पड़ोसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा

**नई दिल्ली।** बंगलादेश में भीड़ की हिंसा, सत्ता का कमजोर होना और कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव इस बात की ओर इशारा करते हैं कि यह पघेसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा है।



■ इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल हो गया था गरम

मैमनसिह के भालुका में फैक्ट्री मजदूर दीपु चंद्र दास की भीड़ द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में हत्या किया जाना कानून और सार्वजनिक व्यवस्था के पतन को दर्शाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनके शव को जलाने का प्रयास और उसके बाद की अराजकता इस बात की ओर संकेत करती है कि समाज में भय ने संस्थानों पर हावी होना शुरू कर दिया है। यह हिंसा कोई अलग घटना नहीं है। इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल गरम हो गया था। कट्टर समूहों, चरमपंथी नेटवर्क और अवसरवादी राजनीतिक तत्वों ने अनिश्चितता और प्रशासनिक जड़ता का लाभ उठाया है। पुलिस की प्रतिक्रिया इन मामलों में कमजोर रही है और ये आरोप लगते रहे हैं कि सुरक्षा बलों को हिंसक भीड़ के खिलाफ कार्रवाई न करने के निर्देश दिए गए थे। कई मामलों में, कानून लागू करने वाली एजेंसियां खुले हमलों के बावजूद निष्क्रिय रहीं। संकट अब गंभीर बाहरी स्वरूप भी ले चुका है। चटगांव में भारतीय दूतावास पर हमले और ढाका, खुलना और राजशाही में भारतीय मिशनों की ओर रैली के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय नियमों को सीधे चुनौती देते हैं। ये घटनाएँ दिखाती हैं कि भारत विरोधी भावनाओं का इस्तेमाल इस क्षेत्र को अस्थिर करने और भारत के पूर्वी हिस्से को कमजोर करने की रणनीति के रूप में किया जा रहा है। अल्पसंख्यक समुदाय, विशेषकर हिंदू, फिर से धमकियों, हिंसा और सामाजिक दबाव का सामना कर रहे हैं। भारत विरोधी नारों और संगठित दुश्मनी से यह स्पष्ट होता है कि यह स्वाभाविक अशांति नहीं, बल्कि वैचारिक रूप से संगठित आंदोलन है। कट्टर इस्लामी संगठन आत्मविश्वास हासिल कर चुके हैं, व्यापारिक गति. विधियां धीमी हो गई हैं और कई क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पादन बाधित हुआ है। ये सभी संकेत गहरे संरचनात्मक संकट के हैं। भारत की स्थिति पिछले साल की लंबी निष्क्रियता के कारण और नाजुक हो गई है। उस समय जब बंगलादेश के बड़ी आबादी को यह उम्मीद थी कि भारत स्थिरता और सुधार में मदद करेगा, तब भारत ने अधिकतर सतर्क रुख अपनाए रखा। निर्णायक हस्तक्षेप की कमी ने वह खाली स्थान पैदा किया जिसे कट्टर ताकतों ने तेजी से भर लिया। बंगलादेश की विफलता केवल राजनीतिक दलों या नागरिक संस्थाओं के कारण नहीं है। इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार सेना है। जब जनता की सुरक्षा और संवैधानिक व्यवस्था सीधे तौर पर खतरे में थी, तब बंगलादेश की सेना ने बार-बार हस्तक्षेप ना करने का विकल्प चुना। भीड़ ने शेख हसीना के आवास पर हमला करने का प्रयास किया, तब भी सेना निष्क्रिय रही। भारी हिंसा के दौरान, अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले के बावजूद सेना चुप रही।

## तोशाखाना केस में पाकिस्तान की अदालत ने सुनाया फैसला

# इमरान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की जेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ओर उनकी पत्नी बुशरा बीबी को राज्य के लग्जरी उपहारों की कम कीमत पर खरीद से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में शनिवार को 17 साल की कैद की सजा सुनाई। विशेष केंद्रीय न्यायाधीश शहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी की अति सुरक्षा वाली अदियाला जेल के अंदर आयोजित सुनवाई के दौरान सुनाया। खान इसी जेल में बंद हैं। अभियोजन के अनुसार, मामला मई 2021 में आधिका. रिक दौरे के दौरान सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा खान को उपहार में दी गई महंगी बुलगारी ज्वेलरी सेट से संबंधित है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के रिपोर्ट के अनुसार, ज्वेलरी की कीमत लगभग 80 मिलियन रुपये थी, कथित तौर पर खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई, जो इसकी मूल्यांकन कीमत का एक छोटा हिस्सा थी। अदालत ने खान को कुल 17 साल की कैद की सजा सुनाई, जिसमें पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 34 (साझा इरादा) और 409 (आपरा. धिक विश्वासघात) के तहत 10 साल की कठोर कैद, तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 5(2) के तहत अतिरिक्त सात साल शामिल हैं। सुबुशरा बीबी को भी इसी कानूनी प्रावधानों के तहत समान सजा दी गई है। दोनों पर 16. 4 मिलियन रुपये जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना न चुकाने पर अतिरिक्त कैद होगी। अदालत ने दंड प्रक्रिया सं. हता की धारा 382-बी का लाभ दिया, जिससे पहले से काटी गई हिरासत की अवधि सजा में गिनी जाएगी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उसने खान की उम्र और सुबुशरा बीबी के महिला होने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें 'उदार' सजा दी। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा कि खान की तोशाखाना मामले में सजा उनकी वर्तमान सजा पूरी होने के बाद शुरू होगी। इस बीच पीटीआई ने फैसले की कड़ी आलोचना की और इसे 'कंगारू कोर्ट' का परिणाम बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी ने दावा किया कि खान के परिवार को सुनवाई में शामिल होने से रोका गया और जेल में बंद दरवाजे वाली सुनवाई को 'न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष' बताया, इसे सैन्य मुकदमे से तुलना की। पीटीआई नेताओं ने तर्क दिया कि मामले में विश्वसनीय सबूतों की कमी थी और यह कमजोर गवाहियों पर आधारित था, जबकि अयूब ने कहा कि फैसला पाकिस्तान में कानून के शासन की अनुपस्थिति को दर्शाता है। खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया कि फैसला पहले से तय था और जल्दबाजी में सुनाया गया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने समय और प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाए तथा सुबुशरा बीबी की कथित अवैध एकांत कारावास के बारे में चिंता जताई। खान और सुबुशरा ने सभी आरोपों से लगातार इनकार किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ मामले राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं और सार्वजनिक जीवन से अयोग्य ठहराने के उद्देश्य से हैं। गौरतलब है कि अप्रैल 2022 में सत्ता से हटाए जाने के बाद से खान कई कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों के अलावा वह 09 मई 2023 के हिसक प्रदर्शनों से संबंधित आतंकवाद निरोधक अधि. नियम के तहत भी मुकदमों का सामना कर रहे हैं।वह अगस्त 2023 से जेल में हैं और वर्तमान में अलग 190 मिलियन पाउंड के भूमि भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। सुबुशरा बीबी भी इसी मामले में सात साल की सजा काट रही हैं।



■ कोर्ट ने 16.40 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया, 2 करोड़ की घड़ी को 5 लाख का बताया था ■ ज्वेलरी की कीमत 80 मिलियन रुपये थी, इमरान खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस समेत दो ट्रेनों को बनाया निशाना

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध विद्रोहियों ने रेल पटरियों को निशाना बनाकर बम धमाके किए, जिससे जाफर एक्सप्रेस समेत दो यात्री ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। इन धमाकों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा और ट्रेन सेवाएं अस्थाई रूप से बाधित करनी पड़ीं। क्वेटा के सीनियर सुपरिंटेंडेंट आफ पुलिस (एसएसपी) शाहिंद नवाज ने बताया कि शुक्रवार को मुश्काफ इलाके में हुए एक बम धमाके से रेलवे ट्रैक का लगभग तीन फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, दाश्त क्षेत्र में हुए एक अन्य धमाके में भी पटरियों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इन दोनों घटनाओं में जाफर एक्सप्रेस और बोलन मेल यात्री ट्रेनों को निशाना बनाया गया था। धमाकों के बाद मुख्य रेल लाइन पर ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से क्वेटा से पाकिस्तान के अन्य प्रांतों की ओर जाने वाली ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। एसएसपी नवाज ने कहा कि शनिवार से क्वेटा से चलने वाली सभी यात्री ट्रेनों के समय-सारिणी को सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। क्वेटा से बाहर जाने वाली सभी ट्रेनों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा चिंताओं के बीच शनिवार को जाफर एक्सप्रेस की एक विशेष सेवा को पेशावर के लिए रवाना होने की अनुमति दी गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह विशेष सेवा चलाई गई, जबकि सामान्य ट्रेन सेवाएं सुरक्षा मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

## भारत-नीदरलैंड ने संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत और नीदरलैंड की ओर से शुक्रवार को इस बारे में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत-नीदरलैंड संयुक्त व्यापार और निवेश समिति (जेटीआईसी) की स्थापना दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के माध्यम से किये गए इस समझौता ज्ञापन की औपचारिक घोषणा नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील की भारत यात्रा और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक के अवसर पर की गई। इस समझौता ज्ञापन में व्यापार और निवेश संबंधी मामलों पर नियमित संवाद और सहयोग के लिए एक औपचारिक संस्थागत ढांचा, संयुक्त व्यापार आयोग (जेसीआई सी) की स्थापना का प्रावधान है। आयोग द्विपक्षीय व्यापार संबंधों की समीक्षा करने, दोनों पक्षों के बीच निवेश को बढ़ावा देने, निवेश और व्यापार संबंधी बाधाओं को दूर करने और पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों की संभावना तलाशने के लिए एक समर्पित तंत्र के रूप में कार्य करेगा।

■ समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी-बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी

समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी-बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी, जिससे संस्थागत स्तर पर निरंत. रता और सतत सहयोग सुनिश्चित होगा। जेटीआईसी की सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक (विदेश आर्थिक संबंध) करेंगे। इसमें दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे जिनमें सरकारी अधिकारी और नामित अन्य सदस्य होंगे।

## वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव आयाः एस. जयशंकर

**पुणे।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा है कि वैश्विक आर्थिक और राजनी. तिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं।

पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्जी थोप नहीं सकता। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संत. ुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार, ऊर्जा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं। यह इसे एक खास तौर पर जटिल बनाते हैं। जयशंकर ने कहा कि यह पहच. ानना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जयशंकर ने कहा कि हमारे जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अगर तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, तो उसे महत्वपूर्ण और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग विकसित करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा जब मैं आपके समय में था, तब दुनिया अलग थी और कम जटिल थी, लेकिन दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी है और हमारे समाज और देश में भी बदलाव हुए हैं। अब नई पीढ़ी पर जिम्मेदारी है कि वे विकसित भारत की जिम्मेदारी लें।श बांग्लादेश के हालात पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश बनने के कुछ साल बाद, हमारे सामने पाकिस्तान के साथ-साथ पश्चिम और चीन भी थे।



■ अब कोई मर्जी नहीं थोप सकता, भारतीय विदेश मंत्री का दावा-ताकत के कई केंद्र उभरे

## सूडान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर ड्रोन हमलों की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान में संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे पर पिछले सप्ताह हुए ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा की, जिसमें छह बंगलादेशी शांति सैनिक मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने प्रेस विज्ञप्ति में शहीद शांति सैनिकों के परिवारों और बंगलादेश सरकार और जनता के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। ड्रोन हमले शनिवार को सूडान के दक्षिण कोर्डोफान राज्य के कडुगली में हुए। परिषद के सदस्यों ने संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे और अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल के शांति सैनिकों पर जानबूझकर किए गए इस हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में सबसे बड़ा खुलासा

## लड़कियों के साथ हॉट-टब में नहाते दिखे क्लिंटन, माइकल जैक्सन की भी तस्वीरें

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग ने यौन अपराध दोषी जेफरी एपस्टीन की जांच से जुड़े दस्तावेजों और तस्वीरों का एक नया सेट जारी किया। यह कदम महीनों के राजनीतिक दबाव और 'एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट' के पारित होने के बाद उठाया गया है। सामग्री का एक बड़ा हिस्सा अभी भी भारी रूप से संपादित है। जारी की गई फाइलों में ऐसी तस्वीरें और रिकॉर्ड शामिल हैं जो एपस्टीन को बिल क्लिटन, गिस्लेन मैक्सवेल और पॉप स्टार माइकल जैक्सन जैसी हाई-प्रोफाइल हस्तियों के साथ सामाजिक समारोहों में दिखाते हैं। सीएनएन के अनुसार, दस्तावेजों में दिखाई देने वाले अन्य उल्लेखनीय व्यक्तियों में मिक जैगर, वुडी एलन और नोआम चॉम्स्की शामिल हैं। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित नए कानून के तहत प्रकाशित इन फाइलों के लिए एपस्टीन और उनकी लंबे समय तक सहयोगी रही गिस्लेन मैक्सवेल से जुड़े 'गैर-वर्गीकृत' रिकॉर्ड जारी करना आवश्यक है। इन दस्तावेजों के बड़ी संख्या के होने के कारण चरणबद्ध तरीके से खुलासे किए जा रहे हैं। मैक्सवेल को 2021 में किशोर लड़िकयों की तस्करी में सहायता करने का दोषी ठहराया गया था और वह वर्तमान में 20 साल की जेल की सजा काट रही है। शाम लगभग 7 बजे विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई नई सामग्रियों में लगभग 120 तस्वीरें शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर तस्वीरें एफबीआई के सबूत बक्सों, लिफाफों, हार्ड ड्राइव, पुरानी सीडी और फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और अमेरिकी वर्जिन आइलैंड्स में एपस्टीन की संपत्तियों से बरामद कंप्यूटर उपकरणों को दिखाती हैं। पीड़ितों और चल रही जांच की सुरक्षा के लिए दस्तावेजों को भारी रूप से संपादित किया गया है। न्याय विभाग के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिटन की एक हॉट टब वाली तस्वीर में एक व्यक्ति का चेहरा छुपा दिया गया था ताकि पीड़ित व्यक्ति की पहचान की रक्षा की जा सके। एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट हालांकि विभाग को कुछ जानकारी संपादित करने की अनुमति देता है, लेकिन कुछ तस्वीरों में बिना किसी स्पष्टीकरण के एक बुजुर्ग व्यक्ति सहित अन्य व्यक्तियों के चेहरों को धुंधला दिखाया गया है। डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांच ने कहा कि विभाग व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य पीड़ितों की जानकारी, बाल यौन शोषण सामग्री, वर्गीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा सामग्री, या ऐसी जानकारी के लिए संपादन बरकरार रखेगा जो सक्रिय जांच को खतरे में डाल सकती है।



■ 7 सेट में 3 लाख दस्तावेज जारी

# सीरिया में आतंक के अड्डों पर अमेरिकी वॉर

## ट्रम्प के आदेश पर 70 ठिकानों पर हवाई हमले

**वाशिंगटन।** सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ अमेरिका ने बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। अमे. रिकी सैनिकों और एक अमेरिकी दुभाषिये की मौत के बाद ट्रम्प प्रशासन ने बदले की कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को सीरिया में आईएस ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए।

अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है कि यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा कि ये युद्ध की शुरुआत नहीं, हमारा बदला है। लगभग एक हफ्ते पहले सीरिया के रेगिस्तानी इलाके में हुए घातक हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक दुभाषिया मारे गए थे। इस हमले के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सीधे तौर पर इस्लामिक स्टेट को जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद ट्रम्प ने बेहद सख्त कार्रवाई का ऐलान किया था। उसी कड़ी में अमेरिकी सेना ने सीरिया के मधय हिस्सों में आईएस के ठिकानों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया। अमे. रिकी अधिकारियों के अनुसार यह हमला बड़े पैमाने पर किया गया। सीरिया के अलग-अलग इलाकों में आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन ठिकानों में आईएस का बुनियादी ढांचा, हथियार भंडारण केंद्र और आपरेशन से जुड़े ठिकाने शामिल थे। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में और हमले भी हो सकते हैं। अमेरिका रक्षा मंत्री ने कहा कि ये किसी युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने कहा कि दुनिया में कहीं भी अमेरिकियों को निशाना बनाने वालों को ढूंढकर खत्म किया जाएगा। अमेरिकी बयान में दावा किया गया कि इस अभियान में बड़ी संख्या में दुश्मन मारे गए हैं और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अमेरिकी सेना ने इस हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। एफ-15 ईगल लड़ाकू विमान, ए-10 थंडरबोल्ट ग्राउंड अटैक एयरक्राफ्ट और एएच-64 अपाचे हेलिकाप्टर हमले में शामिल रहे। इसके अलावा जार्डन से उड़ान भरने वाले एफ-16 लड़ाकू विमान और हिमार्स राकेट आर्टिलरी सिस्टम का भी इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेना ने जमीन और हवा से एक साथ कार्रवाई कर आईएस को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि यह युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि जो भी आतंकवादी अमेरिकियों पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे पहले से कहीं ज्यादा कड़ी मार झेलनी पड़ेगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कभी पीछे नहीं हटेगा।



■ अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है: यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है

## काहिरा में गाजा शांति योजना के अगले चरण पर चर्चा की

**काहिरा।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और मिस्र में उनके समकक्ष बद्र अब्देलात्ती ने शुक्रवार को काहिरा में बातचीत की और दोनों नेताओं के बीच वार्ता का मुख्य केन्द्र बिंदु गाजा शांति योजना के दूसरे चरण के कार्यान्वयन पर था। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अब्देलात्ती ने कहा कि मिस्र इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास जारी रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह योजना निकट भविष्य में अपने अगले चरण में प्रवेश करेगी। प्रस्तावित कदमों में गाजा पट्टी से इजरायली सैनिकों की वापसी, शांति-रक्षक बलों की तैनाती और क्षेत्र के प्रशासन के लिए एक नागरिक समिति का गठन शामिल है।

## ओडेसा बंदरगाह पर रूसी मिसाइल हमला

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा के बंदरगाह ढांचे पर शुक्रवार देर रात रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, हमले के केंद्र के पास एक बस में सवार कुछ लोग भी घायल हुए।

बंदरगाह के पार्किंग क्षेत्र में खड़े ट्रकों में आग लग गई, जबकि कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि बंदरगाह को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया गया। रूस की ओर से इस हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की गई। हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह कहा कि पिछले एक दिन में उसने यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे परिवहन और भंडारण ढांचे के साथ-साथ ऊर्जा प्रतिष्ठानों और कीव के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने वाली सुविधाओं पर हमले किए। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने रूस की एक तेल ड्रिलिंग प्लेटफार्म, एक सैन्य गश्ती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। बयान के मुताबिक, शुक्रवार रात हुए हमले में रूसी गश्ती जहाज ओखोत. निक को क्षति पहुंची।

■ आठ लोगों की मौत और 27 घायल, जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन ने किए ड्रोन हमले



# जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर को हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह में उनकी फिल्म होमबाउंड के लिए एक्टर ऑफ द ईयर फीमेल के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। भारत की ओर से ऑस्कर 2026 के लिए आधिकारिक एंट्री रही होमबाउंड ने इंटरनेशनल फीचर फिल्म की कैटेगरी में टॉप 15 फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। इस फिल्म में विशाल जेठला, ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर ने अहम भूमिका निभाई है फिल्म समीक्षकों से भरपूर सराहना बंटोरने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल कर चुकी इस फिल्म के लिए जान्हवी कपूर को मिला यह सम्मान उनके अभिनय करियर में न सिर्फ एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि ग्लोबल सिनेमा में जाह्नवी की मजबूत की मौजूदगी को और पुख्ता करती है। जाह्नवी कपूर ने अवॉर्ड जीतने के बाद इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, इस बेहद खास फिल्म के सफर में मैंने बहुत कुछ सीखा, लेकिन जो सबसे खास बात मुझे लगी वो है कि किसी को भी जज करने से पहले हम अपने पूर्वाग्रहों के बोझ से निकलें और वे जैसे हैं, उन्हें उसी तरह देखें। हालांकि मैं दूसरों से भी यही उम्मीद करती हूं कि मेरे बारे में कोई भी पूर्वाग्रह रखने या राय बनाने से पहले वे स्थिति का सही आकलन करें। मैं समझती हूं यही एक ऐसा उपहार है, जो हम बतौर इंसान एक-दूसरे को दे सकते हैं। जाह्नवी कपूर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करने और अपने अभिनय को मिले इस घस पहचान के लिए उन्होंने एनडीटीवी को भी धन्यवाद दिया है। जाह्नवी कपूर ने इस खास फिल्म के लिए अपनी पोस्ट में निर्देशक नीरज घेवान के प्रति भी आभार जताते हुए उन्हें प्यार से सबसे बेहतरीन निर्देशक और ह्यूमन टेडी कहा है। अपनी पोस्ट के जरिए जान्हवी ने यह भी बताया है कि होमबाउंड को भारत में मिला यह पहला अवॉर्ड है। हालांकि इन दिनों नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही फिल्म होमबाउंड के लिए जाह्नवी को मिला यह सम्मान न सिर्फ उनके अभिनय करियर सफर को और मजबूत करता है, बल्कि भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा, दोनों में अपनी एक भरोसेमंद और अर्थपूर्ण पहचान बनाने में कारगर भूमिका भी निभा रहा है।

## कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं : अनुपम खेर

**मुंबई।** चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं और वह उनके अभिनय के प्रशंसक रहे हैं। कमल हासन और अनुपम खेर की दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर अचानक मुलाकात हो गई। अनुपम खेर ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। अनुपम खेर इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक कमल हासन जी से मिलकर बेहद खुशी हुई।

# इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना संतोषजनकः सुम्बुल



**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से संतोषजनक रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अन्विता सुम्बुल तौकीर खान के सफर को दर्शाता है, जहां वह केवल अस्तित्व बचाने की लड़ाई से आगे बढ़कर अपने जीवन पर नियंत्रण पाना शुरू करती है। संजय (ऋषि सक्सेना) की बढ़ती असुरक्षा और विराट रजत वर्मा की अनसुलझी मौजूदगी के बीच फंसी अन्विता, अब विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा फारुख सईद के आने से नई चुनौतियों का सामना कर रही है। अन्विता के सामने अब ऐसे विकल्प हैं जो उसकी सहनशक्ति और रिश्तों की परीक्षा लेंगे। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अन्विता पर्सी कैफे की जिम्मेदारी संभालती है, जो उसके बढ़ते आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को दर्शाता है। हालांकि, यह संजय के साथ संघर्ष का कारण बनता है, जिसकी असुरक्षा तब और गहरी हो जाती है जब वह अन्विता के पर्सनल डेवलपमेंट को गलत समझता है। विराट की निरंतर उपस्थिति से खुद को असुरक्षित महसूस करता है। एक भव्य पार्टी के साथ विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा की एंट्री होती है। ड्रामा तब और बढ़ जाता है जब विराट बताता है कि उसने कैफे की प्रॉपर्टी खरीद ली है।

वह अन्विता को वहां से निकालने की धमकी देता है। क्या अन्विता की यह नई ताकत उसके सपनों और रिश्तों दोनों को बचाने के लिए काफी होगी? सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अन्विता के लिए यह दौर बेहद शक्तिशाली है क्योंकि यह केवल परिस्थितियों से लढ़ने के बजाय वास्तव में अपने जीवन की कमान संभालने की ओर उसके बदलाव को दर्शाता है। इस सफर को जो बात जटिल बनाती है, वह यह है कि उसकी तरक्की को उसके करीबी लोग ही गलत समझते हैं। उसे चुनौती देते हैं। इस बदलाव के दौरान अन्विता का किरदार निभाना, जहां वह भावुक भी है, दृढ़ निश्चई भी और अपनी जमीन बचाना सीख रही है, भावनात्मक रूप से काफी गहन और संतोषजनक रहा है। दर्शक उसे ऐसे रूप में उभरते हुए देखेंगे जिसकी उन्हें उम्मीद नही होगी।
इत्ती सी खुशी, हर सोमवार से शनिवार नौ बजे, प्रसारित होता है।

## धुरंधर ने भारतीय बाजार में 460 करोड़ रुपये की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में दो सप्ताह में 460 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।इस फिल्म में रणबीर सिह और अक्षय खन्ना के अभिनय की जमकर तारीफ हो रही हैं। फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार धमाल मचा रही है।

## एकता कपूर ने बताई क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप की वजह



**मुंबई।** टेलीविजन क्वीन एकता कपूर ने स्टार प्लस के सबसे लोकप्रिय शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में आए बहुचर्चित लीप पर अपनी बात रखी है। एकता कपूर ने इस बड़े बदलाव के पीछे की सोच को साफ करते हुए बताया कि कहानी को किस दिशा में ले जाया जा रहा है। एकता कपूर का कहना है कि यह लीप किसी ड्रामैटिक अंत के लिए नही, बल्कि भावनाओं की सच्चाई को दिखाने के लिए लाया गया है। एकता कपूर ने बताया कि शो में लीप लाने का फैसला इस सोच से लिया गया कि समय के साथ रिश्ते कैसे बदलते हैं। उनके लिए यह कोई पुराने सफर का अंत नही है, बल्कि ज़िदगी की तरह एक आगे बढ़ने की प्रक्रिया है। जैसे असल ज़िदगी में रिश्तों में समय के साथ दूरी आती है, भावनाएं बदलती हैं और उनके मायने नए हो जाते हैं, वैसे ही इस लीप के ज़रिए कहानी को आगे बढ़ाया जा रहा है। एकता कपूर कहा, एक कहानीकार के तौर पर मेरे लिए क्योंकि सास भी कभी बहू थी हमेशा से रिश्तों को समय के साथ बढ़ते, टूटते और बदलते हुए दिखाने की कहानी रही है।

जब मैंने कहानी में लीप लाने के बारे में सोचा, तो मेरा मकसद कभी भी किसी चैप्टर को खत्म करना नही था, बल्कि कहानी को अपने किरदारों के साथ सांस लेने और आगे बढ़ने का मौका देना था। मैं लंबे रिश्तों की हकीकत दिखाना चाहती थी कि प्यार समय के साथ कैसे अपना रूप बदलता है, गलतफहमियां कैसे जख्म छोड़ जाती हैं और कैसे भावनात्मक दूरी धीरे-धीरे ज़िदगी में जगह बना लेती है।

# 2026 में बड़े पर्दे पर जलवा बिखेरेंगी नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां

**मुंबई।** वर्ष 2026 में अभिनता-अभिनेत्रियों की नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियां सिल्वर स्क्रीन पर जलवा बिखरती नजर आयेंगी। वर्ष 2026 में फिल्ममेकर नए प्रयोग कर रहे हैं और दर्शक भी कुछ अलग, ताज़ा और असरदार देखना चाहते हैं, यही वजह है कि वे सिनेमा प्रेमियों के लिए कई नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां लेकर आ रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियों के बारे में, जिनके न सिर्फ चर्चा बटोरने की संभावना है, बल्कि अपनी केमिस्ट्री और एनर्जी से बड़े पर्दे पर अपनी खास पहचान छोघ्ने की भी संभावना है। अनुराग बसु की अनटाइटल्ड म्यूज़िकल फिल्म कार्तिक के इंटेंस चार्म और लीला की जीवंत एनर्जी वाली यह जोड़ी, न सिर्फ मास ऑडियंस के लिए बनी हाई-एनर्जी जोड़ी है, बल्कि म्यूजिकल और विजुअल ट्रीट को ब्लॉकबस्टर बनाने का दम भी रखती है। क्राफ्ट और वर्सेटिलिटी की पावर-पैक जोड़ी यानी सिद्धांत चतुर्वेदी और वामिका गब्बी पहली बार दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग के साथ आने जा रही हैं। माना जा रहा है कि सिद्धांत का अनप्रेडिक्टेबल अंदाज और वामिका की गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति मिलकर एक शांत लेकिन बेहद असरदार केमिस्ट्री बनाएंगी।

सिद्धांत चतुर्वेदी - मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म दो दीवाने शहर में नजर आएगी। संवेदनशीलता, गहराई और युवा ऊर्जा से भरपूर यह जोड़ी भावनात्मक कहानी में रची बसी फिल्म दो दीवाने शहर में में खूब जंच. ेगी, ऐसी चर्चा है क्योंकि यह दोनों कलाकार अपने किरदारों में सच्चाई लाने के लिए जाने जाते हैं। हालांकि फिल्म के पोस्टर और एनिमेटेड टीजर को देखकर यह संभावना और प्रबल हो गई है। फिल्म पेड्डी में राम चरण के करिश्माई अवतार और जान्हवी की सॉफ्ट ग्रेस को अगर नॉर्थ और साउथ सिनेमा का दमदार संगम कहें तो गलत नही होगा। ऐसे में यह जोड़ी वर्ष 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित जोड़ियों में शामिल हो चुकी है। वरुण धवन-मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नजर आएगी। इसमें दो राय नही है कि वरुण धवन और मृणाल ठाकुर, स्टारडम और सशक्त अभिनय का संगम है। वरुण की एनर्जी और मृणाल की भावनात्मक सच्चाई इस जोड़ी को रोमांस से लेकर ड्रामा तक हर जॉनर में असरदार बनाती है। इसी फिल्म में वरुण धवन - पूजा हेगड़े की भी जोड़ी है।

भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
10 किमी0 रूडकी रोड, पोस्ट- बरला मुज़फ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251307

दिनांक- 19/12/2025

निम्नलिखित विभागों में रिक्त पदों पर प्रोफेसरों, रीडर, प्रवक्ता की आवश्यकता है:

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्थान हॉस्पिटल | मेडिकल सुपरीटेंडेंट (Clinical Subject में पी0जी0 एवं 10 साल का अनुभव) | 1 |
| 1 | स्वस्थवृत्त विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 2 | स्त्री प्रसूति विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 3. | कौमारभृत्य विभाग | प्रोफेसर, लेक्चरर | 1 |
| 4. | पंचकर्म विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 5. | शालाक्य तंत्र | रीडर | 1 |

उपरोक्त सभी विभागों में NCISM नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार नियुक्ति की जाएगी। तथा वेतनमान संस्थान के द्वारा निर्धारित नियमानुसार जिसमे राज्य सरकार के नियमो को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना **बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों** की दो प्रतियाँ तथा **पासपोर्ट साइज** फोटो के साथ ईमेल/डाक या स्वयं के माध्यम से संस्थान में आवेदन करें।

पताः भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
ईमेलः 2009AYU0260@GMAIL.COM
संपर्कः 9084681283 / 7517248038

भवदीय
(डॉ. राहुल साहेबराव दलवी)
प्राचार्य/अधीक्षक

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

